You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-160 ❑ शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश में हाइवे और सड़कों का एक ऐसा मजबूत नेटवर्क तैयार किया है, जिससे भारत की समृद्धि, खुशहाली और तरक्की तेजी से आगे बढ़ी है। ओम बिरला


भारत, रूस ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की 11
पुरानी दिल्ली को संरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करेगा आईवीपीएन 12


## संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में अब हर किताब की होगी जांच

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में विवादित किताब मिलने के बाद अब सभी पुस्तकों की जांच करने के आदेश दिए गए हैं, ताकि यह पक्का किया जा सके कि इसमें गलत या आपत्तिजनक कंटेंट न हो। एक सर्कुलर में कहा गया है कि स्कूल शिक्षा निदेशालय, कश्मीर (डीएसईके) के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सरकारी स्कूलों, मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों के सभी प्रमुखों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में मौजूद सभी किताबों (हाल ही में खरीदी गई या पुरानी किताबें) की पूरी जांच करें। इसमें ऑफिस, क्लासरूम, स्टाफ रूम और स्कूल लाइब्रेरी भी शामिल हैं। सर्कुलर में कहा गया है कि अगर कोई आपत्तिजनक कंटेंट मिलता है, तो संस्थान के प्रमुख को एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करनी होगी। इस रिपोर्ट में किताब से जुड़ी जानकारी, जैसे उसका टाइटल, छपने का साल, लेखक और प्रकाशक का नाम और ऐसी कितनी किताबें मिली हैं, शामिल होनी चाहिए। इसमें यह भी कहा गया है कि निर्देशों का पालन न करने पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह कदम जम्मू-कश्मीर के शिक्षण संस्थानों में देश-विरोधी और अलगाववादी कंटेंट वाली कुछ किताबों और साहित्य के बंटवारे के बाद उठाया गया है।

### सुष्मिता देव समेत तीन पूर्व सांसद भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** पूर्व राज्यसभा सदस्य सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बारिक गुरुवार को कोलकाता में भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य की मौजूदगी में इन तीनों नेताओं को पार्टी में शामिल किया गया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद देव, राय और बारिक ने पिछले महीने राज्यसभा और तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था।

### धामी ने वैष्णव से उत्तराखंड रेल परियोजनाओं पर की चर्चा

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य में रेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, रेल संपर्क विस्तार तथा राज्य की महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व तथा जनहित की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रस्ताव केंद्रीय रेल मंत्री के समक्ष रखे। उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा, हरिद्वार एवं ऋषिकेश के धार्मिक स्थलों, योग एवं आध्यात्मिक पर्यटन तथा आगामी अर्ध कुम्भ-2027 के आयोजन के दृष्टिगत प्रतिवर्ष देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु एवं पर्यटक राज्य में पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती यात्री संख्या एवं पर्यटन गतिविधियों को देखते हुए राज्य में आधुनिक, सुदृढ़ एवं सुविधाजनक रेल नेटवर्क का विस्तार समय की आवश्यकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर की गूंज पूरी दुनिया ने सुनी : पीएम

## विकसित बनने की दिशा में तेजी से बढ रहा है भारत , चिप से लेकर शिप तक विनिर्माण का इकोसिस्टम : मोदी

एजेंसी

मेलबर्न। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों तीन दिवसीय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। उन्होंने गुरुवार को मेलबर्न में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस मेगा शो में 30 हजार भारतीय शामिल हुए। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का एक बार फिर जिक्र किया है। पीएम ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों पर हुए धमाकों की गूंज पूरी दुनिया ने सुनी।

भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डेमो तो देख ही लिया होगा, धमाके पड़ोसियों पर हो रहे थे और गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही थी। आतंकी कैंप पर इस कड़े प्रहार से आपको गर्व हुआ कि नहीं हुआ? भारत इतने पर ही रुकना नहीं चाहता, भारत कह रहा है ग्रो मोर, ग्रो मोर।

नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था है और 21 वीं सदी का भारत विकसित बनने के लक्ष्य पर तेजी से काम कर रहा है जहां एक सपना पूरा होता है तो नया सपना जन्म ले लेता है। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी का भारत आज विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा ,'' ये वो भारत है जो कहता है 'ग्रो मोर, एचीव मोर'। आज चिप से लेकर शिप तक विनिर्माण का भारत में एक नया इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम 140 करोड़ आकांक्षाओं से भरे राष्ट्र हैं, हम अधीर हैं, बेसब्र हैं, हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकॉनॉमी हैं, लेकिन हम जल्द से जल्द दुनिया की टॉप थ्री इकॉनॉमी बनना चाहते हैं। क्योंकि हमारी प्रेरणा है- ग्रो मोर , एचीव मोर। श्री मोदी ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेक इन इंडिया का उल्लेख करते हुए कहा कि बीते 12 वर्ष में, मेक इन इंडिया ग्लोबल ब्रांड बन गया है। उन्होंने कहा ,'' हमारे मोबाइल फोन, हमारे इलेक्ट्रॉनिक्स, दुनियाभर में पहुंचे। हमारे ऑटोमोबाइल, हमारे फार्मा प्रोडक्ट्स का ग्लोबली और विस्तार हुआ। भारत के डिफेंस प्लेटफॉर्म की कैपेबिलिटी और क्रेडबिलिटी, दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का नागरिक उसके बड़े सपनों की बड़ी आकांक्षाओं की नींव है और नागरिक देवो भव का मंत्र आज के भारत के शासन का मूल मंत्र बन गया है। उन्होंने कहा भारत के बड़े सपनों, बड़ी एस्पिरेशन्स की नींव है। भारत का नागरिक, हम लोग और इन सपनों को एनर्जी दे रहा है। व्यक्ति पहले , यानि नागरिक देवो भव का मंत्र। ये आज ● शेष पेज 11 पर



### भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा, सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा और साइबर सुरक्षा सहित 18 क्षेत्रों में समझौते किये हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली।** भारत और आस्ट्रेलिया ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए रक्षा, समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा, असैन्य परमाणु सहयोग, साइबर सुरक्षा, शिक्षा, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, संस्कृति और हरित ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में 18 समझौते हस्ताक्षर किये हैं। आस्ट्रेलिया यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके आस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीज के बीच गुरुवार को तीसरे भारत-आस्ट्रेलिया शिखर सम्मेलन के बाद ये निर्णय लिये गये। इन समझौतों में रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा, समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप, ऊर्जा सुरक्षा पर संयुक्त वक्तव्य, भारत-ऑस्ट्रेलिया असैन्य परमाणु समझौते के प्रशासनिक प्रबंध को अंतिम रूप देना तथा साइबर, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और आपूर्ति शृंखलाओं पर भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी शामिल हैं। दोनों देशों ने भारतीय तटरक्षक बल और ऑस्ट्रेलिया की मैरिटाइम बॉर्डर कमान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये, 2028-29 में ऑस्ट्रेलियन डिफेंस कॉलेज में ● शेष पेज 11 पर

# लखनऊ-नोएडा में रिटायर एआरटीओ ललित कुमार की हैं और संपत्तियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❑ विजिलेंस ने कोर्ट में पेश किया घर से बरामद संपत्ति का ब्योरा

❑ घर से बरामद नोएडा कार किसी और के नाम निकली, जांच जारी

लखनऊ। भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों से घिरे रिटायर एआरटीओ ललित कुमार की लखनऊ, नोएडा व बाराबंकी में और संपत्तियां भी हैं। विजिलेंस को आरोपी के घर से छापेमारी में संपत्तियों से जुड़े कई दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिनका विश्लेषण शुरू किया गया है। जल्द इन संपत्तियों का वैरीफिकेशन कराया जाएगा। विजिलेंस ने गुरुवार को आरोपी ललित कुमार के घर से बरामद सोना-चांदी, आभूषण, नकदी व अन्य सामान का पूरा ब्योरा कोर्ट में प्रस्तुत किया। विजिलेंस अगली कड़ी में आरोपी ललित कुमार को नोटिस देकर पूछताछ के लिए तलब करेगी,

विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के दोषी पाए गए रिटायर एआरटीओ के लखनऊ के अलीगंज स्थित आवास पर छापा मारा था। छापेमारी में 13 किलो सोना समेत 20 करोड़ की संपत्ति बरामद हुई थी। छापेमारी में उनकी कुल 35 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति सामने आई है। विजिलेंस अब छापेमारी में बरामद संपत्तियों व संदिग्ध लेन-देन के दस्तावेजों की गहनता से छानबीन की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी के घर में मिली इनोवा कार किसी अन्य के नाम पंजीकृत है। ललित कुमार से इसे लेकर भी पूछताछ होगी। आशंका है कि ऐसे ही उन्होंने अन्य बेनामी संपत्तियां जुटाई हैं। इसकी तह तक पहुंचने के लिए रिश्तेदारों व करीबियों की संपत्तियों व बैंक खातों की भी पड़ताल होगी। विजिलेंस रिटायर एआरटीओ की आय से कई गुणा अधिक संपत्तियां जुटाए जाने की जानकारी आयकर विभाग को भी देगी। मामले में जल्द आयकर जांच भी शुरू होगी। आरोपी को अपनी 35 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की चल-अचल संपत्तियों को लेकर पूरा हिसाब देना होगा। आरोपी की हर संपत्ति का मिलान अब उनके वेतन, सेवा अभिलेख, आयकर रिटर्न, घोषित संपत्तियों, पैतृक संपत्ति और अन्य वैध आय स्रोतों से किया जाएगा।

### विजिलेंस रिपोर्ट पर पेंशन में हो सकती कटौती

**लखनऊ।** विजिलेंस के छापेमारी में गिरफ्तार सेवानिवृत एआरटीओ ललित कुमार को उनके पद और वरिष्ठता के आधार पर मिल रहे पेंशन में कटौती हो सकती हैं। विभागीय जानकार बताते है कि विजलेंस टीम ललित कुमार पर 2023 से नजर रखे हुए थी। यह जांच उसी समय से चल रही हैं। इस दौरान ललित कुमार सेवानिवृत हो गए। ऐसी स्थिति में भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस की मौजूदा कार्रवाई और विभाग को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट के चलते उनकी पेंशन लगभग 55 से ● शेष पेज 11 पर

# बैंकों का विलय किराएदार को बेदखली से नहीं बचाता

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में गुरुवार को कहा कि अगर मकान मालिक की लिखित सहमति प्राप्त नहीं की गई हो तो फिर किसी किराएदार बैंक का दूसरे बैंक में विलय होने से उसे दिल्ली किराया नियंत्रण अधिनियम के तहत बेदखली से छूट नहीं मिलती। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति के. कोटिस्वर सिंह की पीठ ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को कनॉट सर्कस में किराए के परिसर का कब्जा 31 जनवरी, 2027 तक शांतिपूर्ण तरीके से खाली करते हुए उसके मालिक ब्रिटिश मोटर कार कंपनी लिमिटेड को सौंपने का निर्देश दिया। इस फैसले के साथ ही करीब चार दशक पुराने विवाद का अदालत ने निपटारा किया। अदालत ने ब्रिटिश मोटर कार कंपनी की बेदखली याचिका को स्वीकार किया। कंपनी ने 1987 में स्थानीय अदालत का रुख किया था।



जस्टिस करोल ने निर्णय में कहा कि भले ही विलय अनैच्छिक हो या सरकारी अधिसूचना के तहत अनिवार्य किया गया हो, इससे उत्तराधिकारी बैंक को मकान मालिक की अनुमति लेने की जरूरत से छूट नहीं मिलती। अदालत ने कहा कि हम यह मानते हैं कि मूल किराएदार एचसीबी का पीएनबी में विलय होने से पीएनबी धारा 14 (1) (ख) के तहत परिसर से निष्कासन के लिए उत्तरदायी हो गया। विवाद 1947 का है, ● शेष पेज 11 पर

# पीएम आवास की पात्रता में न आने वालों को सीएम आवास

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में शामिल न होने वाले गरीब पात्रों को मुख्यमंत्री आवास दिया जाएगा। इस योजना के समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू करने के लिए सभी मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इस योजना में अब तक 5.87 लाख आवास आवंटित किए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में 1.16 लाख आवास आवंटन का लक्ष्य है। जिलेवार लक्ष्य तय करते हुए 'आवास सॉफ्ट' पोर्टल पर घरों की स्वीकृति और धनराशि देने की प्रक्रिया जारी कर दी गई है। जिला स्तर पर 52 हजार से अधिक पंजीकरण हो चुका है। इस योजना में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोग और कालाजार रोग से प्रभावित परिवार।

वनटांगिया, मुसहर, कोल, सहरिया, थारू, पछड्या/गढ़ड्या लोहार, चेरो, बैगा, नट, बोक्सा, बंजारा जाति (अन्य पिछड़ा वर्ग), बांसफोड़, बसोड़, धरकार और सपेरा (सपेरिया) समुदाय, जोगी (अन्य पिछड़ा वर्ग) एवं चेरो (अनुसूचित जाति) तथा उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली सभी जनजातियां, ● शेष पेज 11 पर

# ईरान के 90 ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिका ने कार्रवाई रोकी

एजेंसी

दुबई। अमेरिका ने गुरुवार को ईरान के 90 ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इस दौरान उसके रनवे और मिसाइल लॉन्चर जैसे स्थानों को निशाना बनाया गया। जवाब में ईरान ने भी बहरीन, कुवैत और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद अमेरिकी सेना कहा कि उसने ईरान में अपने ताजा हवाई हमलों का दौर समाप्त कर दिया है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने हमलों का वीडियो भी जारी किया, जिसमें हवाई अड्डे के रनवे और मिसाइल लॉन्चर जैसे ठिकानों पर हमले होते दिखाई दे रहे हैं। उसने एक बयान में कहा कि अमेरिकी बल पूरी तरह सतर्क और कमांडर-इन-चीफ के निर्देशानुसार किसी भी अभियान को अंजाम देने के लिए तैयार हैं। हमले ऐसे समय हुए जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि होर्मुज जलडमरूमध्ये में पोतों पर ईरान के हमलों के बाद संघर्ष विराम प्रभावी रूप से समाप्त हो गया है। इससे पहले अमेरिका ने बुधवार को ईरान के कई सैन्य ठिकानों और बंदरगाह सुविधाओं पर हमले किए थे। यह कार्रवाई ओमान तट के पास पोतों पर ईरानी हमलों के जवाब में की गई थी। ईरानी सरकारी मीडिया ● शेष पेज 11 पर



❑ बुशेहर, चाबहार, कोनारक, बंदर अब्बास और सीरिक समेत कई स्थानों पर धमाके

❑ ईरानी सशस्त्र बलों के नौ जवान मारे गए, बहरीन, कुवैत और कतर में अलर्ट

### हमला करोगे तो जवाब मिलेगा : ईरान

अमेरिका और ईरान के बीच लगातार दूसरी रात हमलों के आदान-प्रदान के बाद ईरानी नेतृत्व ने अमेरिकी प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य अभियान का दायरा होर्मुज जलडमरूमध्य से आगे बढ़ाते हुए ईरान के रणनीतिक बंदरगाह शहर चाबहार तक कर दिया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा कि उसने नवीनतम अमेरिकी हमलों के जवाब में बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी प्रतिष्ठानों और अवसंरचनाओं पर संयुक्त मिसाइल एवं ड्रोन हमले किये हैं। आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका ने हमले जारी रखे तो क्षेत्र में अन्य अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया जाएगा। ईरानी संसद के अध्यक्ष एवं देश के प्रभावशाली नेताओं में शामिल मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा, अगर आप हमला ● शेष पेज 11 पर

# 22 जुलाई के बाद बदलेगी राम मंदिर की व्यवस्था

एजेंसी

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट 22 जुलाई के बाद राम मंदिर की व्यवस्थाओं में व्यापक बदलाव लागू करने की तैयारी में है। दर्शन व्यवस्था, राग-भोग, पूजा-पद्धति, श्रद्धालु सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए ट्रस्ट नए सिरे से मंथन कर रहा है। इसके लिए अयोध्या के संतों और रामानंदीय परंपरा के विद्वानों के सुझावों को भी शामिल किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, ट्रस्ट की 22 जुलाई को प्रस्तावित बैठक के बाद नई व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा सकता है। बैठक में ट्रस्ट के नए महासचिव व रिक्त पदों पर नए सदस्यों का चयन किया जाना लगभग तय है। हाल के घटनाक्रमों के बाद ट्रस्ट मंदिर की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के पक्ष में है। इसी क्रम में पूजा-पद्धति को रामानंदीय परंपरा के अनुरूप और व्यवस्थित करने, राग-भोग की व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कई बिंदुओं पर विचार किया जा रहा है। ट्रस्ट का उद्देश्य दर्शन व्यवस्था को अधिक सुगम, चढ़ावा प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और मंदिर की प्रशासनिक प्रणाली को आधुनिक एवं जवाबदेह बनाना है। इसके साथ ही सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और सेवा व्यवस्था में भी आवश्यक सुधार किए जाएंगे। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने भी संकेत दिए हैं कि संत समाज के सुझावों पर गंभीरता से काम किया जा ● शेष पेज 11 पर



❑ दर्शन से लेकर चढ़ावा प्रबंधन तक होंगे बड़े बदलाव

# बुंदेलखंड के युवा अब तमंचे नहीं, ब्रह्मोस बनाएंगे : योगी

एजेंसी

## भाजपा सरकार की नीतियों के कारण बुंदेलखंड में निवेश की नई संभावनाएं पैदा हुई हैं : योगी

बांदा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बांदा में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सपा की सरकार के दौरान बुंदेलखंड पिछड़ेपन का दंश झेल रहा था। उस समय क्षेत्र में गुंडों, माफियाओं और डकैतों का बोलबाला था। युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनके हाथों में तमंचे थमा दिए गए थे। आज भाजपा सरकार में बुंदेलखंड डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से देश की सुरक्षा का बड़ा केंद्र बन रहा है और यहां के युवा ब्रह्मोस मिसाइल बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भारत ब्रह्मोस चलाता है तो पाकिस्तान भी चिल्लाता है। कहा कि बुंदेलखंड तेजी से विकसित हो रहा है जल्दी ही इसे धरती का स्वर्ग बनाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को बांदा जिले के पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय मैदान में 710 करोड़ की 229 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण बुंदेलखंड में निवेश की नई संभावनाएं पैदा हुई हैं और पलायन पर रोक लगी है। ''एक जनपद-एक उत्पाद'' योजना के तहत बांदा का शजर पत्थर आज देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है और इसकी गिनती बहुमूल्य रत्नों में होने लगी है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड को बीडा के रूप में बड़ी सौगात मिलने जा रही है, जिससे आने वाले समय में यहां रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे और नौकरी मांगने नहीं, बल्कि नौकरी पाने के लिए युवा यहां आएंगे। विकास और विरासत दोनों भाजपा की प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि विकास की यह यात्रा अच्छे जनप्रतिनिधियों के कारण ही संभव हो सकी है। भविष्य में जो भी जनप्रतिनिधि विकास परियोजनाओं के प्रस्ताव लाएंगे, सरकार उन्हें आगे बढ़ाकर बुंदेलखंड को देश के सबसे विकसित क्षेत्रों में शामिल करेगी। यदि विकास की यह निरंतरता टूट गई तो आने वाली पीढ़ियां कभी माफ नहीं करेंगी। मुख्यमंत्री ने बबेरू के सपा विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें विकास में कोई रुचि नहीं है। गरीबों के हक पर डकैती डालना ही उनका विकास मॉडल है, जिसे हर हाल में रोका जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले महाराणा प्रताप और वीरांगना अवंतीबाई जैसी महान विभूतियों की प्रतिमाएं क्यों नहीं स्थापित की गईं और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे क्यों नहीं बन पाया। उन्होंने कहा कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद माफियाओं के कब्जे से 64 हजार एकड़ सरकारी जमीन मुक्त कराई गई, जिस पर आज विकास और निवेश के नए कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार विरासत और विकास को साथ लेकर चलती है। आज मंदिरों के संरक्षण और धार्मिक स्थलों के विकास पर कार्य हो रहा है, जबकि पहले की सरकारें कब्रिस्तानों के विकास को प्राथमिकता देती थीं। यही कारण है कि कुछ लोग आज मंदिरों और धार्मिक विरासत के विकास का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि बांदा अपने वीरों और वीरांगनाओं को सम्मान देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि वह चित्रकूट में भगवान कामतानाथ की परिक्रमा करने के बाद बांदा पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने के बजाय उसका अपमान करना अपना उद्देश्य बना चुके हैं। उन्हें राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, मां विंध्यवासिनी धाम और चित्रकूट में हो रहे विकास कार्य अच्छे नहीं लगते। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती, बल्कि बिना भेदभाव के सभी पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाती है। व्यापारी और बेटियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च ● शेष पेज 11 पर

### योगी बोले

❑ बांदा जिले को दी 710 करोड़ की 229 परियोजनाओं की सौगात, विकास और विरासत दोनों भाजपा की प्राथमिकता

❑ राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, मां विंध्यवासिनी धाम और चित्रकूट में हो रहे विकास कार्य अच्छे नहीं लगते



# गौ हत्या का मतलब 33 करोड़ देवी देवताओं की हत्याः स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द

❒ अगर आप सब असली हिन्दू है तो अपने हिन्दू धर्म का पालन करते हुए गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने में हमारा साथ दे :अविमुक्तेश्वरानन्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। वासुदेव फाउंडेशन के तत्वाधान में बगला बाजार चौराहे पर 81 दिवसीय गविष्टि गौ रक्षार्थ धर्म यात्रा लेकर निकले स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द जी का भव्य स्वागत आनन्द आजाद एवं उनकी टीम के सैकड़ो श्रद्धालुगण द्वारा पुष्प वर्षा व माल्यार्पण कर किया गया।

यात्रा के आगे आगे हरे रामा हरे कृष्णा का संकीर्तन मंडलदल व 21 बुलेट गाड़ियों से श्रद्धालुगण यात्रा के आगे आगे अगवानी करते हुए रजनी खंड आशियाना स्थित संस्कार लॉन पहुँचे। संस्कार लान आशियाना में स्वामी अविमुक्तेश्वानन्द महाराज ने गौ पूजन करके यहाँ उपस्थित विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान संस्कार गौ माता को पशु मान रही है और गौ हत्या रोकने में अक्षम है। उन्होने कहा कि अगर आप सब असली हिन्दू है तो अपने हिन्दू धर्म का पालन करते हुए गौ माता को राष्ट्र माता का द़र्जा दिलाने में हमारा साथ दे तथा गौ रक्षा का ढकोसला करने वाले नकली हिन्दुओं का बहिष्कार करें। इस अवसर पर इस्कॉन अयोध्या के प्रमुख षटभुज प्रभु ने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओ का वास माना जाता है और गौ हत्या करके उन 33 करोड़ देवी देवताओं की हत्या हो रही है जो घोर पाप एवं अनर्थ है जिसे सनातनधर्म कभी माफ नही करेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम प्रकाश यादव, सतीश यादव, अतुल शुक्ला, वेद प्रकाश भट्ट, संजय मिश्रा, जय सिंह, जयंत यादवेन्द्र सिंह यादव, अरविन्द यादव, विश्वास मौर्या आनन्द यादव, आशुतोष भार्गव, शिबू मिश्रा, राज वर्मा तथा सूरज एवं अमन यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण सभा में उपस्थित थे। अन्त में वासुदेव फाउंडेशन के संस्थापक आनन्द आजाद ने बताया कि शीघ्र ही आशियाना क्षेत्र में एक भव्य गौ रक्षा केन्द्र स्थापित किया जायेगा जिसकी फाइल प्रशासन के पास लम्बित है तथा प्रशासन सहयोग में आनाकानी कर रहा है आनन्द आजाद ने गौ रक्षा की शपथ दिलाते हुए कार्यक्रम में पधारे हुए सभी विद्वानो संत महात्माओं व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को सम्पन्न किया।

# रज्जू भैया विश्वविद्यालय में दीक्षोत्सव 2026 के तहत पारंपरिक खेल प्रतियोगिता संपन्न

❒ छात्र-छात्राओं ने नीम्बू-चम्मच, तीन पैर और बोरा दौड़ में दिखाया दम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। राज्यपाल सचिवालय के निर्देशानुसार प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय में आयोजित'दीक्षोत्सव 2026' के अंतर्गत बुधवार दिनांक 09.07.2026 को 'पारंपरिक खेल प्रतियोगिता' का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के *माननीय कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने की। प्रतियोगिता का उद्घाटन दीक्षोत्सव समन्वयक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. दिव्या द्विवेदी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिसर में प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. अखिलेश कुमार तथा खेल प्रशिक्षकों शिवाकांत मिश्रा, राजू पाल, प्रशांत एवं धर्मेंद्र के मार्गदर्शन में



प्रतियोगिता अनुशासित ढंग से हुई। शारीरिक सौष्ठव और मानसिक एकाग्रता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में नीम्बू-चम्मच दौड़, तीन पैर दौड़, बोरा दौड़, 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ शामिल थीं। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## विजेताओं की सूची

नीम्बू-चम्मच दौड़- छात्राएं - प्रथम स्वर्णिमा यादव, द्वितीय अंकिता पांडे, तृतीय ज़ीनत क़ादरी। छात्र - प्रथम हर्ष पटेल, द्वितीय अनुराग द्विवेदी, तृतीय नीरज शुक्ला। तीन पैर दौड़ -महिला- प्रथम कोमल मिश्रा-दिव्यानशी गुप्ता, द्वितीय अंकिता पांडे-प्रतिभा, तृतीय अनमता बानो-सृष्टि सिंह। पुरुष- प्रथम राम गौड़-रवि यादव, द्वितीय प्रभात रंजन-यश पांडे, तृतीय अनुपम त्रिपाठी-हर्ष पटेल।

बोरा दौड़- महिला- प्रथम महक मिश्रा, द्वितीय हर्षित तिवारी, तृतीय अनमता बानो। पुरुषः प्रथम अभय सिंह, द्वितीय हर्ष पटेल, तृतीय अनुराग द्विवेदी।

100 मीटर दौड़- महिला - प्रथम अनमता बानो, द्वितीय सृष्टि सिंह, तृतीय सिद्धि यादव। पुरुष - प्रथम अभय सिंह, द्वितीय अनुपम त्रिपाठी, तृतीय हर्ष पटेल।200 मीटर दौड़- महिला - प्रथम शिवानी पाल, द्वितीय सिद्धि यादव, तृतीय अंकिता पांडे। पुरुष - प्रथम अभय सिंह, द्वितीय रवि यादव, तृतीय अनुराग त्रिपाठी। इस अवसर पर डॉ. उत्कर्ष उपाध्याय, डॉ. अतुल कुमार वर्मा, डॉ. आराधना त्रिपाठी सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कुलपति जी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गोपाल विद्यालय में आग से बचाव को लेकर फायर पुलिस ने छात्र-छात्रों को किया किया जागरूक



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव* में बुधवार को *फायर पुलिस* द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फायर स्टेशन प्रभारी पथरताल कोरांव राजकुमार ने छात्र-छात्राओं को आग लगने के कारण, बचाव के उपाय और फायर एक्सटिंग्विशर के प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटी चिंगारी को भी नजरअंदाज न करें और आपातकालीन नंबर 112 पर तुरंत सूचना दें। इस दौरान फायर कर्मियों ने विद्यालय परिसर में मॉक ड्रिल कर आग बुझाने का लाइव प्रदर्शन भी किया। छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और सवाल पूछे। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ भी मौजूद रहा। प्रधानाचार्य ने फायर टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के लिए बहुत जरूरी है।

## रेल प्रशासन एवं कर्मचारी संगठन के मध्य समन्वय, संवाद तथा कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर मंडल रेल प्रबंधक ने की बैठक



**वाराणसी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन की अध्यक्षता में रेल प्रशासन एवं कर्मचारी संगठन के मध्य समन्वय, संवाद तथा कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक विचार-विमर्श करने के उदेश्य से 9 जुलाई, 2026 गुरुवार, को एन.ई. रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन के साथ तृतीय स्थायी वार्ता तंत्र (पी.एन.एम.) की बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित भारतेन्दु सभा कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में अपर मंडल प्रबंधक(इंफ़्रा) अजय सिंह,अपर मंडल रेल प्रबंधक(आपरेशन) अशोक कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर जे चौधुरी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक बलेन्द्र पाल ,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(कैरेज एण्ड वैगन) अभिषेक राय ,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर(समन्वय) य़शवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर द्वतीय अमित मणि त्रिपाठी,वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक नितेश अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्व,वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) कुंवर सिंह यादव, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(कर्षण ) सौरभ राठौर, मंडल विद्युत इंजीनियर(ऑपरेशन) नितीश कुमार शुक्ला,मंडल कार्मिक अधिकारी दयाशंकर प्रसाद, समेत विभिन्न शाखाधिकारी, एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस के केन्द्रीय अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय,मंडल मंत्री राकेश पाल,मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सहित वाराणसी मंडल के सभी पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कहा कि यहाँ उपस्थित वाराणसी मंडल के सभी अधिकारीगण, एन.ई. रेलवे मेंस कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधिगण,आप सभी का तृतीय स्थायी वार्ता तंत्र (पी.एन.एम.) की इस वर्ष की प्रथम बैठक में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने कहा कि स्थायी वार्ता तंत्र रेल प्रशासन एवं कर्मचारी संगठनों के मध्य संवाद, समन्वय एवं विश्वास को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह केवल समस्याओं के समाधान का माध्यम नहीं, बल्कि पारस्परिक सहयोग, सकारात्मक विचार-विमर्श तथा बेहतर कार्य संस्कृति को विकसित करने का प्रभावी अवसर भी है। इसका उद्देश्य संरक्षित ट्रेन परिचालन,रेल राजस्व में वृद्धि तथा कर्मचारियों के कल्याण एवं कार्यस्थलों से सम्बंधित समस्याओं को दूर करना है। हमारा प्रयास है कि कर्मचारियों की समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं पर समयबद्ध, सकारात्मक तथा व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ विचार कर उनका यथासंभव समाधान किया जाए।

## डीएम ने पेयजल आपूर्ति बाधित खबर का लिया त्वरित संज्ञान



**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने विभिन्न मीडिया एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित कांशीराम कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बाधित होने संबंधी खबर का संज्ञान लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर समस्या का निरीक्षण कराया तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराकर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारु करा दी। लगभग दो दिन पूर्व नाला सफाई कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण कांशीराम कॉलोनी के कुछ हिस्सों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। मामले की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल संस्थान एवं संबंधित विभाग की टीम ने युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य कर पाइपलाइन को दुरुस्त किया तथा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई। वर्तमान में कांशीराम कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनसुविधाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आमजन को शीघ्र राहत उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि विकास एवं सफाई कार्यों के दौरान आवश्यक सावधानियां बरती जाएं ताकि भविष्य में पेयजल जैसी मूलभूत सेवाएं प्रभावित न हों।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय सिंह, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# यमुनापार गोपनीय कार्यालय के इंस्पेक्टर जग जीवन राम बने डीएसपी




❒ डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने लगाए स्टार, दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । पुलिस उपायुक्त यमुनापार के गोपनीय कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर जग जीवन राम को विभागीय पदोन्नति के तहत डीएसपी रैंक प्राप्त हुई। बुधवार को कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीसीपी विवेक चंद्र यादव व अन्य अधिकारियों ने नवपदोन्नत अधिकारी को डीएसपी के स्टार लगाए। इस अवसर पर अधिकारियों ने जग जीवन राम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। DCP विवेक चंद्र यादव ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने पर ही इस तरह की उपलब्धि मिलती है। यह सभी जवानों के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने भी नवपदोन्नत अधिकारी को बधाई दी।

# नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने बंधा रोड स्थित प्रस्तावित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने बुधवार को मऊ जनपद के बंधा रोड स्थित प्रस्तावित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इसके साथ ही बहुउद्देशीय भवन मंगलम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विद्युत क्षेत्र को आधुनिक, सुदृढ़ और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, निर्बाध एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

ऊर्ज़ा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बिजली केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि प्रदेश के आर्थिक विकास, उद्योग, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आम जनजीवन की




आधारशिला है। इसी उद्देश्य से पूरे प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक बेहतर गुणवत्ता की बिजली समयबद्ध और निर्बाध रूप से पहुंच सके।उन्होंने बताया कि लगभग 530 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले इस 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की क्षमता 5+5 एमवीए होगी। इसके अंतर्गत चार नए 11 केवी फीडरों का निर्माण किया जाएगा, जिससे वर्तमान विद्युत उपकेंद्रों पर पड़ने वाला अतिरिक्त भार कम होगा तथा क्षेत्र की विद्युत वितरण व्यवस्था अधिक संतुलित और प्रभावी बनेगी।

श्री शर्मा ने बताया कि इस उपकेंद्र के स्थापित होने से पटन टोला, व्यारी टोला, संस्कृत पाठशाला, हरिकेशपुरा, सदर चौक, मलिक टोला, हट्टी मदारी, औरंगाबाद, हनुमान घाट, आफिसर्स कॉलोनी, रेलवे क्वार्टर, गायघाट, खालसा, ख्वाजाजहांपुर तथा कागजीवनचक सहित अनेक क्षेत्रों के लगभग 4,000 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी। ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि नए उपकेंद्र के संचालन से 11 केवी लाइनों की लंबाई कम होगी, जिससे तकनीकी हानियों और फॉल्ट की घटनाओं में कमी आएगी। साथ ही ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी, लो-वोल्टेज से राहत मिलेगी तथा बार-बार विद्युत बाधित होने जैसी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित होगा। इससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिलने के साथ-साथ विद्युत वितरण प्रणाली की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी।

# सरकारी चकमार्गों को मिलाकर कर दी प्लाटिंग, भूमिधरी पर भी किया कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ नैनी इलाके में धड़ल्ले से चल रहा दूसरों की जमीन पर कब्जा कर बेचने का कारोबार

❒ शिकायतकर्ता की निजी आराजी को भी छलपूर्वक बेचा, नाप के लिए भटक रहा परिवार

❒ सात लाख रुपये खर्च होने के बाद दबंगों ने निर्माण कार्य रुकवाया, दी जान से मारने की धमकी

प्रयागराज। यमुना नगर के करछना तहसील अंतर्गत ग्राम चकहीरानन्द में भू-माफियाओं द्वारा सरकारी और निजी जमीनों पर अवैध कब्जा कर उन्हें बेचने का एक गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र के दबंगों पर सरकारी चकमार्गों को गायब करने, सीमा चिन्हों को नष्ट करने और एक पीड़ित की पैतृक भूमि पर छलपूर्वक कब्जा कर उसे जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले को लेकर पीड़ित ने प्रशासन और पुलिस के उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट (क्ब्ज्ञ्ट) दर्ज करने की मांग की है।

प्राप्त विवरण के अनुसार, करछना क्षेत्र के पनासा गांव निवासी कपिल देव द्विवेदी के अनुसार नैनी कोतवाली क्षेत्र के चकहीरानन्द में अजय कुमार मिश्र, सुजीत कुमार मिश्र और श्रीमती सुनीता मिश्र निवासी नैनी गांव द्वारा बड़े पैमाने पर भूमि की प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। कपिल देव का आरोप है कि प्लाटिंग के दौरान इन व्यक्तियों ने नियमों को ताक पर रखकर ग्राम समाज के चकमार्ग संख्या-3, 16, 24, 26, 30, 37, 46, 53, 61, 68 और 74 पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। इन सरकारी रास्तों की जमीनों को प्लाटिंग का हिस्सा बनाकर आम जनता को बेच दिया गया और सभी पुराने सीमा चिन्हों (मेड़ व पत्थर) को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, उक्त आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

चकमार्गों के अतिरिक्त, इन लोगों ने कपिल देव की निजी भूमि पर भी शोरेपुश्ती के बल पर कब्जा कर लिया है। पनासा गांव निवासी कपिलदेव द्विवेदी ने बताया कि उन्होंने नैनी कोतवाली क्षेत्र के चकहीरानन्द में स्थित आराजी संख्या 8 (रकबा 90 वर्गमीटर) और आराजी संख्या 6 (रकबा 70 वर्गमीटर), कुल रकबा 160 वर्गमीटर के पंजीकृत बैनामा कराया है और संक्रमणीय भूमिधर हैं। सरकारी अभिलेखों में भी उनका नाम दर्ज है।

आरोप है कि उक्त भू-माफियाओं ने पीड़ित की इस 160 वर्गमीटर जमीन को भी अपनी बताकर दूसरों को बेच दिया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो उन्हें धमकी दी गई कि ''अभी तो जमीन गायब हुई है, अब तुम भी गायब हो जाओगे।'' पीड़ित कपिल देव ने इस मामले में मार्च 2019 से उपजिलाधिकारी करछना के यहां राजस्व संहिता की धारा-24 के तहत नाप का मुकदमा (कपिल देव बनाम सरकार) दाखिल कर रखा है, लेकिन सात साल बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक शिथिलता के कारण जमीन की नाप नहीं हो सकी। पीड़ित द्वारा तहसील दिवस और थाना दिवस पर दिए गए दर्जनों प्रार्थना पत्रों पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

मामले में नया मोड़ दिसंबर 2025 में आया, जब आरोपी अजय कुमार मिश्र ने पीड़ित से संपर्क कर विवादित भूमि के बजाय दूसरी जगह 105 वर्गमीटर जमीन छोड़ने की बात कही और वहीं निर्माण करने की सलाह दी। इस आश्वासन पर भरोसा करके पीड़ित कपिलदेव द्विवेदी ने उस स्थान पर पिलर खड़े कर नींव भरवाई, सेफ्टी टैंक बनवाया और बोरिंग का काम शुरू करवाया। इस निर्माण कार्य में पीड़ित के लगभग सात लाख रुपये खर्च हो चुके थे। आरोप है कि इसके बाद बीते दिन आरोपी अजय कुमार मिश्र अपने साथ कई अज्ञात लोगों को लेकर मौके पर पहुंचे और चल रहे निर्माण कार्य को जबरन बंद करवा दिया। जब पीड़ित ने इस अन्याय का कारण पूछा, तो आरोपियों ने उन्हें हथियार के बल पर डराया और धमकी दी कि ''यदि दोबारा निर्माण कार्य शुरू किया, तो जान से मार दिए जाओगे।''

फिलहाल पीड़ित ने अपनी जान और माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए प्रयागराज पुलिस और जिला प्रशासन से तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, अवैध अतिक्रमण और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने तथा चकमार्गों व अपनी निजी आराजी को भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराने की मांग की है। मामले में प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिकायती पत्र के आधार पर जांच कर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाएं : जिलाधिकारी

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी बनाने की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कृषक की सूची खंड विकास अधिकारीगण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इन कार्यो को सहायक पंचायत के माध्यम से 30 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि पंचायत सहायक के वेतन देने से पूर्व उनके द्वारा कराए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करें।

**आवश्यकता है**

**माँ शान्ति देवी विधि महाविद्यालय गाढ़ा , अमिलिया, कोरॉव, प्रयागराज**
प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भईया) राज्य विश्व विद्यालय, प्रयागराज से सम्बद्ध एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु) में 6 सहायक आचार्यों की आवश्यकता है।
**सम्पर्क-गाढ़ा अमिलिया कोरॉव, प्रयागराज**

प्रबंधकः
लालजी सिंह
मोबाइलः 9936138480

# डीएम ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ राहत एवं बचाव व्यवस्था, बाढ़ शरणालयों, तटबंधों, स्वास्थ्य, खाद्यान्न एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा

रायबरेली। जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बाढ़ से बचाव, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए गए प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभाग अपनी-अपनी कार्ययोजना को अद्यतन रखते हुए पूर्ण समन्वय एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बाढ़ शरणालयों में पेयजल, विद्युत, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं, साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों के लिए नाव, लाइफ जैकेट, रस्सी एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए उन्हें पूरी तरह तैयार रखा जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त दवाइयों का भंडारण, मेडिकल टीमों एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को पशुओं के उपचार एवं चारे की समुचित व्यवस्था बनाए रखने, खाद्य एवं रसद विभाग को आवश्यक खाद्यान्न एवं राहत सामग्री का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने तथा सिंचाई विभाग को तटबंधों एवं कटान संभावित स्थलों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़कों एवं पुल-पुलियों की स्थिति पर सतत निगरानी रखने, विद्युत विभाग को सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पुलिस, अग्निशमन एवं होमगार्ड विभाग को किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पूर्ण तत्पर रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में बाढ़ तैयारियों की नियमित समीक्षा करने तथा किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति में जन-धन एवं पशुधन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए संवेदनशील एवं बाढ़ संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखें तथा किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहदेव मिश्र, आपदा विशेषज्ञ अंकित पाण्डेय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक माह में नहीं हुआ पंजीकरण तो सील होंगे कोचिंग सेंटर

झांसी । उत्तर प्रदेश के झांसी में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे कोचिंग सेंटरों पर अब प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 50 से अधिक कोचिंग सेंटर संचालित हैं, जबकि केवल नौ का ही पंजीकरण है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/220/2026-27 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलगबाग, लखनउ में आर०एम०पी०यू० में एल०एच०बी० वातानुकूलित यान/हाइब्रीड वातानुकूलित यान में ट्रक फ्लोर एवं डक्ट से होने वाले पानी के रिसाव की रोकथाम की व्यवस्था। |
| ख | अनुमानित लागत | रू 51,30,750/- |
| ग | धरोहर राशि | रू 1,02,600/- |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 2 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवंम समय | 31.07.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 31.07.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **सं.: विद्युत/डब्ल्यू0/आलमबाग/228/2026-27 दिनांकः 08.07.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2343/26

# संस्कृति विभाग की ओर से राजधानी में विभिन्न पर्वों एवं ऐतिहासिक घटनाओं पर आयोजित करेगा एक दर्जन से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम

❒ इन विभिन्न आयोजनों में देश-प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों तथा स्थानीय कलाकारों को प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया जायेगाः जयवीर सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । महापुरूषों की वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्वों, आस्था स्थलों पर आयोजित समारोहों ऐतिहासिक घटनाओं के आयोजन के अवसर पर संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजन की कार्ययोजना तैयार की गयी है।

इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस में आस्था स्थलों, राष्ट्रीय पर्वों तथा ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में जानकारी देना है। साथ ही स्थानीय कलाकारों को समारोहों से जोड़कर उन्हें मानदेय के माध्यम से आर्थिक लाभ भी पहुंचाना है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा तैयार की गयी कार्ययोजना के तहत राजधानी लखनऊ में एक दर्जन सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न अवसरों पर कराये जायेगे। कार्य योजना के तहत बाजनगर शहीद स्मारक स्थल पर काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर 09 अगस्त, 2026 को आयोजित समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जायेगे। इसी प्रकार काकोरी में 19 दिसम्बर, 2026 को काकोरी बलिदान दिवस के अवसर पर तथा अक्टूबर में गिरजा देवी समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि दिसम्बर, 2026 में अटल जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा 24-25 जुलाई, 2026 को राष्ट्रीय सेमिनार संगोष्ठी, रिवरवैली सिविलाइजेशन ऑफ उ0प्र0 एवं आर्कियोलॉजिकल कल्चरल हेरिटेज टूरिज्म प्रोजेक्ट के तहत पुरातत्व निदेशालय के सौजन्य से कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार 11 नवम्बर, 2026 को जनजातीय उत्सव बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर उ0प्र0 लोक एवं जनजाति संस्थान की ओर से कार्यक्रम आयोजित कराये जायेगे। इसके अलावा नवम्बर/दिसम्बर में पुतुल पर्व उ0प्र0 एवं राजस्थान, बंगाल की कठपुतली परम्परा पर आधारित कार्यक्रम सम्पन्न कराये जायेगे। श्री सिंह ने बताया कि जनवरी, 2027 में यूपी दिवस कार्यक्रम के अवसर पर 05 दिवसीय शिविर सैण्ड आर्ट कार्यक्रम का आयोजन राज्य ललितकला अकादमी के सौजन्य से कराये जायेगे। इसके अतिरिक्त 10 जनवरी, 2027 को वर्कशॉप संग्रहालय विज्ञान/सिक्कों पर आधारित 06 दिवसीय आयोजन राज्य संग्रहालय लखनऊ के तत्वाधान में कराये जायेगे। इसके अतिरिक्त 19 अगस्त, 2026 को एक दिवसीय सेमिनार मोक्ष सप्तमी तथा 31 अगस्त एवं 01 सितम्बर, 2026 को कत्थक सम्राट गुरू लच्छू महराज समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसमें प्रदेश व देश के विख्यात कलाकारों के साथ ही स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रम सम्पन्न होगे। यह आयोजन उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी के सौजन्य से आयोजित होगा।

# किशोरी से छेड़छाड़ के विरोध पर पिता समेत तीन को लाठी-डंडों से पीटा

❒ इटौंजा के करौंदी गांव की घटना, पीड़ित परिवार ने थाने में दी तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार ,पुलिस ने जांच शुरू की

कैनविज टाइम्स संवाददात

बख्शी का तालाब, लखनऊ । इटौंजा थाना क्षेत्र के करौंदी गांव में बहन से कथित छेड़छाड़ का विरोध करना एक परिवार को महंगा पड़ गया। आरोप है कि शिकायत करने पहुंचे भाई और उसके पिता पर गांव के कुछ लोगों ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया। मारपीट में पिता समेत तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने इटौंजा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित युवक के अनुसार, गांव का ही रहने वाला शिवम उसकी बहन से लंबे समय से कथित तौर पर छेड़छाड़ और अभद्र इशारे कर उसे परेशान कर रहा था। इस मामले में शिकायत करने के लिए जब वह अपने पिता के साथ आरोपी के घर पहुंचा तो वहां पहले से




मौजूद शिवम, बबलू और करन ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि तीनों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। घटना में पिता के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि युवक और उसकी बहन को भी अंदरूनी चोटें आई हैं।

मारपीट के बाद पीड़ित परिवार ने इटौंजा थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है।थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 95 लाख के सौदे में किसान से कथित ठगी एग्रीमेंट की जगह करा लिया बैनामा

❒ किसान का आरोप- टैक्स के नाम पर खाते से निकलवाए लाखों रुपये, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के अस्ती गांव निवासी एक किसान ने प्रॉपर्टी डीलरों पर 95 लाख रुपये में जमीन खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी कर एग्रीमेंट की जगह बैनामा कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

अस्ती गांव निवासी देवी दयाल के मुताबिक उनकी गाटा संख्या 916मि, रकबा 0.5650 हेक्टेयर भूमि का सौदा सुशील भार्गव उर्फ सुनील निवासी चंदा कोडर से 95 लाख रुपये प्रति पक्के बीघा के हिसाब से हुआ था। आरोप है कि तीन जून को एक लाख रुपये बयाने के रूप में खाते में जमा किए गए। इसके बाद आठ जून को आठ लाख रुपये, 11 जून को 5.64 लाख रुपये तथा 25.25 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से भेजे गए। दोनों पक्षों के बीच बिना कब्जा दिए इकरारनामा (एग्रीमेंट) करने तथा शेष धनराशि छह माह के भीतर देकर बैनामा कराने की सहमति हुई थी।

पीड़ित का आरोप है कि आठ से 12 जून के बीच आरोपियों ने यह कहकर उसके खाते से कई बार रुपये निकलवा लिए कि खाते में पैसा रहने पर टैक्स कट जाएगा और वे रकम अपने पास सुरक्षित रखेंगे। अनपढ़ होने के कारण वह उनकी बातों में आ गया और रुपये देता रहा। देवी दयाल का आरोप है कि 12 जून को उसे इकरारनामा कराने के बहाने रजिस्ट्री कार्यालय ले जाया गया, लेकिन सहयोगियों हर्षवर्धन सिंह, रचना सिंह और तैयब अली की मिलीभगत से एग्रीमेंट के स्थान पर विक्रय विलेख (बैनामा) निष्पादित करा लिया गया। इसकी जानकारी उसे सात जुलाई को हुई। जब उसने आरोपियों से इस संबंध में बात की तो गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़ित ने बख्शी का तालाब पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रक्षा मंत्री के आगमन पर शहर में व्यापक सफाई अभियान

लखनऊ। देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर 10 जुलाई को लखनऊ नगर निगम द्वारा शहर के आठों जोनों में व्यापक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा हजरतगंज चौराहे से प्रातः 7:00 बजे किया जाएगा।

# लविवि में एनसीसी समर कैंप के दौरान सड़क सुरक्षा कार्यशाला आयोजित, 599 कैडेट्स हुए जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । पुलिस उपायुक्त यातायात के निर्देशन में गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 63 ठ्ठ बटालियन एनसीसी समर कैंप के अंतर्गत सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को सुरक्षित यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में टीआई प्रभारी महानगर प्रमेश कुमार पाठक तथा ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क के मुख्य प्रशिक्षक सुमित मिश्रा ने कैडेट्स को सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने सड़क चिन्ह, रोड मार्किंग, ट्रैफिक सिग्नल, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेजों तथा यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वालों को कानूनी संरक्षण प्रदान करने वाले गुड समैरिटन कानून के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने कैडेट्स से अपील की कि दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने से न घबराएं और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का आयोजन सूबेदार डी.के. दास, जसबीर सिंह एवं राम सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यशाला में कुल 599 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता कर सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

## फर्राटा पंखे में उतरे करंट से महिला की मौत

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इटौंजा थाना क्षेत्र के भगौतीपुर गांव में गुरुवार दोपहर घर में काम करते समय फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, भगौतीपुर निवासी संदीप मौर्य की पत्नी सुशीला (30) गुरुवार करीब 12 बजे घर के कामकाज में लगी थीं। इसी दौरान वह फर्राटा पंखा उठाने लगीं। बताया जा रहा है कि पंखे में करंट उतर आया था, जिसकी चपेट में आते ही वह गंभीर रूप से झुलसकर जमीन पर गिर पड़ीं।परिजन तत्काल उन्हें बख्शी का तालाब स्थित रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सुशीला अपने पीछे पति संदीप मौर्य और तीन बेटियां वर्तिका, काव्या और अवंतिका को छोड़ गई हैं। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## रिसॉर्ट के बाहर युवक पर हमला, पिस्टल की बट, लाठी-डंडों और ईंट से मारपीट का आरोप

**बंथरा ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में स्थित अल्काजार रिसॉर्ट के बाहर गुरुवार को शाम एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने नामजद समेत कई लोगों पर पिस्टल की बट, लाठी-डंडों और ईंटों से हमला करने तथा उसकी दो कारों में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पहाड़पुर निवासी अंशूमान सिंह पुत्र केश कुमार सिंह के अनुसार, वह गुरुवार को करीब 7 बजे बंथरा स्थित अल्काजार रिसॉर्ट के बाहर खड़ा था। आरोप है कि तभी रुद्रा यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी बंथरा अपने साथियों अभिषेक यादव, मयंक यादव, अंकित यादव, आदर्श यादव निवासी भदरसा तथा पांच अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचा और उस पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि रुद्रा यादव ने पिस्टल की बट से उसके सिर पर वार किया, जबकि अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडों और ईंटों से मारपीट की। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। अंशूमान सिंह का यह भी आरोप है कि हमलावर जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी कारें ठ्घ्32ध्ध्9191 और ठ्घ्32ध्ध्9191 में तोड़फोड़ कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत बंथरा थाने में देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नगर आयुक्त ने निर्माण कार्यों और जलभराव से निपटने की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जलभराव से निपटने की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैसरबाग स्थित चकबस्त परिसर, विभिन्न पंपिंग स्टेशनों एवं कश्मीरी मोहल्ला स्कूल में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने सबसे पहले कैसरबाग स्थित चकबस्त परिसर का निरीक्षण किया। यहां नगर निगम जोन-1 का जोनल कार्यालय तथा भूमिगत दो मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण न होने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए इसे 31 अगस्त तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। साथ ही अधिकारियों को कार्य की नियमित निगरानी करने और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान चीफ इंजीनियर सिविल श्री महेश वर्मा जी एवं अधिशासी अभियंता श्री अतुल मिश्रा जी उपस्थित रहे। इसके बाद नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जलभराव से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जोन-1 स्थित घसियारी मंडी, वजीरगंज, जोन-6 स्थित सरकटा नाला तथा जोन-3 स्थित हार्डिंग-2 पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर पंपिंग स्टेशन क्रियाशील पाए गए। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा के दौरान पंपिंग स्टेशनों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान सीडीओ लखनऊ श्री प्रफुल्ल कुमार शर्मा जी, चीफ इंजीनियर सिविल श्री महेश वर्मा जी, अधिशासी अभियंता श्री वी.एन. पाठक जी एवं एई श्री देवेंद्र जी उपस्थित रहे। निरीक्षण क्रम में नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने कश्मीरी मोहल्ला स्कूल का भी निरीक्षण किया। यहां चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार अल्टो की टक्कर से महिला की मौत, पांच माह का मासूम समेत तीन घायल

❒ बीकेटी के एयरफोर्स रोड तिराहे पर देर रात हादसा, चालक हिरासत में; कार कब्जे में लेकर पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात तेज रफ्तार अल्टो कार ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पांच माह का बेटा, 15 वर्षीय भतीजी और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार सीतापुर जिले के मिश्रिख थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी आरुही (22) अपने पांच माह के बेटे आर्यन, 15 वर्षीय भतीजी कोमल तथा भतीजे अमन निवासी बदलवापुर के साथ बाइक से लखनऊ लौट रही थीं। बुधवार रात करीब पौने ग्यारह बजे बीकेटी थाना क्षेत्र के एयरफोर्स रोड तिराहे के पास तेज रफ्तार अल्टो कार ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने आरुही को मृत घोषित कर दिया, जबकि पांच माह के मासूम आर्यन समेत कोमल और अमन का उपचार जारी है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त अल्टो कार को कब्जे में ले लिया गया है तथा बीकेटी निवासी कार चालक लक्ष्य मिश्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# मेदांता हॉस्पिटल एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल व्यापारियों एवं नागरिको को स्वास्थ्य के प्रति करेगा जागरूक

❒ व्यापारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं मेदांता हॉस्पिटल के मध्य एमओयू साइन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं मेदांता हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में ''स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया

''स्वास्थ्य चर्चा ''कार्यक्रम में मेदांता हॉस्पिटल के निदेशक एवं देश के प्रमुख चिकित्सक डॉ आर के सरन द्वारा व्यापारियों को उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई इस अवसर पर दोनों संस्थाओं द्वारा व्यापारियों एवं नागरिको के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक एम ओ यू साइन किया गया जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल मेदांता हॉस्पिटल के साथ मिलकर प्रदेश के सभी प्रमुख जिलों में व्यापारियों एवं



नागरिकों के लिए निशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित करेगा तथा व्यापारियों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए जागरूक करेगा ''व्यापारी स्वास्थ्य चर्चा'' मेदांता हॉस्पिटल के निदेशक एवं देश के प्रमुख कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर आर के सरन ने व्यापारियों को दिल को सुरक्षित रखने के उपाय बताएं तथा हार्ट अटैक से बचने के लिए व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी डॉ आरके सरन व्यापारियों को बताया उचित खानपान ,संयमित जीवन शैली ,सुबह की तेज कदमों से सैर, नियमित चेकअप से हार्ट अटैक की बीमारी की संभावनाओं को कम किया जा सकता है उन्होंने कहा यदि फैमिली में पहले हार्ट की समस्या रह चुकी है तो नियमित टेस्ट कराते रहना चाहिए। उन्होंने व्यापारियों को बताया दिल की समस्या में शुरू के 4 घंटे होते हैं गोल्डन आवर होते है कैल्शियम स्कोर ज्यादा निकलता है तो समझिए दिल की बीमारी शुरू हो गई,प्राथमिक उपचार में डिस्प्रिन की टेबलेट का तुरंत प्रयोग करेंउत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की ओर से प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा एवं मेदांता हॉस्पिटल की ओर से मेदांता हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर आर के सरन द्वारा एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए गएइस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा प्रायः यह देखा गया है कि व्यापारी अपने व्यवसाय में इस तरह संलग्न हो जाते हैं कि धन कमाने के चक्कर में अपने स्वास्थ्य को गवां देते हैं फिर स्वास्थ्य को ठीक करने के लिए धन गवा देते हैं दे अंत में ना धन बचता है ना स्वास्थ्य ,अतः समय रहते स्वास्थ्य की चिंता सबको करनी चाहिए तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा समय-समय पर जांच करते रहना चाहिए तथा योग एवं सुबह की सैर अनिवार्य रूप से करनी चाहिए तथा नशे आदि से बचना चाहिए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा, प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौर, संजय त्रिवेदी, राजीव शुक्ला, संजय कुमार गुप्ता,अंशु श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

❒ ससुरालीजनों ने हत्या का लगाया आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के खुजौली गांव में गुरुवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने मृतका के भाई हिमांशु की तहरीर के आधार पर ससुराली जनों पर नामजद मुकदमा दर्ज कर उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है है।

मोहनलालगंज के गनेश खेड़ा निवासी हिमांशु ने बुधवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे 112 डायल पुलिस को सूचना दी कि खुजौली में निवासी 32 वर्षीय गुड़िया की पति व ससुराली जनों ने हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका दिया है । इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि इस मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाने के फॉरेंसिक टीम से जांच करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है साथ ही मौके पर मौजूद मृतका के भाई हिमांशु ने बताया कि मेरी बहन गुड़िया का विवाह 12 वर्ष पूर्व अनिल उर्फ गुड्डू के साथ हुआ था। विवाह के बाद से लेकर लगातार अनिल गुड़िया को मायके से दहेज की मोटी रकम लाने के लिए अक्सर मारपीट कर प्रताड़ित करता रहता है इस दौरान गुड़िया के छ व 8 वर्ष के दो बच्चे भी हैं। हिमांशु ने दर्ज कराए गए नामजद मुकदमें में यह भी आरोप लगाया है कि 2 दिन पूर्व भी अनिल ने गुड़िया को बुरी तरह मारा पीटा था इसके बाद मायके पक्ष के पहुंचने पर अनिल समझौता कर गुड़िया को लेकर घर चला गया और घर पर गुड़िया का जेठ सुनील पति अनिल ,नन्द व जेठानी ने उसे दहेज की मांग को पूरा करने के लिए बुधवार की देर रात बुरी तरह मारा पीटा और फिर उसकी हत्या करके आत्महत्या का रूप देने के लिए गुड़िया के शव को फांसी के फंदे से लटका दिया । पुलिस ने इस मामले में मृतका के पति अनिल को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# 144 करोड़ से 1,900 से अधिक सड़कों का निर्माण, हर क्षेत्र तक पहुँच रहा विकासः डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा सड़क, पुल, रेल और एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं से सरोजनीनगर को मिल रही नई गति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनी नगर, लखनऊ । सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है। सड़क, पुल, एक्सप्रेस-वे, रेलवे तथा सार्वजनिक परिवहन से जुड़ी विभिन्न परियोजनाएँ सरोजनीनगर को आधुनिक, सुगम एवं विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित कर रही हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि ?5,000 करोड़ की लागत से स्वीकृत 50 किलोमीटर लंबे लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण से आगरा एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। इससे आवागमन आसान होगा तथा एक्सप्रेस-वे के आसपास औद्योगिक एवं आवासीय गतिविधियों को गति मिलेगी।

उन्होंने बताया कि 4,700 करोड़ की लागत से बन रही 65 किलोमीटर लंबी लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड रोड के निर्माण से अमौसी एयरपोर्ट से कानपुर की यात्रा लगभग 40 मिनट में पूरी हो सकेगी। इससे सुगम यातायात के साथ कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि ?499.51 करोड़ की लागत से 6 पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। हरौनी में 43.19 करोड़, मरी माता मंदिर के समीप 15.93 करोड़ तथा लखनऊ-सुल्तानपुर रेल मार्ग पर ?37.69 करोड़ की लागत से पुलों का निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ?492.34 करोड़ की लागत से विभिन्न नहरों की 11 क्षतिग्रस्त पटरियों का जीर्णोद्धार कराया गया है, जिससे आवागमन आसान हुआ है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि शहीद-पथ एयरपोर्ट पर 135 करोड़, बंगला बाजार-बिजनौर मार्ग पर ?122 करोड़, अवध विहार में 108 करोड़ तथा लखनऊ-नगराम रेल मार्ग पर 37.70 करोड़ की लागत से पुलों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि बनी से मोहनलालगंज के बीच 11.50 किलोमीटर लंबी सड़क को 4 लेन में चौड़ा करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा 163 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यूपीसीडा द्वारा ?514.50 करोड़ की लागत से 4 सड़कों का निर्माण कराया गया है।उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ?216 करोड़ की लागत से 165 सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कराया गया है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि नगर निगम, नगर पंचायत तथा महापौर, पार्षद आदि निधियों से ?144 करोड़ की लागत से 1,900 से अधिक सड़कों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के अंतर्गत ?63 करोड़ की लागत से सैनिक ढाबा से कल्याण ट्रेडर्स तथा पटेल ऑटो गैराज से इशू मोड़ तक दो प्रमुख सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि चन्द्रावल चौराहे से कानपुर रोड तक सड़क चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा 17 करोड़ की लागत से कार्य कराया जा रहा है, जिससे जाम एवं दुर्घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि एनएचएआई द्वारा शांति नगर एवं दरोगा खेड़ा में दो आधुनिक फुट ओवर ब्रिज (क्थ्ठ) के निर्माण हेतु प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है।

# कोटेदारों की मांगों पर मंत्री मनोज पांडेय से वार्ता बेनतीजा, लाभांश बढ़ोतरी पर नहीं बनी सहमति, 28 जुलाई को विधानसभा घेराव बरकरार

❒ बैठक में माहौल सकारात्मक रहा, लेकिन कोटेदारों की सबसे प्रमुख मांग लाभांश (कमीशन) बढ़ोतरी पर कोई सहमति नहीं बन सकी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मिश्रिख़, सीतापुर। मिश्रिख़ तहसील के वर्मी प्रदेश कार्यलय के जनकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के राशन डीलरों (कोटेदारों) की प्रमुख मांगों को लेकर ऑल इंडिया फ़ेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन (एआईएफएसडीए) उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल की खाद्य एवं रसद विभाग के कैबिनेट मंत्री मनोज पांडेय के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक का माहौल सकारात्मक रहा, लेकिन कोटेदारों की सबसे प्रमुख मांग लाभांश (कमीशन) बढ़ोतरी पर कोई सहमति नहीं बन सकी। मंत्री ने अगले पखवाड़े में दोबारा बैठक बुलाकर विस्तृत चर्चा करने का आश्वासन दिया। बैठक में संगठन के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह ने कोटेदारों की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने बकाया भुगतान, अन्नपूर्णा भवन निर्माण एवं बिजली कनेक्शन, परिवहन ठेकेदारों से जुड़ी समस्याएं तथा अन्य लंबित मुद्दों पर क्रमवार चर्चा की। साथ ही गोवा, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान सहित अन्य राज्यों में राशन डीलरों को दिए जा रहे लाभांश की प्रमाणित प्रतियां भी मंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गईं। बैठक के दौरान मंत्री मनोज पांडेय ने प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह से काफी देर तक विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि संगठन राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है और इसके कार्यों की जानकारी उन्हें पहले से प्राप्त है। मंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना तथा अन्य प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। बैठक के अंत में उन्होंने सभी पदाधिकारियों के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। हालांकि, संगठन की मुख्य मांग लाभांश (कमीशन) बढ़ाने अथवा न्यूनतम मासिक आय सुनिश्चित करने पर कोई ठोस निर्णय या आश्वासन नहीं मिला। इसके बाद संगठन ने स्पष्ट किया कि पूर्व घोषित आंदोलन कार्यक्रम यथावत रहेंगे। प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह ने कहा कि 28 जुलाई को लखनऊ के चारबाग स्थित रवींद्रालय से विधानसभा तक पैदल मार्च एवं विधानसभा घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जब भी वार्ता के लिए बुलाएगी, संगठन बातचीत के लिए तैयार रहेगा, लेकिन जब तक कोटेदारों की जायज मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेशभर में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का अभियान जारी है। यदि सरकार ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो संगठन अगस्त माह के खाद्यान्न वितरण के बहिष्कार पर भी विचार करेगा। बैठक में जिला महासचिव सीतापुर विशाल रस्तोगी, आलोक मिश्रा गोंदलामऊ,सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ, धौरहरा में सम्मानित हुए शिक्षक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

धौरहरा, लखीमपुर खीरी। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ बुधवार को तहसील धौरहरा सभागार में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी, उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि, ईसानगर के खंड शिक्षा अधिकारी अखिलानंद राय सहित रमियाबेहड़ एवं धौरहरा के शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में योजना के चयनित लाभार्थी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षक समाज निर्माण की आधारशिला हैं और उनका स्वस्थ रहना राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है।

उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि ने कहा कि इस योजना से गंभीर बीमारी की स्थिति में शिक्षकों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ काफी हद तक कम होगा। उन्होंने सभी पात्र शिक्षकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने तथा इसकी जानकारी अन्य लाभार्थियों तक पहुंचाने की अपील की।

ईसानगर के खंड शिक्षा अधिकारी अखिलानंद राय सहित अन्य शिक्षा अधिकारियों ने योजना की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने से शिक्षकों को उपचार के लिए धन की व्यवस्था की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इससे शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ेगा और वे पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में योजना के चयनित लाभार्थी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके और उनके परिवार के लिए बड़ी राहत साबित होगी तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल है।

## दबिश के दौरान 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 02 अभियोग पंजीकृत

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 प्रशांत कुमार मय हमराह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा सदर तहसील के थाना- कोतवाली अंतर्गत ग्राम- विवियापुर व अहिया रायपुर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 200 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया। 2 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत करते हुए 01 अभियुक्त को आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में गिरफ्तार किया गया।

# महापौर ने नगर निगम कार्यालय के पास जलभराव की स्थिति का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर । नगर निगम द्वारा हर वर्ष नाला-नाली की साफ-सफाई के लिए लाखों का ठेका दिया जाता है। इसके बाबजूद महानगर में जलभराव की स्थिति लगातार बनी रहती है। बारिश के मौसम में हालात ज्यादा बिगड़ जाते हैं। यहां तक की हल्की सी बारिश में नगर निगम कार्यालय परिसर और उसके पास जलभराव हो जाता है।

इसी के दृष्टिगत आज महापौर अर्चना वर्मा ने नगर निगम कार्यालय के आसपास बारिश के कारण उत्पन्न जलभराव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल निकासी व्यवस्था को देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम कार्यालय के आसपास जलभराव वाले स्थानों से तत्काल पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। नालियों की साफ-सफाई में तेजी लाई जाए। ताकि वर्षा के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं तथा जलभराव वाले क्षेत्र की निरंतर निगरानी की जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम जनसुविधाओं के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और वर्षा के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी पूरी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी सहित नगर निगम के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षकों के सम्मान और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर: अशोक कुमार

रायबरेली। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ के अवसर पर सलोन ब्लाक परिसर के सभागार में विधायक सलोन अशोक कुमार द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर तहसील स्तरीय कार्यक्रम का माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा बालिका विद्यालय सलोन की बच्चियों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड देकर के सम्मानित किया गया। विधायक सलोन द्वारा प्राथमिक विद्यालय सलोन के बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक का सेट वितरित कर स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का औपचारिक शुरूआत की गई। विधायक सलोन ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षकों के सम्मान और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और उसी कड़ी में आज यह सामाजिक सुरक्षा का उपहार दिया जा रहा है।

## राज्यमंत्री के पत्र के बाद भी नहीं बदला जला ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में आक्रोश

झरेखापुर सीतापुर। सीतापुर उपकेंद्र भवानीपुर फीडर के आवासी पुरवा गांव मे लगा 25 केवीए ट्रांसफार्मर अधिक लोड होने के कारण लगातार जल रहा है।25 केवीए से बढ़ाकार 63 द्वफ की क्षमता का ट्रांफरमर लगाए जाने लिए कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा था बावजूद इसके विभाग द्वारा जले हुए ट्रांसफार्मर को नहीं बदलवाया गया है।ग्रामीण अनिल शर्मा रोहित शर्मा आशीष शर्मा रामप्रताप निकेतन केशवराम आनन्द प्रकाश ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत कर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगावाये जाने की मांग की है।शिकायत मे बताया आवासीपुरवा मे 45 कनेक्शन हैं जो कि 25 केवीए ट्रांसफार्मर ओवरलोड मे जल जाता है। राज्य मंत्री के पत्र के बाद भी विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई है और ना ही नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण ने बताया मामला जानकारी मे नहीं, जाँच करवाता हूँ।

# जिला बदर अपराधी तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने जिला बदर अपराधी को एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक के आदेश पर थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नवादा इंदेपुर निवासी पवन कुमार भारती उर्फ कल्लू राइडर के खिलाफ गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। बीती 07 जून को पुलिस ने अभियुक्त पवन कुमार भारती उर्फ कल्लू राईडर को नोटिस की तामील कराते हुए 06 माह के लिए जनपद शाहजहांपुर की सीमा से जिला बदर किया था। इसके बाबजूद अभियुक्त पवन कुमार भारती उर्फ कल्लू राईडर शहर में रह रहा था। बीती रात थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर अभियुक्त पवन कुमार भारती उर्फ कल्लू राईडर मोहल्ला अजीजगंज में गर्रा नदी के किनारे खड़ा है तथा उसके पास एक अवैध तमंचा भी है।

सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पवन कुमार भारती उर्फ कल्लू राईडर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक अवैध तमंचा तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त पवन कुमार भारती उर्फ कल्लू राईडर पर थाना कोतवाली, थाना सदर बाजार, थाना आरसी मिशन, थाना रोजा, थाना मदनापुर, थाना सेहरामऊ दक्षिणी में चोरी, लूट, हत्या का प्रयास आदि धाराओं में करीब डेढ़ दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।

फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक सुशांत रावत के साथ हेड कांस्टेबल महेशपाल सिंह और मुनीम मालिक आदि मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने मारपीट कर हत्या करने के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।बीती 03 फरवरी 2026 को न्यायालय के आदेश पर थाना सदर बाजार में हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप था कि जनपद पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के मोहल्ला शिवपुरी नवदिया का रहने वाला अभिषेक पुत्र राजपाल जोकि इस समय थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरपुरा में रेलवे लाईन के पास रह रहा है। अभिषेक ने उसके भाई के साथ मारपीट की। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसके भाई की मौत हो गई। इसी क्रम में थाना सदर बाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्या में वांछित अभियुक्त अभिषेक को मोहल्ला बहादुरपुरा में पुराने पोस्मार्टम हाऊस के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव के साथ रिक्रूट कांस्टेबल गौरव कुमार मौजूद रहे।

# बिजुआ-अम्बारा सड़क पर विधान परिषद सख्त पीडब्ल्यूडी सचिव से तलब हुई रिपोर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। वर्षों से क्षेत्रवासियों की मांग बनी बिजुआ-अम्बारा संपर्क मार्ग का मामला अब विधान परिषद तक पहुंचने के बाद तेजी पकड़ता नजर आ रहा है। सड़क निर्माण की धीमी प्रगति को लेकर उठ रहे सवालों के बीच विधान परिषद की याचिका समिति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव से तलब कर विस्तृत प्रगति रिपोर्ट मांगी। समिति की सख्ती के बाद विभाग को सड़क निर्माण की मौजूदा स्थिति का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करना पड़ा।

यह मामला विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता द्वारा लगातार उठाया जाता रहा है। उन्होंने पहले शासन स्तर पर पैरवी कर इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग को स्वीकृति दिलाई और बाद में निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर उठ रही शंकाओं को देखते हुए प्रकरण को दोबारा याचिका समिति के समक्ष रखा। इसके बाद समिति ने विभाग से जवाब तलब किया। याचिका समिति के समक्ष प्रस्तुत आख्या में पीडब्ल्यूडी सचिव दिव्य प्रकाश गिरी ने बताया कि बिजुआ चौराहे से अम्बारा गांव तक 8.20 किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग तीन चरणों में विकसित किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार बिजुआ से सेमरिया तक 4.00 किलोमीटर सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूरी की जा चुकी है, जबकि सेमरिया से बहादुरनगर गुलरहा (1.70 किमी) और बहादुरनगर गुलरहा से अम्बारा (2.50 किमी) तक का निर्माण राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत है और इन दोनों हिस्सों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। विभाग ने समिति को अवगत कराया कि परियोजना पर कार्य जारी है और वर्तमान प्रगति को देखते हुए संबंधित याचिका के निस्तारण पर विचार किया जा सकता है। हालांकि क्षेत्रीय लोगों की नजर अब इस बात पर टिकी है कि शेष निर्माण कार्य आखिर कब तक पूरा होगा।

# शिक्षकों को मिलेगा आधुनिक शिक्षण का प्रशिक्षण, डायट में जुटे 80 प्रतिभागी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर खीरी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) लखीमपुर खीरी में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) तथा एनसीईआरटी की नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण 6 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो गया है। प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य सीमा शुक्ला के नेतृत्व में किया गया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य सीमा शुक्ला ने कहा कि निपुण भारत मिशन केवल एक शैक्षिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों को भाषा और गणित की मजबूत बुनियादी समझ विकसित कराना मिशन का मुख्य उद्देश्य है, जिससे आगे की शिक्षा अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बन सके। प्रशिक्षण में जनपद के सभी विकासखंडों से लगभग 80 प्रतिभागी, जिनमें एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन), केआरपी (की रिसोर्स पर्सन) एवं विशेषज्ञ शिक्षक शामिल हैं, प्रतिभाग कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों से जोड़ने और उन्हें विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

उद्घाटन सत्र में डीसी निपुण सहित संस्थान के प्रवक्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन एवं मार्गदर्शन प्रशिक्षण प्रभारी सरोज वर्मा (प्रवक्ता, डायट), एसआरजी पंकज कुमार वर्मा, डॉ. अनुपमा मिश्रा तथा पूनम सिंह तोमर द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एनसीईआरटी की नई पाठ्य पुस्तकों का विस्तृत परिचय कराया जा रहा है। साथ ही इन पुस्तकों के प्रभावी उपयोग, गतिविधि आधारित शिक्षण, भाषा एवं गणित के शिक्षण की नवीन रणनीतियों, कक्षा-कक्ष में बच्चों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने तथा सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

## थाना प्रभारी ने दिव्यांगजनों का किया आत्मीय स्वागत, हरसंभव पुलिस सहयोग का दिया आश्वासन



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर में क्षेत्र के दिव्यांगजन बंधु औपचारिक शिष्टाचार भेंट के लिए पहुंचे। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने स्वयं उनके पास जाकर आत्मीयतापूर्वक स्वागत किया तथा उनका कुशलक्षेम जाना।थाना प्रभारी ने दिव्यांगजनों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में संवाद स्थापित करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा आमजन, विशेषकर दिव्यांगजनों की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है। भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर तत्काल पुलिस सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। दिव्यांगजनों ने थाना प्रभारी के संवेदनशील व्यवहार और आत्मीय स्वागत की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। यह मुलाकात पुलिस और समाज के बीच विश्वास एवं सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल साबित हुई।

## एसडीएम की मौजूदगी में हटाया गया अवैध कब्जा



**सिधौली सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** सिधौली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कृपालपुर मजरा रेहुआ में जमीन को लेकर काफी दिनों चल रहे विवाद को एसडीएम सिधौली ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच कर आनन फानन में कब्जा हटवाया रामकली की पुश्तैनी जमीन पर अमृत और टहलु वर्षों से अवैध कब्जा किया था जिसकी शिकायत रामकली ने कई बार प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम सिधौली राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया विपक्षी दबंग पर थाना अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए 151 में जेल भेजने का निर्देश दिया।

## खड़ंजे पर मिला महिला का शव, गले पर चोट के निशान से हत्या की आशंका

**हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हरगांव थाना क्षेत्र के मदनापुर से कबीरपुर जाने वाले खड़ंजे पर गुरुवार को एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर हरगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतका की पहचान रेनू (40) पत्नी रक्षपाल, निवासी ग्राम कैथाभारी के रूप में हुई। शव के गले पर चोट के निशान मिलने से मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मृतका नशे की आदी बताई जाती थी। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि वह अक्सर अलग-अलग लोगों के साथ आती-जाती रहती थी। हालांकि, पुलिस इन दावों की स्वतंत्र रूप से जांच कर रही है और फिलहाल किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल तथा क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।इसके बाद विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय सीतापुर भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

# धान की रोपाई के दौरान खूनी संघर्ष, फायरिंग का आरोप

❒ क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने दूरभाष पर बताया कि दबंगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल जैसी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है, मामले की जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जायेगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। कोतवाली महराजगंज क्षेत्र के ग्राम बावन बुजुर्ग बल्ला में खेत की सिंचाई और धान की रोपाई के दौरान हुए विवाद में मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, अटरेहटा निवासी मोनू मौर्य ने बताया कि उसने वर्ष 2022 में ग्राम बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित गाटा संख्या 1555, 1557, 1564 व 1812 की भूमि खरीदी थी। उक्त भूमि बटाई पर दी गई थी और पिछले तीन वर्षों से कोई विवाद नहीं था।

आरोप है कि 8 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे वह चार मजदूरों के साथ धान की रोपाई के लिए पंपिंग सेट से सिंचाई करा रहा था। इसी दौरान नामजद आरोपित अपने साथ 8-10 अज्ञात लोगों को लेकर पहुंचे और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि नामजद आरोपी राजकुमार ने अवैध तमंचे से हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई। हमले में बृजेश, धर्मेंद्र, बिन्देश और अरविन्द घायल हो गए। साथ ही आरोपियों ने पंपिंग सेट नहर में फेंक दिया और ऑटो को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली महराजगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने दूरभाष पर बताया कि दबंगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल जैसी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है विवेचना कर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# ग्राम समाज की जमीन पर पेड़ काटते पकड़े गए लोग, आरा-कुल्हाड़ी छोड़ भागे

❒ किसान की तहरीर पर पुलिस ने शुरु की जांच, थानाध्यक्ष बोले- मामला राजस्व का है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सकरन, सीतापुर । सकरन थाना क्षेत्र की मोहरी ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की जमीन पर लगे पेड़ों को अवैध रूप से काटने का मामला सामने आया है। पेड़ काट रहे लोग ग्रामीणों को आता देख आरा-कुल्हाड़ी छोड़कर मौके से भाग गए। किसान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रमपुरवा निवासी किसान बीरबल पुत्र हिरन बुधवार की दोपहर करीब 1 बजे अपने खेत की निगरानी करने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान मोहारी ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की जमीन पर लगे भिलोर, जैता आदि प्रजाति के पेड़ों को पड़ोसी गांव के कुछ लोग चोरी से काट रहे थे।लोगों ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जेदारी कर एक बाबा ने ग्राम प्रधान से मिलीभगत कर पूर्व में भी करीब डेढ़ लाख रूपए के बेंचकर बंदरबाँट कर लिया था उसी प्रकार से अबकी बार भी प्रधान व मंदिर के पुजारी ने ही कटवाए हैं। बीरबल के मौके पर पहुंचते ही पेड़ काट रहे सभी लोग अपना सामान वहीं छोड़कर भाग निकले। इस संबंध में किसान बीरबल ने थाना सकरन में तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि ''मामला राजस्व संबंधी है। इसकी जांच करवाई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।''ग्राम समाज की भूमि पर पेड़ काटने का मामला होने के कारण वन विभाग और राजस्व विभाग को भी सूचित किया गया है जाँच चल रही है।

## ट्रक से टक्कर बचाने के प्रयास में खाई में उतरी रोडवेज बस, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



**हरगांव सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर लखीमपुर राजमार्ग पर गुरुवार को ट्रक के अचानक सामने आ जाने से रोडवेज बस खायी मे गिर गई।हैदरगढ़ डिपो की बस करीब 42 सवारियां लेकर लखनऊ कैसरबाग से ऐरा लखीमपुर खीरी जा रही थी।हरगांव थाना क्षेत्र मे कल्यानपुर मोड़ काली माता मंदिर के निकट भूसी ढुलान वाला खाली ट्रक अचानक बस के आगे मोड़ दिया।टक्कर से बचाने के लिए बस चालक ने बस को बाई ओर मोड़ दिया जिससे बस खायी मे गिरकर रुक गई।बस चालक को मामूली चोटे आई लेकिन सवारियां सहीसलामत रहीं।बस चालक की होशियारी से बड़ा हादसा होने से टल गया।बस मे बैठी सवारियों को दूसरी बस मे शिफ्ट कर उनके गन्तव्य को रवाना कर दिया गया।बस को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकलवाया गया।

# वायरल वीडियो के बाद सैफायर क्लब एंड लाउंज का बड़ा एक्शन, सुरक्षा में चूक पर सात कर्मचारियों सेवा समाप्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। सिटी मॉल स्थित सैफायर क्लब एंड लाउंज ने 05 जुलाई को आयोजित विशेष आमंत्रण-आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम से जुड़े सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के संबंध में अपना आधिकारिक पक्ष जारी किया है। संस्थान के निदेशक दीपक नारंग ने बताया कि घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर तत्काल सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। दीपक नारंग के अनुसार, 04 एवं 05 जुलाई को उद्घाटन-पूर्व विशेष आमंत्रण-आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम संबंधित विभागों से प्राप्त आवश्यक अनुमतियों एवं लागू नियमों के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें शहर के आमंत्रित अतिथि एवं परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संगीत एवं आतिथ्य व्यवस्था शामिल थी। उन्होंने बताया कि 05 जुलाई को कार्यक्रम के दौरान मंच पर एक पेशेवर कलाकार प्रस्तुति दे रही थीं। इसी दौरान कुछ अनाधिकृत व्यक्ति किसी प्रकार परिसर में प्रवेश कर गए और कलाकार के साथ अनुचित व्यवहार करने का प्रयास किया। सुरक्षा टीम ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए संबंधित व्यक्तियों को परिसर से बाहर कर दिया। हालांकि, इसी दौरान कुछ सेकंड का वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया, जिसके आधार पर आयोजन को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चाएं शुरू हो गईं। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि वायरल वीडियो में दिखाई देने वाले व्यक्ति कार्यक्रम के अधिकृत अथवा आमंत्रित अतिथि नहीं थे। सैफायर प्रबंधन किसी भी कलाकार या अतिथि के साथ अभद्र व्यवहार का न तो समर्थन करता है और न ही उसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य मानता है। घटना की प्रारंभिक समीक्षा के बाद सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर चार सुरक्षा कर्मियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त तीन अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। प्रबंधन का कहना है कि यह निर्णय स्पष्ट संदेश देने के उद्देश्य से लिया गया है कि अतिथियों की सुरक्षा, अनुशासन एवं संस्थान की गरिमा के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।दीपक नारंग ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की आंतरिक जांच जारी है। उपलब्ध वीडियो, प्रवेश व्यवस्था तथा अन्य संबंधित रिकॉर्ड की विस्तृत समीक्षा की जा रही है। साथ ही, घटना में शामिल अनाधिकृत व्यक्तियों की पहचान करने के प्रयास भी जारी हैं तथा उपलब्ध तथ्यों एवं विधिक परामर्श के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ सामग्री के कारण संस्थान की छवि प्रभावित हुई है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पूर्व संस्थान का आधिकारिक पक्ष भी अवश्य देखें। किसी भी संस्था का मूल्यांकन कुछ सेकंड के वीडियो के बजाय उसके समग्र संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली के आधार पर किया जाना चाहिए। सैफायर क्लब एंड लाउंज का उद्देश्य एक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं उच्च-स्तरीय आतिथ्य स्थल के रूप में अपनी पहचान स्थापित करना है, जहां परिवार, दंपती, पेशेवर एवं आमंत्रित अतिथि सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण भोजन, संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकें। प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में प्रवेश नियंत्रण प्रणाली, आमंत्रण सत्यापन प्रक्रिया, सुरक्षा जांच तथा निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो। दीपक नारंग ने कहा कि संस्था अपनी कमियों की समीक्षा करने से पीछे नहीं हटेगी तथा जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, वहां तत्काल और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सैफायर क्लब एंड लाउंज भविष्य में एक जिम्मेदार, सुरक्षित और उच्च मानकों वाले आतिथ्य संस्थान के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत करेगा। प्रबंधन ने कहा कि वह प्रशासन, संबंधित विभागों एवं समाज के सभी वर्गों के साथ सकारात्मक सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी सभी लागू नियमों एवं मानकों का पूर्ण पालन करते हुए बेहतर सेवाएं प्रदान करने का निरंतर प्रयास करता रहेगा।

# मेधावी छात्र सम्मान अभियान में सम्मानित छात्र-छात्राओं का विद्यालय में हुआ अभिनंदन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एक प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले नानपारा नगर के पांच छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

नगर निवासी पत्रकार एवं समाजसेवी वसीम हसन राजा ने मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके आवेदन ऑनलाइन भरवाए, जिसके उपरांत चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्राओं को मिले इस सम्मान से प्रसन्न होकर राहत जनता इंटर कॉलेज, नानपारा के प्रधानाचार्य अरुण प्रकाश चौधरी ने विद्यालय में सभी सम्मानित छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा उन्हें भविष्य में भी मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और ऐसे सम्मान अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनते हैं। विद्यालय परिवार ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर शिक्षक शब्बीर अहमद, अजय यादव, इरफ़ान खान, खालिद मूर्तजा सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## जनपद के 421 बच्चों को संरक्षण प्रदान कर रहा है महिला कल्याण विभाग

बदायूँ। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अन्तर्गत 421 बच्चों के चेहरे पर एक मुस्कान लेकर आयी है। यह वह बच्चे है, जिन्होंने अपने माता-पिता अथवा माता-पिता में से किसी एक को कोविड कॉल के दौरान खो दिया था। ऐसे में यह योजना उन बच्चों तथा गरीब परिवार को वरदान साबित हुयी जिससे कि आसानी से बच्चो द्वारा अपनी पढ़ाई लिखाई तथा बच्चों के अभिभावक द्वारा बच्चों का लालन-पालन किया गया। वर्तमान इस योजना का लाभ लेते हुये बहुत से ऐसे बच्चे है जिनके द्वारा हाईस्कूल तथा इन्टर में प्रथम श्रेणी से पास होने के उपरान्त भिन्न विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की जा रही है। वर्तमान में यह योजना ऑन लाइन कर दी गयी है। अगर कोई ऐसा बच्चा है जो अपने माता-पिता अथवा माता-पिता में से किसी एक को खो दिया है तो इस योजना का लाभ ऑन लाइन आवेदन कर ले सकता है।

# हज 2027 हज कमेटी उत्तर प्रदेश के सदस्य की सम्भल में अहम बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। हज यात्रा 2027 को सुगमय व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए हज कमेटी उत्तर प्रदेश के मा0 सदस्य श्री हाफिज एजाज अहमद (शाहीन अंसारी) द्वारा एक महत्वपूर्ण समीक्षा व रणनीतिक बैठक जनपद सम्भल में संचालित मदरसा अजमल उल उलूम, तेल मण्डी में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी हज 2027 के लिए जिले से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कराने और हज यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर चर्चा करना था। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य वक्फ निरीक्षक, शहर इमाम, विभिन्न मदरसों के संचालक/शिक्षक, हज ट्रेनर एवं हाजी आदि मौजूद रहे।

बैठक के मुख्य बिंदु और रणनीतियां -

**ज्यादा से ज्यादा आवेदन करने की अपील**

जागरूकता और अधिक आवेदन पर जोर-हज कमेटी के सदस्य ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने स्तर पर समाज में जागरूकता फैलाएं ताकि हज 2027 के लिए रिकॉर्ड संख्या में आवेदन किए जा सकें।

मदरसा संचालकों व शिक्षकों की भूमिका-बैठक में मौजूद मदरसा संचालकों और शिक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को हज आवेदन की सही प्रक्रिया के बारे में बताएं और जो लोग तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हैं, उनकी फॉर्म भरने में मदद करें। शहर इमाम और उलेमाओं का सहयोग-शहर इमाम से आग्रह किया गया कि वे जुमे की नमाज और अन्य धार्मिक मजलिसों के माध्यम से लोगों को हज की अहमियत बताने के साथ-साथ समय से आवेदन करने के लिए प्रेरित करें।

प्रशासनिक सहयोग का भरोसा-जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा हज आवेदकों की हर संभव सहायता की जाएगी। फॉर्म भरने, दस्तावेजों-जैसे पासपोर्ट और मेडिकल सर्टिफिकेट के सत्यापन और अन्य तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

हज कमेटी उत्तर प्रदेश के सदस्य का संदेश- हमारा लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश और विशेषकर सम्भल से कोई भी हज यात्री तकनीकी कमी या जानकारी के अभाव में हज यात्रा से वंचित न रहे। डिजिटल माध्यमों को आसान बनाया जा रहा है ताकि लोग घर बैठे आवेदन कर सकें।

हाजियों की समस्याओं पर भी हुई चर्चा- बैठक के दौरान पूर्व में हज यात्रा कर चुके हाजियों ने अपने अनुभव साझा किए और उड़ान, फ्लाइट ठहरने-अकोमोडैशन 60 वर्ष से अधिक उम्र के हाजियों की यात्रा के नियम को सरल करने, ट्वक्क(ट्टथ्थ्ड्ड क्ष्थ्द्ध ऋद्बपध्द्धदध्न्) की तैनाती तथा मेडिकल कैंपों से जुड़े कुछ सुझाव और समस्याएं भी मा0 सदस्य के सामने रखीं। मा0 सदस्य श्री शाहीन अंसारी ने सभी सुझावों को गंभीरता से नोट किया और आश्वासन दिया कि हज कमेटी 2027 की यात्रा को और अधिक आरामदायक और पारदर्शी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक के अंत में सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इस मुहिम को कामयाब बनाने और सम्भल से ज्यादा से ज्यादा आवेदन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी के तहेरे भाई अभय पर भी लगाई रासुका

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। सैंजनी के एचपीसीएल प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप के भाई तहेरे भाई अभय प्रताप उर्फ कल्लू पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है। मंगलवार को ही न्यायालय से अभय प्रताप की जमानत याचिका खारिज हुई थी। इस कांड में मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के विरुद्ध पहले ही रासुका लगाई जा चुकी है। 12 मार्च, 2026 को मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैंजनी गांव स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के बायोगैस प्लांट में घुसकर दो वरिष्ठ अधिकारी सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप के तहेरे भाई अभय प्रताप उर्फ कल्लू की भी हत्याकांड में संलिप्तता पाई गई थी। उसे भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने इस हत्याकांड को आपराधिक षड्यंत्र मानते हुए अभय प्रताप के साथ मुनेंद्र विक्रम, धर्मेंद्र और मुख्य आरोपी अजय प्रताप के सगे भाई केशव उर्फ मिचकू को सहआरोपी बनाया था। इधर, जिला प्रशासन ने अभय प्रताप की आपराधिक गतिविधियों को समाज के लिए खतरा माना। डीएम की मंजूरी के बाद मूसाझाग पुलिस ने आरोपी अभय प्रताप के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार, उसकी गतिविधियां सामान्य कानून से नियंत्रित नहीं हो पा रही थीं। उसकी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया। मुख्य आरोपी अजय प्रताप पर प्रशासन की ओर से पहले ही रासुका की कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस और प्रशासन की ओर से उसकी गतिविधियों को समाज के लिए खतरा बताते हुए रासुका लगाई गई थी। आरोपी अभय प्रताप उर्फ कल्लू का राजनीतिक रसूख भी रहा है। आरोपी अभय प्रताप हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष रह चुका है। एचपीसीएल हत्याकांड के समय भी वह हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष था। पूर्व में जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर उसके स्वागत में बदायूं शहर में गाड़ियों का लंबा काफिला निकला था। मंगलवार को दोहरे हत्याकांड के सहआरोपी अभय प्रताप उर्फ कल्लू अपनी जमानत के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा था। इसके लिए उसकी ओर से जिला न्यायालय में जमानत की याचिका डाली थी। न्यायालय ने मंगलवार को जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान उसको खारिज कर दिया था। अलापुर थाने के ककराला में बवाल के बाद पुलिस ने आरोपी वसीम पुत्र सर्वे अली, यूनुस शाह व उसके बेटे रहीस और यूसुफ पर रासुका की कार्रवाई की गई थी। इसमें सभी आरोपियों को जेल में तामील करा दी गई थी। इसके बाद अब एचपीसीएल हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप और उसके तहेरे भाई अभय प्रताप उर्फ कल्लू पर रासुका की कार्रवाई की गई है। एचपीसीएल दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी के तहेरे भाई अभय प्रताप के खिलाफ पुलिस ने रासुका के तहत कार्रवाई की है। इस केस में जो भी दोषी है। उन सबके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। – डॉ. ह्देश कठेरिया, एसपी ग्रामीण

## बहराइच में आईटीआई की शैक्षणिक अव्यवस्था के विरोध में एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), नानपारा रोड, बहराइच में व्याप्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की। संस्थान में अध्ययनरत प्रशिक्षुओं से लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के सम्बन्ध में संस्थान की प्रधानाचार्या स्मृति शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु कई प्रयासों के बावजूद मुलाकात नहीं हो सकी। दूरभाष पर हुई वार्ता में भी कोई संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। इसके बाद परिषद कार्यकर्ताओं ने संस्थान में जाकर प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की, जिसमें यह आरोप सामने आया कि प्रधानाचार्या नियमित रूप से संस्थान में उपस्थित नहीं रहती हैं। एबीवीपी प्रांत संयोजक जनजातीय कार्य आदर्श शुक्ला का कहना है कि लगातार कई सप्ताह तक प्रधानाचार्या के संस्थान में न मिलने पर 7 जुलाई 2026 को प्रतीकात्मक रूप से ''लापता प्रधानाचार्य'' का पोस्टर संस्थान परिसर में लगाया गया। परिषद के अनुसार, पोस्टर लगाए जाने के लगभग एक से डेढ़ घंटे बाद प्रधानाचार्या संस्थान पहुंचीं। परिषद ने आरोप लगाया कि इस दौरान कार्यकर्ताओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा कर्मचारियों से दबाव बनाकर पुलिस चौकी नानपारा रोड में तहरीर दिलाई गई। आदर्श ने कहा कि पोस्टर लगाए जाने की सूचना के बाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संस्थान का औचक निरीक्षण किया गया। जिला संयोजक आशुतोष मिश्रा ने कहा कि निरीक्षण के दौरान तथा उसके बाद दिए गए प्रधानाचार्य के कुछ बयानों में भी विरोधाभास देखने को मिला, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। जिला संयोजक आशुतोष मिश्रा ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो विद्यार्थी हित में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री आकाश पाण्डेय,तहसील संयोजक अमित,नगर मंत्री हर्षित जायसवाल उपस्थित रहे।

## औरैया में जेसीज चौराहे के पास युवक का शव मिला, सांप के डसने की आशंका

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में कोतवाली क्षेत्र के जेसीज चौराहे के समीप गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकले लोगों और राहगीरों ने सड़क किनारे युवक का शव पड़ा देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया युवक की मौत सांप के डसने से होने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान लोकेश मिश्रा (33) पुत्र अखिलेश उर्फ ब्रजेश मिश्रा, निवासी नारायणपुर के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सांप के डसने का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच जारी है।

## हाथरस में मातृत्व मेले में 112 गर्भवती महिलओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण,मिली जानकारी

हाथरस। उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस के सादाबाद में गुरुवार को आयोजित मातृत्व मेले में 112 महिला गर्भवती ने लाभ लिया । यह आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। महिला चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप, हीमोग्लोबिन और वजन सहित विभिन्न प्रसव पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण किए। इस दौरान 11 गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज और तीन महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन भी लगाए गए। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित जांच, समय पर टीकाकरण और सुरक्षित प्रसव के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की मातृ एवं शिशु कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए परामर्श दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दानवीर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने जोर दिया कि नियमित स्वास्थ्य जांच से गर्भावस्था के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित जटिलताओं की समय पर पहचान कर उनका उपचार संभव हो पाता है।

# 21 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और उत्तर प्रदेश पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त कार्रवाई में एक नेपाली नागरिक को 21 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 59वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के निर्देशन में सीमा क्षेत्र में विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गोपनीय सूचना के आधार पर सीमा चौकी बलाईगांव और थाना मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सीमा स्तम्भ संख्या-665 के निकट भारतीय सीमा के 326 मीटर अंदर नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी शुरू की। रात्रि लगभग 11:05 बजे भारत से नेपाल की ओर जा रहे एक संदिग्ध नेपाली युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 21 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जगदीश शाही (24 वर्ष), पुत्र धनमल शाही, निवासी वार्ड संख्या-05, वीडीसी टीला, थाना जुमला बाजार, जिला जुमला, कर्णाली (नेपाल) के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह स्मैक भारत के बलाईगांव क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति से प्राप्त की थी और उसे अपने सेवन के लिए नेपाल ले जा रहा था। बरामद मादक पदार्थ की पुष्टि एसएसबी के एनडीपीएस डिटेक्शन डॉग मिचू द्वारा भी की गई।

गिरफ्तार आरोपी और बरामद स्मैक को आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना मोतीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी के विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट), 1985 की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। एसएसबी और उत्तर प्रदेश पुलिस ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध गतिविधियों और सीमा पार अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेंगे। दोनों एजेंसियां सीमा सुरक्षा के साथ-साथ नशामुक्त और अपराधमुक्त समाज के निर्माण के लिए पूर्ण समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का बदायूं आने का कार्यक्रम हुआ कैंसिल

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते बताया कि शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बिल्सी में नवनिर्मित बस अड्डे तथा ब्लॉक समरेर में बनाए गए नवनिर्मित ऑडिटोरियम का उद्घाटन करेंगे। डीएम ने बताया कि बिल्सी में नवनिर्मित बस अड्डा लगभग 2100 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। जिसकी कुल लागत 225.40 लाख रुपए है। बस अड्डे का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा निर्धारित समय में पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि बस अड्डे के अंदर मुख्य भवन जिसमें एक अधिकारी कक्ष व एक स्टाफ कक्ष, शौचालय ब्लॉक जिसमें दो-दो पुरुष व महिला शौचालय होंगे। तीन दुकानें भी बनाई जा रही हैं। यात्री प्रतीक्षालय आदि व्यवस्थाओं भी है। उन्होंने बताया बस अड्डे में इंटरलॉकिंग टाइल्स का भी कार्य कराया गया है। यूपीपीसीएल की इकाई 6 बरेली बसअड्डे का निर्माण करा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि ब्लॉक समरेर में नवनिर्मित ऑडिटोरियम का कुल क्षेत्रफल 325 वर्ग मीटर है इसकी कुल लागत 1.29 करोड रुपए है इसमें एक बड़ा हॉल, ग्रीन रूम व शौचालय बनाया गया है।

## बारिश से हाथरस के बिसावर क्षेत्र में जन जीवन प्रभावित, घरों में घुसा पोखर का पानी

हाथरस। उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस के सादाबाद बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के बिसावर क्षेत्र के गांव पचावरी में 30 घंटे से अधिक समय से हो रही लगातार बारिश ने गंभीर जलभराव की स्थिति पैदा कर दी है। गांव के पहले से ओवरफ्लो पोखर का गंदा पानी अब कई घरों में घुस गया है। इससे हैंडपंप पानी में डूब गए हैं और ग्राम सचिवालय परिसर भी जलमग्न हो गया है। बारिश के कारण गांव की गलियां तालाब में बदल गई हैं। कई घरों में पानी भरने से घरेलू सामान खराब हो रहा है। गंदे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने पहले भी पोखर से जल निकासी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था और स्थानीय प्रशासन व विकास विभाग को कई बार शिकायतें दी थीं। उस समय केवल एक दिन के लिए पंप और ट्रैक्टर लगाकर पानी निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। राष्ट्रवादी पार्टी के मंडल प्रभारी सनी भारत ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए तो पार्टी कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# संयुक्त निगरानी समिति ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। संयुक्त निगरानी समिति द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया, जिसमें सुरक्षित बचपन की निगरानी समिति के समस्त सदस्यों द्वारा जिला कारागार में सुरक्षित बचपन के तहत चिन्हित बच्चों के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गय जिसमें समिति द्वारा बच्चों की समस्त आवश्यकताओं की समीक्षा की गयी। बच्चों को स्वास्थ्य, शिक्षा, योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, ए0सी0एम0ओ, बाल रोग विशेषज्ञ, को समिति द्वार निर्देश दिये गयें। वर्तमान में 05 बच्चे अपने माता के साथ संवासित है उनकी आई0सी0पी0 का फॉलोअप तथा बच्चों की समय-समय पर काउसलिंग कराये जाने हेतु जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा जिला कारागार में संवासित महिला बन्दी के परिवार में घर पर रह रहे बच्चों को योजना से जोडने हेतु आवश्यक दस्तावेजो को सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर दस्तावेज तैयार कराये के साथ विभागीय योजना से लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी ,मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मोहन झॉ, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति नन्द किशोर पाठक, संरक्षण अधिकारी रवि कुमार सामाजिक कार्यकता भमरपाल सिंह अधीक्षक जिला कारागार राजेन्द्र कुमार, जेलर जिला कारागार शैलेश कुमार सिंह सोनकर, अनन्या अत्री उप अधीक्षक कारागार उपस्थित रहें।

# पुरानी रंजिश को लेकर किशोर की धारदार हथियार से गला रेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के छपिया थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर एक 17 वर्षीय किशोर पर ब्लेड से हम ला कर उसका गला रेत दिया गया।गंभीर रूप से घायल किशोर को अयोध्या के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है,जहां उसकी हालत नाजुक ब नी हुई है। घटना महमूदपुर गांव में हुई। महमूदपुर निवासी अनिल शुक्ला ने बताया कि उनके 17 व र्षीय पुत्र सत्य प्रकाश शुक्ला छपिया बाजार स्थित अपनी बीज भंडार की दुकान पर थे।आरोप है कि गांव का ही युवक दुकान पर पहुंचा और रास्ते के पुराने विवाद को लेकर सत्य प्रकाश के गले पर ब्ले ड से हमला कर दिया।हमले में सत्य प्रकाश गंभीर



रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, चिकित्सकों ने उसके गले में उसके दर्जनों टांके लगाए हैं और उसकी हालत अ भी भी गंभीर बनी हुई है।इस घटना के बाद इलाके में तनाव का मा ह ौ ल है।परिजनों ने बताया कि घर से दुकान की दूरी लगभग चार किलोमीटर है और आरोपी ने वहीं पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया छपिया थाना प्रभारी प्रबोध कुमार ने जानकारी दी कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# नहर में डूब रहे युवक की सिपाही ने बचाई थीं जान, एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । थाना धानेपुर क्षेत्र में आठ जुलाई को सरयू नहर,अलावल देवरिया में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना प्राप्त हुई।सूचना मिलते ही थाना धानेपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस द्वारा देखा गया कि एक अज्ञात युवक सरयू नहर के तेज बहाव में बह रहा था तथा डूबता-उतराता हुआ सहायता के लिए पुकार रहा था।युवक का जीवन गंभीर संकट में था,स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना धानेपुर पर तैनात हे ड कांस्टेबल पवन यादव द्वारा अदम्य साहस, सूझ बूझ एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना सरयू नहर के तेज ब हाव में छलांग लगा दी।अत्यधिक जोखिम एवं क ठिन प्रयास के बाद हेड कांस्टेबल पवन यादव बह ते हुए युवक तक पहुंचकर युवक को सकुशल बा हर निकाल लिया, जिससे उसकी जान बच गई। बाद में युवक



की पहचान राकेश कुमार पुत्र स्व. नानबाबू, निवासी मोहल्ला खलबा,थाना कोतवाली नगर गोंडा के रूप में हुई। सूचना पर उसके चाचा बाबूलाल को मौके पर बुलाया गया।आवश्यक पूछ ताछ एवं विधिक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उ परांत युवक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया ग या।उक्त सराहनीय एवं साहसिक कार्य के लिए पु लिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा हेड कांस्टे बल पवन यादव को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया है।पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि हेड कांस्टेबल पवन यादव अपनी जान की परवाह कि ए बिना मानव जीवन की रक्षा हेतु प्रदर्शित साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं त्वरित निर्णय क्षमता अत्यंत सरा हनीय है।तथा यह पुलिस बल के लिए अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय उदाहरण है।

# डीआईजी ने सुनी जनता की फरियाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा पुलिस उपमहानिरी क्षक ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्ता रण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वा ले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका नि स्तारण करें।बताते चलें कि जनसमस्या ओं को सुनने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा पुलिस उपमहानि रीक्षक ने सख्त तेवर अपनाए हैं। जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर बृहस्पतिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने अपने कार्यालय में जन सुनवाई किया।सुबह करीब दस बजे से शुरू हुई जन सुनवाई लगभग एक बजे तक चली। देवी पाटन पर क्षेत्र के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने




पुलिस उपमहानिरीक्षक के सामने अपनी सम स्याओं को रखा।पुलिस उपमहानिरीक्षक ने संबं धित थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना।कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो।वही लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जवाबदेही होगी।

# स्वास्थ्य विभाग कि सांठगांठ से फल–फूल रहे डायग्नोस्टिक एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । सरकारी अस्पतालों में डायग्नोस्टिक व अन्य जांच सुविधाएं न होने से प्राइवेट सेंटर खूब फल-फूल रहे हैं।इनके धड़ल्ले से चलने की वजह चिकि त्सकों से इनकी सांठगांठ भी है।वर्षो से बिना विशे षज्ञ के चल रहे गोरख धंधों पर यदा-कदा कार्रवाई कर खानापूर्ति की जाती है।इसके बाद ये कारोबार फिर फलने फूलने लगते हैं। ये हैं हालात : शहर में जिला महिला अस्पताल के पास ,गोंडा स्टेशन रोड जिला अस्पताल के पास और गलियों में और कई जगहों पर डायग्नोस्टिक सेंटर खुल गए हैं।इन सेंट रों पर बोर्ड के अ नु सा र एक्सरे ,अल्ट्र ासाउंड,आदि




### अल्ट्रासाउंड सेंटर पर नहीं हैं विशेषज्ञ

इन जांच केंद्रों को चलाने के लिए एमडी पैथोलॉ जी,एमडी रेडियोलॉजी होना जरूरी है।एक्सरे व अल्ट्रासाउंड के लिए एक्सरे टेक्नीशियन की जरूर त पड़ती है।कुछ सेंटरों ने बाहर के डाक्टरों के बोर्ड लगा रखे हैं।इन्हें देखकर मरीजों के तीमारदार भी आकर्षित होते हैं। यहां जिन डाक्टरों के नाम के बोर्ड लगा रखे हैं,वे हर समय उपलब्ध नहीं होते हैं।जब से थोड़ी सख्ती शुरू हुई है तब से कुछ जांच केंद्रों व अस्पतालों में डीएमएलटी कोर्स वाले जांच कर रहे हैं।

### इमरजेंसी सेवा का उठा रहे लाभ

सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों में जहां इमरजेंसी सेवाएं चल रही हैं,वहां पर एक्स रे,अल्ट्रासाउंड के अलावा अन्य जांचों की जरूरत पड़ती है।वहां पर ये सुविधाएं न मिलने पर निजी जांच केंद्रों पर जाना पड़ता है।नौसिखिए इन केंद्रों पर रिपोर्ट भी तैयार करते हैं। पड़ताल के दौरान कु छ अस्पतालों पर यह भी जानकारी सामने आई जो लोग विशेषज्ञों की अनुपस्थिति में निजी अस्प तालों में इमरजेंसी सेवाएं दे रहे हैं,उनके ही डाय ग्नोस्टिक सेंटर व जांच केंद्र भी चल रहे हैं।इन डाय ग्नोस्टिक सेंटर पर विशेषज्ञ के बिना नौसिखिए ही मोबाइल पर सेंटर को चलाते दिखाई दिए।

सुविधाएं मिल रही हैं।खून,पेशाब व मल की जांच की जाती है।कमोवेश यही स्थिति कर्नलगंज,कटरा बजार,तरबगंज मनकापुर व अन्य कस्बों में चल र ही है।

## बूथ अध्यक्ष की सक्रियता, निरंतरता और लक्ष्य-केंद्रित कार्यशैली ही प्रत्येक परिणाम को विजय में तब्दील करेगी : धर्मपाल

उरई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को जालौन के जागृति होटल उरई में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए बूथ स्तर के माइक्रोमैनेजमेंट को समझाया। सोशल इंजीनियरिंग का मंत्र दिया। बैठक को संबोधित करते हुए धर्मपाल ने कहा कि मजबूत बूथ संरचना और कुशल बूथ प्रबंधन ही भाजपा की सुनिश्चित विजय का आधार बनेगा। 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति के केंद्र में बूथ अध्यक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी सक्रियता, निरंतरता और लक्ष्य-केंद्रित कार्यशैली ही प्रत्येक परिणाम को विजय में परिणित करेगी। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर नियमित बैठक होनी चाहिए। बैठक का एजेंडा पूर्व निर्धारित हो और रजिस्टर मेंटेन करना है। अभियानों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करना है। प्रत्येक बूथ पर पार्टी के सभी कार्यक्रम एवं अभियान प्रभावी ढंग से संपन्न हों, इसके लिए बूथ समितियों को सक्रिय बनाना आवश्यक है।

# मेरे खिलाफ साजिश रचने वालों को बेनकाब कर दूंगा : राहुल सिंह चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । क्रिप्टो करेंसी व ऑनलाइन निवेश के नाम पर जिले के तहसील करनैलगंज क्षेत्र के सात ग्रामीणों से वोडब्रो कंपनी में करीब एक करोड़ आठ लाख रुपये की हुई ठगी के मामले में करनैलगंज कोतवाली में रजनीश रौशन, शिल्पी सिंह, दीपक कुमार,राहुल सिंह और आदिल के खिलाफ बुधवार को दर्ज हुए मुकदमे के बावत युवा समाजसेवी राहुल सिंह चौहान ने बड़ा ही चौंकाने वाला बयान दिया है।उन्होंने कहा कि करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में उनकी दिन प्रतिदिन बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षियों की धड़कने बढ़ गई हैं।विपक्षियों द्वारा उनकी छवि धूमिल करने के इरादे से उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश रची जा रही है।उन्होंने कहा, जिस तरीके से



साजिश करके मुझे और मेरे परिवार को इस मामले में फर्जी तरीके से फंसाया जा रहा है।उनका कहना है कि जिस कंपनी का जिक्र कर मुझे व मेरे परिवार को फर्जी मामले में फंसाकर बदनाम करने की साजिश हो रही है, उससे न तो मेरा और ना ही मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई

**बढ़ती लोकप्रियता से राज नीतिक विरोधियों की बढ़ी बेचैनी**

**लोकप्रियता की बढ़ती लहर से राजनीतिक विरोधी असहज''**

**जनता का बढ़ता विश्वास, विरोधियों को नहीं हो रहा हज़म**

**करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती लोकप्रियता बनी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय**

वास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरी लोकप्रियता को देखकर कुछ राजनीतिक लोग मुझे और मेरे परिवार को दबाने की कोशिश कर हैं, लेकिन में दबने वाला नहीं हूँ। हालांकि उन्होंने साजिशकर्ता का नाम लिए बिना कहा कि समय आने पर सबका पर्दाफाश करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मैं जनता के बीच जाऊंगा और अब जनता ही साज़िश रचने वालों का हिसाब और न्याय करेगी। कहा कि मेरे निजी जीवन पर सवाल खड़े किए गए हैं, जो मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा।वहीं क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे जनसंपर्क कार्यक्रमों और लोगों के बढ़ते समर्थन को लेकर राजनीतिक माहौल गर्माता दिखाई दे रहा है। समर्थकों का दावा है कि जनता के बीच बढ़ते विश्वास और लोकप्रियता के कारण राजनीतिक विरोधी असहज महसूस कर रहे हैं। हाल के दिनों में विभिन्न सामाजिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली है।समर्थकों का कहना है कि जनता का यह विश्वास राहुल सिंह चौहान द्वारा निरंतर जनसेवा और क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है।

# ओडीओपी प्रशिक्षण : 13 से 15 तक होंगे आवेदकों के साक्षात्कार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रशि क्षण एवं टूलकिट योजना के तहत ऑनलाइन आ वेदन करने वालों के साक्षात्कार 13 से 15 जुलाई तक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र में होंगे।जिला उद्योग उपायुक्त बाबूराम यादव ने बताया कि 13 जुलाई को खाद्य प्रसंस्करण दाल 14 जुलाई को खाद्य प्रसंस्करण तथा 15 जुलाई को खाद्य प्रसंस्करण (मक्का) ट्रे ड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा।सभी साक्षात्कार सुबह 11 बजे से उपायुक्त उद्योग कार्यालय,जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास कें द्र,गोंडा में आ योजित किए जाएंगे।बताया कि साक्षात्कार में केवल वही अभ्यर्थी शामिल होंगे,जिन्होंने ओडी ओपी योजना के तहत दस दिवसीय प्रशिक्षण एवं उन्नत टूलकिट के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है।साक्षात्कार के दौरान मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत क रना अनिवार्य होगा।वही उपायुक्त उद्योग ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से समय से उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

# बहराइच में 63 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य, वन विभाग ने बनाई व्यापक कार्ययोजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच कार्यालय परिसर में गंगा संरक्षण समिति, पर्यावरण संरक्षण समिति व जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित कर जनपद में विभाग द्वारा नियत वृक्षों के रोपण व उनके संरक्षण की कार्ययोजना बनाई गई तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वन एवं पर्यावरण मंत्री व वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों से समन्वय एवं संवाद स्थापित कर जिले में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण व रोपित वृक्षों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। गंगा संरक्षण समिति, जिला पर्यावरण संरक्षण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच (डी0एफ0ओ) सुन्दरेसा ने बताया कि वर्ष 2026-27 हेतु जनपद में 63 लाख 12 हजार 600 पौध रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिला कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, विकास विभाग समेत अन्य विभाग व पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य कर रहे




सामाजिक संस्थाओं व धार्मिक संस्थाओं के समन्वय से जनपद में लगातार वृक्षा रोपण अभियान चलाया जा रहा है।महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ0 अरुण कुमार सक्सेना को अवगत कराया कि , जनपद में सामाजिक व धार्मिक संगठनों से समन्वय बनाकर जिले के माध्यमिक व महाविद्यालयों तथा मठ मंदिर एवं नदी झील तालाब के तटीय इलाकों में हरिशंकरी व पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर स्थानीय जन सहयोग से उनको संरक्षित करने का प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र गुप्ता ने बताया कि संगठन के तत्वावधान में संघन वृक्षारोपण अभियान तीव्र गति से चलाया जा रहा है तथा लोगों को वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। शिक्षाविद समाजसेविका डॉ तस्मीन फातिमा जैदी ने बताया कि , बालिकाओं व महिलाओं को वृक्षारोपण अभियान में सहयोग करने के लिए सघन जन सम्पर्क अभियान चलाकर वृक्षारोपण अभियान से जोड़ा जा रहा है।

अधिवक्ता परिषद जिला महामंत्री आलोक शुक्ल ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान से अधिवक्ताओं व न्यायिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को अधिकारियों से जोड़ने के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ0 अरशद रईस ने बताया कि , जिले के इंटर कॉलेज तथा महाविद्यालयों में वृक्षारोपण अभियान से विद्यार्थियों अध्यापकों व अभिभावकों को जोड़ने के लिए अभियान शुरू किया गया है। गायत्री परिजन सूर्य प्रताप त्रिपाठी व गौ सेवक जगदीश मिश्र ने बताया कि , अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान को गति देने के लिए समन्वय व संवाद स्थापित किया जा रहा है आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी एडवोकेट , समाजसेवी उमेश चंद्र मिश्र , वैष्णवी मिश्र , संघ विचारक अर्जुन कुमार दिलीप , किसान समन्वयक शिव कुमार , गायत्री परिजन राम कृपाल शुक्ला , प्रवक्ता डॉ0 पंकज श्रीवास्तव , पर्यावरण विद संजय श्रीवास्तव , सुरेंद्र गिरी , उपप्रभागीय बनाधिकारी घनश्याम शुक्ला , वन दरोगा अजय दीप श्रीवास्तव , पर्यावरण विद राकेश चंद्र श्रीवास्तव , प्रधान सहायक राम महेश आदि लोग उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर वृक्षारोपण अभियान को गतिशील एवं प्रभावी बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# सर्वेश पाठक के जन्म दिवस पर रक्तदान व वृक्षा रोपण अभियान को मिलेगा व्यापक जनसहयोग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक रक्त दान एवं वृक्षारोपण अभियान में लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा एक पत्र प्रेषित कर शुभकामना-व संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्ज़ा, उत्साह एवं सेवा-भाव का संचार हुआ है।सर्वेश के जन्म दिवस पर उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में सं दीप साहू के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं,। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा स्वैच्छिक रक्तदान मानवता के प्रति हमारी सर्वोच्च सेवा का प्रतीक है,जबकि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का सशक्त माध्यम है।हमारा संकल्प है कि यह अभियान जन भागीदारी के मा ध्यम से सेवा, संवेदना और पर्यावरण संरक्षण का राष्ट्रीय जनआंदोलन बने।उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष संदीप साहू ने कहा लोकसभा अध्यक्ष का शुभका मना-पत्र प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा और दा यित्वबोध का संदेश है।उत्तर प्रदेश के सभी जनप दों में कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण एवं सेवा-भाव के सा थ रक्तदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर समाजहित एवं राष्ट्रहित के इस अ भियान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन से 15 जुलाई 2026 को इस जनहितैषी अभियान में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित क रने का आह्वान किया है।

## बारिश में टीनशेड गिरने से बेघर हुआ परिवार, पीड़ित ने एसडीएम से मांगी मदद

पूरनपुर। लगातार हो रही बारिश ने गरीब परिवारों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। पूरनपुर देहात के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी पप्पू शाह पुत्र छोटे शाह का मकान बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया। घर पर लगा टीनशेड तेज हवा और बारिश के कारण गिरकर टूट गया, जिससे घर में रखा सारा सामान भी नष्ट हो गया।पीड़ित पप्पू शाह ने उप जिलाधिकारी पूरनपुर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है। प्रार्थना पत्र में उन्होंने कहा कि वह बेहद गरीब व्यक्ति हैं। और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बारिश के चलते घर की छत गिर जाने से पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। घरेलू सामान भी पूरी तरह भीगकर खराब हो चुका है।पप्पू शाह ने तहसील प्रशासन से राहत राशि और आवास बनाने के लिए आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है, ताकि उनका परिवार सिर छिपाने के लिए दोबारा छत पा सके।स्थानीय लोगों ने भी पीड़ित की स्थिति को देखते हुए प्रशासन से शीघ्र मदद उपलब्ध कराने की अपील की है। उनका कहना है कि लगातार बारिश से कई कच्चे मकान जर्जर हो गए हैं और गरीब परिवारों को तुरंत राहत की जरूरत है।

# पिछड़े वर्ग के आरक्षण सम्बंधी सुझावों के लिये आयोग ने अमेठी में की बैठक

## स्थानीय परिस्थितियों, सामाजिक आर्थिक स्थिति एवं राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर लिया गया फीडबैक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार अमेठी में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य एस.पी. सिंह, संतोष कुमार विश्वकर्मा, बृजेश कुमार एवं अरविंद कुमार चौरसिया उपस्थित रहे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिला पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।बैठक में आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुये स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्ग के आरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत सुझाव प्राप्त किये। आयोग ने ग्रामीण क्षेत्रों में पिछड़े वर्ग की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, भूमि स्वामित्व, भूमिहीन परिवारों की संख्या, आजीविका एवं आय के स्रोत, सरकारी सेवाओं में भागीदारी तथा राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी संकलित की। आयोग के सदस्यों ने विभिन्न जातीय समूहों की जनसंख्या, उनके सामाजिक विकास के स्तर तथा स्थानीय निकायों में उनकी सहभागिता के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की परिस्थितियों के आधार पर सुझाव प्रस्तुत किए, जिन्हें आयोग ने गंभीरता से सुना और अभिलेखित किया। आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि अमेठी जनपद में प्राप्त सुझावों, तथ्यों एवं आंकड़ों का समुचित परीक्षण कर आयोग अपनी संस्तुतियां शासन को प्रेषित करेगा। बैठक शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और आयोग के समक्ष अपने विचार रखे।

आयोग ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से ही समाज के सभी वर्गों के हितों का समुचित संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है।

### आज सुलतानपुर दौरे पर रहेंगे मंडलायुक्त अयोध्या

सुलतानपुर। अयोध्या मंडल के मंडलायुक्त शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 को सुलतानपुर जनपद के दौरे पर रहेंगे। दौरे के दौरान वह विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक करने के साथ-साथ करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जमीनी हकीकत परखेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंडलायुक्त सबसे पहले राजकीय इंटर कॉलेज, सुलतानपुर परिसर में लगभग 4.92 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे मिनी स्टेडियम का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद नगर पालिका परिषद के जोनल कार्यालय के पीछे प्रस्तावित लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं पार्किंग निर्माण कार्य का जायजा लेंगे। इसके उपरांत मंडलायुक्त वृक्षारोपण, पौध संरक्षण, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड सहित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा अधिकारियों के साथ करेंगे। इसके अलावा कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा राहत एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित होगी, जिसमें लंबित मामलों, विकास कार्यों की प्रगति और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक अभिलेखों के साथ समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। मंडलायुक्त का यह दौरा विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# परशुरामपुरी' नामकरण पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से मिले भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा ने नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से शिष्टाचार भेंट कर शाहजहाँपुर जनपद की जलालाबाद विधानसभा का नाम ''परशुरामपुरी'' घोषित किए जाने के निर्णय पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर गौतम शर्मा के साथ उनके कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। भाजपा नेता गौतम शर्मा ने कहा कि ''परशुरामपुरी'' नामकरण केवल प्रशासनिक परिवर्तन नहीं, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान को सशक्त करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री परशुराम भारतीय संस्कृति में शौर्य, तप, त्याग, धर्म और न्याय के प्रतीक माने जाते हैं। उनके नाम पर क्षेत्र की पहचान स्थापित होना आने वाली पीढ़ियों को अपनी गौरवशाली विरासत से जोड़ने का कार्य करेगा।उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है, जबकि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक धरोहरों के सम्मान एवं जनभावनाओं के अनुरूप अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं।गौतम शर्मा ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने क्षेत्र की जनआकांक्षाओं और स्थानीय भावनाओं का सम्मान करते हुए इस महत्वपूर्ण निर्णय को मूर्त रूप दिलाने में सराहनीय भूमिका निभाई है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के इतिहास में लंबे समय तक याद रखा जाएगा।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव और जनकल्याण के संकल्प के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को पहुँचाने का कार्य निरंतर करती रहेगी।

# एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस पर नानपारा में निकली भव्य शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को नानपारा नगर में भव्य एवं अनुशासित शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कर्तनिया तिराहे तक पहुंची तथा पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का नेतृत्व जिला संयोजक अनुष्का सिंह ने किया, जबकि राष्ट्रीय सोशल मीडिया सह-सहसंयोजक मयंक अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। यात्रा में एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में भारत माता के जयकारों एवं संगठन के उद्घोषों से वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा।

इस अवसर पर जिला प्रमुख दयाशंकर जायसवाल, तहसील संयोजक हर्ष कसौंधन, तहसील प्रमुख इन्द्र प्रकाश, नगर मंत्री हर्षवर्धन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु मिश्र, विभाग छात्रा प्रमुख खुशबू शर्मा सहित बड़ी संख्या में परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कोतवाल राजनाथ सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी यात्रा के साथ-साथ मौजूद रहा। पुलिसकर्मियों ने पूरे मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया।

# विधानसभा कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न,संगठन सुधार,सेक्टर,बूथ एव जोंन पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 129 विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर की विधानसभा कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया इस अवसर पर संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक विस्तार, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों तथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि अरशद खान एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजवादी नेता ओम शर्मा ने किया।अध्यक्षीय संबोधन में संजय सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। प्रत्येक बूथ को मजबूत कर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 2027 का चुनाव प्रदेश के भविष्य और सामाजिक न्याय की दिशा तय करेगा, इसलिए सभी कार्यकर्ता अभी से पूरी सक्रियता के साथ जुट जाएं।मुख्य अतिथि अरशद खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों, युवाओं, मजदूरों, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों की आवाज रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच रहकर संघर्ष तेज करने और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि उमाशंकर यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है। बूथ स्तर पर मजबूत टीम और सक्रिय कार्यकर्ता ही समाजवादी पार्टी को वर्ष 2027 में विजय दिलाएंगे।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा समाजवादी आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक गांव और प्रत्येक बूथ पर संगठन को सक्रिय करना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।वरिष्ठ समाजवादी नेता अशोक राजा ने कहा कि समाजवादी विचारधारा समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय और सम्मान दिलाने की विचारधारा है। जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना ही सच्चे समाजवादी कार्यकर्ता की पहचान है।समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने कहा कि छात्र और युवा समाजवादी आंदोलन की रीढ़ हैं। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय एवं संविधान की रक्षा के लिए छात्र सभा निरंतर संघर्षरत रहेगी। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़ने का आह्वान किया।ब्लॉक अध्यक्ष नजमूल हसन खान ने संगठन विस्तार पर जोर देते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता से नए लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील की।सतीश वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा।याकूब अंसारी ने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को समाजवादी आंदोलन की पहचान बताते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का आह्वान किया।प्रशांत अवस्थी ने युवाओं को संगठन में अधिक जिम्मेदारी देने की आवश्यकता पर बल दिया।अशफाक खां ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी।कल्याण सिंह सरोज ने संगठन की एकजुटता को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। रामकिशोर पाल ने कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही समाजवादी पार्टी की जीत की सबसे बड़ी गारंटी है।बैठक में संगठन विस्तार, बूथ गठन, सदस्यता अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रम तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से सभासद नादिर रजा बरकाती, विधानसभा महासचिव निशान मियां, पप्पू शाह, इमरान वली खान, महिला सभा विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह, अहीद खान, ताज मोहम्मद, नाबीर अली मंसूरी, उस्मान शाह, रियाज अली, शिवम यादव, विवेक शुक्ला, वसीम खान, रामस्वरूप अवस्थी, फाजिल खान, बसंत कुमार, जवाहर लाल, मानवेन्द्र यादव, आदर्श पाण्डेय, अफजल अंसारी सहित समाजवादी पार्टी एवं उसके विभिन्न प्रकोष्ठों के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक के उपरांत समाजवादी मजदूर सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर नादिर रजा बरकाती का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उपस्थित नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाजवादी मजदूर सभा और अधिक मजबूत होगी तथा संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

# सत्ता का नशा में उड़ाई कानून की धज्जियाँ

## भाजपा नेत्री पूजा कसौधन पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। नगर कोतवाली की शाहगंज पुलिस चौकी में भाजपा नेत्री पूजा कसौधन का एक व्यक्ति को पुलिस की मौजूदगी में थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में चौकी प्रभारी मूकदर्शक बने दिखाई दे रहे हैं। थप्पड़ मारने के बाद कथित तौर पर भाजपा नेत्री यह कहते हुए भी सुनाई दे रही हैं कि अब तुम अपनी औकात भूल जाओगे। यदि वायरल वीडियो सही है तो सवाल केवल एक थप्पड़ का नहीं बल्कि कानून के सम्मान का है। क्या किसी राजनीतिक पद या प्रभाव के दम पर पुलिस चौकी के भीतर ही किसी के साथ अभद्रता और मारपीट की जा सकती है? और यदि ऐसा हुआ तो पुलिस की भूमिका केवल तमाशबीन बनने की क्यों रही। बताया जाता है कि संबंधित भाजपा नेत्री पहले भी कई विवादों को लेकर चर्चा में रही हैं। ऐसे में यह घटना और भी गंभीर सवाल खड़े करती है। पुलिस कप्तान ने मामले को संज्ञान में लेते हुए भाजपा नेत्री पूजा कसौधन पर मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश कर दिया और चौकी इंचार्ज पर विभागीय जांच के आदेश दिया।

# जीआरपी में कानून की चौखट पर वसूली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जीआरपी की कार्यशैली इन दिनों सवालों के घेरे में है। हालात ऐसे बताए जा रहे हैं कि सुरक्षा व्यवस्था से ज्यादा चर्चाएँ वसूली, दबंगई और अनुशासनहीनता की हो रही हैं। आरोप है कि पश्चिम से आए कुछ सिपाहियों ने जीआरपी की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह सब बिना विभागीय संरक्षण के संभव है। चर्चा है कि जीआरपी प्रभारी भोलाशंकर का इन पर पूरा संरक्षण प्राप्त है। आखिर हो भी क्यों न? स्टेशन के बाहर टेम्पो स्टैंड, वेंडरों और कथित टिकट दलालों से होने वाली कथित वसूली का खेल यदि सच है तो फिर संरक्षण की कहानी भी लोगों की जुबान पर होना स्वाभाविक है। आरोप है कि इस पूरे नेटवर्क की कमान सिपाही योगेश कुमार यादव के हाथों में है। बताया जाता है कि बिना वर्दी के चलने वाला यह सिपाही दो वर्दीधारी पुलिसकर्मियों के साथ ऐसे घूमता है मानो उसे व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए सरकारी एस्कॉर्ट उपलब्ध कराया गया हो। सवाल यह है कि आखिर यह विशेष रुतबा किस आधार पर। यदि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे दृश्य वास्तविक हैं तो तस्वीर और भी चिंताजनक है। आरोप है कि एक व्यक्ति को जानवरों की तरह बेरहमी से पीटा जा रहा है। ऐसे दृश्य न केवल पुलिस की छवि पर दाग लगाते हैं बल्कि आम नागरिक के मन में कानून के प्रति भरोसा भी कमजोर करते हैं। स्टेशन परिसर में दहशत का माहौल होने की भी चर्चा है। लोग शिकायत करने से बचते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि कार्रवाई की जगह शिकायतकर्ता ही मुश्किल में पड़ सकता है। दूसरी ओर गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय गौरव के

### दहशत और अनुशासनहीनता के गंभीर सवाल

अवसर पर भी अनुशासन तार-तार होता दिखाई देता है। आरोप है कि सलामी समारोह के दौरान सिपाही नितिन कुमार मलिक का आचरण वर्दी की गरिमा और तिरंगे के सम्मान के अनुरूप नहीं था। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल अनुशासनहीनता नहीं बल्कि उस वर्दी की मर्यादा पर भी प्रश्नचिह्न है जिसकी शपथ देश की सेवा के लिए ली जाती है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सुल्तानपुर जीआरपी में कानून का राज है या कुछ लोगों की मनमानी का। क्या रेलवे स्टेशन सुरक्षा का केंद्र है या कथित वसूली और दबंगई का अड्डा? यदि लगाए जा रहे आरोपों और सीसीटीवी फुटेज में दम है तो संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर सच्चाई जनता के सामने लानी चाहिए। वर्दी सम्मान का प्रतीक है, भय और बदनामी का नहीं।

### अमेठी में उधारी के बीईओ करेंगे चार ब्लाकों का संचालन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद अमेठी के चार विकास क्षेत्रों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों की पदोन्नति के बार रिक्त हुये पदों पर उधारी के बीईओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है ऐसी दशा में शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करना कड़ी चुनौती है। जनपद अमेठी के विकास क्षेत्र शुकुल बाजार, गौरीगंज, तिलोई और बहादुरपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारियों का प्रमोशन हो गया है जिसमें तिलोई को छोड़कर तीन ब्लाकों के बीईओ कार्यमुक्त होकर नवीन तैनाती वाले जनपदों में कार्यभार ग्रहण भी कर लिया है। वृहद मरम्मत के नाम पर आई एक करोड़ से अधिक रुपये की धनराशि के बंदरबांट और भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी को जिला मुख्यालय स्थित बीएसए कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया था और सिंहपुर विकास क्षेत्र का प्रभारी बीईओ बहादुरपुर के बीईओ राकेश कुमार सचान को बना दिया गया था लेकिन उनके पदोन्नत होने पर एक बार फिर खण्ड शिक्षा अधिकारी सिंहपुर की कुर्सी खाली हो गई तो मुसाफिरखाना के खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश सिंह को प्रभार सौंपा दिया गया है। बताते चलें कि मुसाफिरखाना से सिंहपुर की दूरी करीब पैंतालिस किलोमीटर है अब ऐसी दशा में यहां के विद्यालय और शिक्षण व्यवस्था का सुचारु रूप से संचालन करना कड़ी चुनौती है।भादर के खण्ड शिक्षा अधिकारी को गौरीगंज तो जामो के बीईओ को बहादुरपुर के साथ ही जगदीशपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी को शुकुल बाजार का खण्ड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बीएसए संजय तिवारी द्वारा जारी किया गया आदेश बेसिक शिक्षा विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है कि ये चार ब्लाक कब तक सम्बद्ध के झूले पर झूलते हैं फिलहाल यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

### चोरी के मामले में वांछित युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पीपरपुर पुलिस ने चोरी के अभियोग में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में वांछित रमेश कुमार यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी ग्राम गंगा पाण्डेय का पुरवा मजरे टिकावर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया व तीन बाल अपचारी नियमानुसार निगरानी में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी से रमेश कुमार यादव के कब्जे से एक वीवो वी व एक बाल अपचारी के कब्जे से एक रियलमी सेवन मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा की बढ़ोत्तरी की गई। इस सम्बंध में थाना पीपरपुर के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

### अहोरवा भवानी के ग्राम प्रधान की मां के निधन पर शोक की लहर

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत अहोरवा भवानी के ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल की माता जी का आकस्मिक निधन हो गया है इसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ब्लाक प्रमुख के साथ ही अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। भाजपा सिंहपुर के मण्डल अध्यक्ष अमरीश जायसवाल एवं अहोरवा भवानी के ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल की मां जनक दुलारी गुरुवार को अचानक अस्वस्थ्य हो गई परिजन उन्हें जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई लेकर पहुंचे जहां से चिकित्सकों ने एम्स हॉस्पिटल रायबरेली के लिये रेफर कर दिया और एम्स हॉस्पिटल से लखनऊ रेफर करने के बाद देर शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों समेत रिश्तेदारों व ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को गांव स्थित पैतृक बाग में उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, प्रधान संघ अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, धर्मेश मिश्रा, कौशलेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, लल्लन सिंह,कुलदीप मिश्रा, सुरेन्द्र बहादुर सिंह,बैजनाथ जायसवाल, अनिल पाण्डेय,रिंकू सिंह, सुशील त्रिपाठी, राहुल पाठक, श्रीचंद्र चौरसिया, मुन्नू तिवारी, जयकांत श्रीवास्तव सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधानों, भाजपा नेताओं और सम्भ्रांत नागरिकों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

# अतिक्रमण के साये में एनएच-730, सिरसा चौराहा पर हर पल मंडरा रहा हादसे का खतरा, दोनों ओर पटरियों पर काबिज है अवैध कब्जाधारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।पूरनपुर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-730 पर स्थित सिरसा चौराहा इन दिनों अवैध अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है नगर के सिरसा चौराहा पर राष्ट्रीय राजमार्ग-730 की पटरियों पर फैला अतिक्रमण अब स्थानीय लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है हाईवे के दोनों ओर फल के ठेले, अस्थायी दुकानें तथा बसों और टैक्सियों का अनियंत्रित जमावड़ा न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है, बल्कि राहगीरों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन चुका है स्थिति यह है कि सड़क की पटरियां सिकुड़ जाने से पैदल चलने वालों को मजबूरन मुख्य मार्ग पर चलना पड़ता है, जहां दिन-रात भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है स्थानीय नागरिकों के अनुसार, सिरसा चौराहे से लेकर घुंघचिहाई चौराहे तथा पीडब्लू डी गेस्ट हाउस की दीवार क सहारे तक शाम ढलते ही जाम जैसी स्थिति बनने लगती है फल मंडी और अस्थायी दुकानों के सामने ग्राहकों की भीड़ तथा सड़क किनारे खड़ी बसों और टैक्सियों के कारण वाहन रेंगने लगते हैं कई बार आपातकालीन वाहनों को भी रास्ता बनाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है राहगीरों का कहना है कि यदि किसी ने अतिक्रमण या अवैध पार्किंग का विरोध किया, तो विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस समस्या के संबंध में समय-समय पर प्रशासन और संबंधित विभागों को शिकायतें दी गईं, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है कुछ लोगों ने अवैध वसूली और संरक्षण की आशंका भी जताई है हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और संबंधित अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी सामने नहीं आई है राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की जेई सुमनलता ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को दो नोटिस जारी किए जा चुके हैं अब अंतिम नोटिस जारी कर नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्रवाई के दौरान हाईवे की पटरियों को पूरी तरह खाली कराया जाएगा और दोबारा कब्जा करने वालों के विरुद्ध भी नियमानुसार कदम उठाए जाएंगे उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में जरा और गजरौला कलां क्षेत्रों में इसी प्रकार का अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जा चुका है अवैध टैक्सी स्टैंड के संबंध में परिवहन विभाग का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन संबंधित अधिकारी अस्वस्थ होने के कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमणमुक्त रखने के स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं ऐसे में अब स्थानीय लोगों की निगाहें प्रशासन की प्रस्तावित कार्रवाई पर टिकी हैं क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता अब देखना यह है कि नोटिसों के बाद धरातल पर कार्रवाई कब और किस रूप में दिखाई देती है एनएच-730 की दोनों पटरियों पर अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत वाहन खड़े होने की शिकायत,पैदल यात्रियों को सड़क पर चलने की मजबूरी, दुर्घटना का बढ़ता खतरा,शाम और रात में सिरसा से घुंघचिहाई चौराहे तक जाम की स्थिति,राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी,अंतिम नोटिस के बाद कार्रवाई का आश्वासन, जनता को त्वरित कार्रवाई की प्रतीक्षा ।

### पुलिस चौकी में थप्पड़कांड से गरमाई सियासत, कांग्रेस ने उठाए कानून-व्यवस्था पर सवाल

सुल्तानपुर। नगर कोतवाली की शाहगंज पुलिस चौकी में भाजपा नेत्री पूजा कसौधन द्वारा पुलिस की मौजूदगी में एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून का नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में पल रही गुंडागर्दी का राज कायम हो गया है। यदि पुलिस चौकी के भीतर, पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में एक व्यक्ति को थप्पड़ मारा जाता है और पुलिस तमाशबीन बनी रहती है, तो यह केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं बल्कि पूरे कानून और संविधान का सार्वजनिक अपमान है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को आखिर यह अधिकार किसने दिया कि वे पुलिस चौकी को अपनी निजी जागीर समझकर कानून हाथ में लें, यदि यही घटना किसी आम नागरिक या विपक्षी दल के कार्यकर्ता द्वारा की गई होती, तो अब तक उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी हो चुकी होती।

## सम्पादकीय

# शर्मसार हैं हम

अब आए दिन देश के प्रिंट मीडिया से लेकर अन्य सूचना माध्यमों में यौन अपराधों की विचलित करने वाली घटनाएं सुर्खियों में रहती हैं। यौन लिप्साओं का यह विस्फोट विचलित करने वाला है। कोई निर्भया, किसी के साहस के बूते अपने साथ हुए अन्याय को उजागर कर देती है, वहीं देश की अनेक निर्भयाएं यौन हिंसा व क्रूरता के बावजूद गुमनामी के अंधेरे में त्रास झेलने को अभिशप्त हो जाती हैं। हाल की दो घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में बारह वर्षीय बालिका को चार दिन बंधक बनाकर दो दर्जन लोगों द्वारा दुराचार किया गया। इस मामले में 18 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं और कुछ गिरफ्तारियां बाकी हैं। दूसरी घटना पश्चिम बंगाल की है जहां बारुईपुर में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। शव परीक्षण में पाया गया कि उसके सिर व निजी अंगों पर गंभीर चोटें थी। इतना ही नहीं, दुराचार के बाद उसे बोरे मे बंद करके जिंदा ही तालाब में डुबो दिया गया। दोनों ही घटनाएं विचलित करने वाली हैं, लेकिन श्रीगंगानगर की घटना हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली है। जनाक्रोश के चलते प्रशासन ने न केवल 18 लोगों को गिरफ्तार किया बल्कि उन होटलों को भी ध्वस्त किया गया जहां अलग-अलग जगहों में बच्ची को बंधक बनाकर देह व्यापार कराया गया। निस्संदेह, मोबाइल के बढ़ते हस्तक्षेप से परिवार संस्था की चूलें हिली नजर आती हैं। कथित सोशल मीडिया समाज में विद्रूपताओं को जन्म दे रहा है। श्रीगंगानगर की बारह वर्षीय लड़की शहर से सौ किमी दूर अपने एक इंस्टाग्राम फ्रेंड से मिलने जाती है, जो उससे वहां दुराचार करता है। वहां से देर रात शहर लौटने पर एक रिक्शेवाले के झांसे में आकर होटल पहुंचती है और फिर उसके साथ दुराचार का अंतहीन सिलसिला शुरू हो जाता है। परिजनों के लापता किशोरी के तलाश में थाने पहुंचने के बाद पुलिस हरकत में आती हैं, फिर उसे मुक्त कराया जाता है। निस्संदेह, ये घटनाएं इंसानियत को शर्मसार करने वाली हैं। इस राक्षसी कृत्य से उद्वेलित लोग श्रीगंगानगर की सड़कों पर उतर आए। क्षुब्ध लोगों ने मशाल जुलूस निकालकर कानून के रखवालों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जनाक्रोश को देखते हुए 18 लोगों की गिरफ्तारी हुई। कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। लेकिन सवाल यह कि भारतीय समाज में हो रहे यौन लिप्साओं के विस्फोट की वजह क्या है? ये नैतिक पतन की पराकाष्ठा क्यों हो रही है? हवस के भूखे भेड़िए न उम्र देखते हैं, न किसी बेटी की बेबसी। उस किशोरी के साथ हुई बर्बरता के बारे में सोचकर भी रूह कांपती है। जो शायद ही जीवनभर इस त्रासदी से उबर पाये। कहीं न कहीं इंटरनेट व सोशल मीडिया पर यौन स्वच्छंदता की पश्चिम की आंधी हमारे समाज को पतित कर रही है। हमारे परंपरागत शुचिता के रिश्तों को तार-तार करके निरंकुश यौन व्यवहार को तार्किक बताने की साजिश रची जा रही है। हम बच्चों को रामराज के संस्कार देते हैं, जबकि समाज में दानवराज का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। बच्चों को भी त्याग-तपस्या से लालन-पालन करने वाले मां-बाप की बजाय आभासी दुनिया के छद्म मित्र रास आ रहे हैं। जिसके सम्मोहन में यह किशोरी घर से निकली और उसका पहला शिकार बनी। हवस के भेड़िये भी परिस्थितियों की मारी लड़कियों को ही अपने शिकंजे में लेते हैं। ऐसे में बेटियों को भी घर से निकलते वक्त समय की संवेदनशीलता और लोगों की विश्वसनीयता को परखना चाहिए। घर वालों से चोरी-छिपे अनजान लोगों पर यकीन करने की वजह से अकसर बेटियां अपराधियों की आसान शिकार बनती हैं। यौन अपराधों के उफान के दौर में पुलिस और स्त्री रक्षा से जुड़ी एजेंसियों को भी नये दौर की नई चुनौतियों के मुताबिक तैयार करना होगा। इसमें चाइल्ड वेलफ़ेयर से जुड़ी संस्थाओं की सजगता -सक्रियता बढ़ाने तथा पॉक्सो व जुवेनाइल जस्टिस एक्ट को सख्त बनाने की जरूरत है। अभिभावक व स्कूल-कालेज बच्चियों को यौन-हिंसा से बचने और आत्मरक्षा से जुड़े विषयों पर गंभीर चर्चा करें। यदि इस दिशा में गंभीर पहल नहीं हुई तो पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर लगाए जा रहे 'रेप कैपिटल' के आरोप हकीकत समझे जाने लगेंगे।

# राम मंदिर की मर्यादा को आघात पहुंचाती दुष्प्रचार की राजनीति

**सन् 1528 में विदेशी मुगल आक्रांता मीर बाकी द्वारा सनातन आस्था के इस परम केंद्र को जिस क्रूरता के साथ ध्वस्त किया गया था, वह भारत के मर्म पर एक गहरा घाव था। उस ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने और अपनी आस्था की पुनर्स्थापना के लिए सनातन समाज ने 500 वर्षों का एक अभूतपूर्व, अनवरत और धैर्यपूर्ण संघर्ष लड़ा है, जो विश्व के इतिहास में सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का सबसे लंबा आंदोलन है। 16वीं शताब्दी से लेकर 19वीं शताब्दी के मध्य तक, इस पवित्र भूमि की मुक्ति और प्रभु श्री राम के मंदिर की पुनर्स्थापना के लिए छोटे-बड़े 76 युद्ध लड़े गए। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले इस महायज्ञ में लाखों राम भक्तों ने बिना किसी संकोच के अपने प्राणों की आहुति दे दी।**

आजकल अयोध्या के श्री राम मंदिर में उद्घाटित चढ़ावा चोरी का प्रकरण चर्चाओं में है। कहना अतिश्योक्ति नहीं कि पारंपरिक मंदिर विरोधियों के लिए यह दुष्प्रचार का सर्वाधिक सुविधाजनक अस्त्र बन गया है। श्री राम, राम मंदिर, सनातन और सबसे बड़ी बात भारत अर्थात भारतीयता को खंडित करने के कुत्सित प्रयास एक बार फिर चरम पर हैं। इनसे बचने के साथ-साथ श्री राम मंदिर पर हुए हमले और फिर उसे मुक्ति दिलाने हेतु करोड़ों करोड़ राम भक्त बलिदानियों, खुशी खुशी प्राण उत्सर्ग करने वाले दिवंगत कार सेवकों तथा भव्य राम मंदिर निर्माण हेतु जीवन दान देने वाले सेवकों के संघर्ष पर गौर करने की जरूरत है। क्योंकि इतिहासिक साक्ष्य हैं कि जो राष्ट्र अपनी सांस्कृतिक चेतना को विस्मृत कर देता है और अपने गौरवशाली अतीत के प्रतीकों की रक्षा नहीं कर पाता, उसका अस्तित्व अंततः संकट में पड़ जाता है। अयोध्या में प्रभु श्री राम की पावन जन्मभूमि पर निर्मित भव्य और दिव्य मंदिर केवल पत्थरों, स्तंभों या नक्काशी का कोई सामान्य भौतिक ढांचा नहीं है। यह भारत की चिरंतन आत्मा, उसकी सांस्कृतिक अस्मिता, सदियों के धैर्य और राष्ट्रीय पुनर्जागरण का साक्षात, जीवंत प्रतीक है। सन् 1528 में विदेशी मुगल आक्रांता मीर बाकी द्वारा सनातन आस्था के इस परम केंद्र को जिस क्रूरता के साथ ध्वस्त किया गया था, वह भारत के मर्म पर एक गहरा घाव था। उस ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने और अपनी आस्था की पुनर्स्थापना के लिए सनातन समाज ने 500 वर्षों का एक अभूतपूर्व, अनवरत और धैर्यपूर्ण संघर्ष लड़ा है, जो विश्व के इतिहास में सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का सबसे लंबा आंदोलन है। 16वीं शताब्दी से लेकर 19वीं शताब्दी के मध्य तक, इस पवित्र भूमि की मुक्ति और प्रभु श्री राम के मंदिर की पुनर्स्थापना के लिए छोटे-बड़े 76 युद्ध लड़े गए। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले इस महायज्ञ में लाखों राम भक्तों ने बिना किसी संकोच के अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज़ाद भारत के इतिहास में भी जब इस आंदोलन ने एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप लिया, तब भी राम भक्तों के मार्ग में कंाटे ही बिछाए गए। तत्कालीन सत्ताधीशों, छद्म-धर्मनिरपेक्ष ताकतों और व्यवस्था की क्रूरता का वह खूनी मंजर देश कभी नहीं भूल सकता, जब अयोध्या की सड़कों पर निहत्थे और शांतिपूर्ण कारसेवकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई गईं। उस दमन चक्र के कारण बार-बार राम भक्तों के खून से सरयू का पवित्र जल लाल होता रहा। इस अंतहीन और कष्टकारी संघर्ष को वैचारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक नेतृत्व प्रदान करने का महती कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठनों ने किया। आंदोलन की धार को कुंद करने और राष्ट्रवादियों का मनोबल तोड़ने के लिए तत्कालीन राम-विरोधी सरकारों ने दमन की पराकाष्ठा पार करते हुए चार राज्यों की चुनी हुई भाजपा सरकारों को असंवैधानिक रूप से बर्खास्त कर दिया। परंतु, राष्ट्रवाद के पथ पर चलने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं ने प्रभु श्री राम के चरणों में अपनी सत्ताओं और सरकारों का बलिदान सहर्ष स्वीकार कर लिया। तुष्टिकरण की संकीर्ण राजनीति के तहत बहुसंख्यक सनातन समाज को लगातार टारगेट पर रखा गया, राम भक्तों पर 'सांप्रदायिक' और 'आतंकवादी' होने के झूठे इल्जाम लगाए गए, और धर्मनिरपेक्षता की आड़ में सनातन समाज को विखंडित करने की गहरी साजिशें रची गईं। इस दमन और षड्यंत्र का सबसे शर्मनाक अध्याय तब लिखा गया, जब देश की सर्वोच्च वैधानिक संस्थाओं में तत्कालीन सरकारों द्वारा भगवान श्री राम के अस्तित्व को ही 'काल्पनिक' और 'कल्पित' बताने का दुस्साहस किया गया। यह आंदोलन तब और अधिक पीड़ादायक तथा चुनौतीपूर्ण हो गया, जब राम मंदिर के घोर विरोधी धर्मनिरपेक्ष नेताओं, वामपंथी इतिहासकारों और राजनीतिक दलों ने राम जन्मभूमि मुक्ति की इस न्यायपूर्ण लड़ाई में लगातार वैधानिक व्यवधान पैदा किए। अदालतों में तारीखें बढ़वाने से लेकर जनमानस को भ्रमित करने तक, हर संभव प्रयास किया गया ताकि यह भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प कभी हकीकत न बन सके। हिंदू विरोधी संगठन और नेता इस पवित्र आंदोलन के विरोध में ही लगातार मोर्चा संभाले रहे, जिससे यह संघर्ष दिनों-दिन और अधिक कठिन होता गया। परंतु सनातन धर्म का मूल मंत्र है 'सत्यमेव जयते'। तमाम कानूनी अड़चनों, कुतर्कों, राजनैतिक अवरोधों और दुष्प्रचार के पहाड़ को ढहाते हुए अंततः सत्य की पूर्ण विजय हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक श्री मोहन भागवत और देश के यशस्वी, लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के गरिमामय मार्गदर्शन में जब मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ होकर पूर्ण हुआ, तो यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में सोमनाथ मंदिर के बाद सांस्कृतिक गौरव का दूसरा सबसे महान ऐतिहासिक क्षण बन गया। बाद में भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा इस पावन धाम में आकर माथा टेकने और प्रभु के दर्शन करने की घटना ने यह पूरी तरह सिद्ध कर दिया कि अब भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों पर गर्व करने से रत्ती भर भी हिचकिचाने वाला नहीं है। बदलते और निरंतर एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरते जा रहे भारत की यह तस्वीर एकदम नई और अभूतपूर्व थी। अभी तक देश ने देखा था कि तथाकथित धर्मनिरपेक्ष नेता मंदिरों से तो सर्वथा दूरी बनाकर ही रखते थे और केवल मस्जिदों, दरगाहों तथा इफ्तार पार्टियों में शिरकत करने को ही धर्मनिरपेक्षता का एकमात्र पैमाना मानते थे। इस नए परिदृश्य से मंदिर विरोधियों और तुष्टिकरण के वैज्ञानिकों में घोर हताशा फैल गई। क्योंकि संपूर्ण देश में एक अभूतपूर्व सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो चुका था। यह विशुद्ध भारतीयता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का भाव आज डेढ़ अरब जनता के अटूट आत्मविश्वास का प्रतीक बन चुका है। वैश्विक स्तर पर भी भव्य राम मंदिर का यह प्रादुर्भाव भारत की सनातन एकता और एक मजबूत, संप्रभु देश की अंतरराष्ट्रीय पहचान बनकर उभरा है। इस सांस्कृतिक लहर के सामने मंदिर विरोधी पूरी तरह अप्रासंगिक होकर खिसिया कर रह गए। जब राम मंदिर निर्माण की शुचिता, उसकी भव्यता और उसकी उत्कृष्ट इंजीनियरिंग ने विरोधियों के सारे झूठे दावों को ध्वस्त कर दिया और उनके मुंह पर एक जोरदार तमाचा जड़ा, तो इन पराजित और हताश तत्वों को एक नए मौके की तलाश थी। तभी से घात लगा कर बैठे राक्षस प्रवृत्ति के लोगों को एक ऐसे अवसर का इंतजार था, जिसकी आड़ लेकर वे पुनः श्री राम मंदिर और राम भक्तों के माथे पर कलंक लगा सकें। जैसी कि आशंका व्यक्त की जा रही है, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से मंदिर की चढ़ावा गणना व्यवस्था और प्रशासनिक प्रबंधन में इन मंदिर विरोधियों के कुछ छद्म तत्वों को घुसपैठ करने में सफलता प्राप्त हो गई। संभवत इन्हीं राम विरोधी तत्वों की करतूतों के चलते राम भक्तों को चोर कहने का एक अवसर उन लोगों को मिल गया, जो कल तक श्री राम को काल्पनिक कहते थे। ?आज इसी प्रशासनिक या मानवीय चूक को आधार बनाकर राम मंदिर के पारंपरिक विरोधी देश भर में 'चढ़ावा चोरी' का एक कृत्रिम बवंडर खड़ा करने के जी-तोड़ प्रयासों में जुट गए हैं। लेकिन इस तथाकथित प्रकटीकरण और दुष्प्रचार के पीछे छिपे चेहरों को देखकर कुछ अत्यंत गंभीर, तार्किक और विचारोत्तेजक प्रश्न खड़े होते हैं, जिनका उत्तर आज हर सनातनी को खोजना होगा।

सवाल : यदि आग मंदिर में तो धुआं राम विरोधियों के गढ़ में कैसे ?

इस कथित चढ़ावा चोरी के दुष्प्रचार को हवा देने में उस राजनैतिक दल और उसके नेताओं की सक्रिय भागीदारी कैसे संभव हुई, जिन पर राम जन्मभूमि का पुरजोर विरोध करने और निहत्थे राम भक्तों पर गोलियां चलवाने का दाग जगजाहिर और इतिहास में दर्ज है?

अतीत में हिंदुओं को बदनाम करने के लिए 'भगवा आतंकवाद' का झूठा और खतरनाक शिगूफा छोड़ने वाले राजनैतिक तत्व आज अचानक इतने बड़े 'राम प्रेमी' कैसे हो गए कि उन्हें मंदिर की व्यवस्था की चिंता सताने लगी। ये महाकाल लोक से अयोध्या जी तक पदयात्रा के माध्यम से मंदिर विरोधी बवंडर को अधिकतम विकराल स्वरूप देने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा देकर प्रभु श्री राम के अस्तित्व को पूरी तरह काल्पनिक बताने वाली कंाग्रेस और उसके सहयोगी दल आज अचानक राम भक्तों की भावनाओं की कद्रदान होने का ढोंग कैसे कर सकते हैं? इन प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट है, यह कोई मंदिर की चिंता नहीं, बल्कि सनातन समाज में पुनः विखंडन और बिखराव पैदा करने की एक बहुत बड़ी और गहरी राजनीतिक साजिश है। वे इस विसंगति को तूल देकर उस आंदोलन, उन संगठनों और उन करोड़ों भक्तों की निष्ठा पर कीचड़ उछालना चाहते हैं, जिन्होंने अपना सर्वस्व दांव पर लगाकर पहले श्री राम जन्मभूमि को विधर्मियों से मुक्त कराया और अब वहां पर भव्य श्री राम मंदिर का मूर्त रूप देखकर उत्साहित हो रहे हैं। राम भक्तों की आस्था सर्वथा असंदिग्ध, अटूट और परम पवित्र है। राम मंदिर निर्माण, जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में अपना पूरा जीवन, करियर और परिवार दांव पर लगाने वाले निस्वार्थ सेवक और संगठन कभी भी भ्रष्ट नहीं हो सकते। यह पूरी तरह सत्य है कि व्यवस्थागत सावधानी में कहीं न कहीं चूक अवश्य हुई है, जिसका अनुचित लाभ उठाकर मंदिर एवं सनातन विरोधियों ने वैश्विक स्तर पर लगातार आगे बढ़ रहे राष्ट्र के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। परंतु, हमें विचलित होने के स्थान पर भारतीय न्याय व्यवस्था और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की शुचिता व पारदर्शिता पर पूर्ण भरोसा रखने की आवश्यकता है। यह समय अत्यधिक सजग, सतर्क और संगठित रहने का है। हिंदू समाज को विखंडित करने, जातियों में बांटने और सनातन विरोधी एजेंडे को हवा देने के इन कुत्सित और नापाक मंसूबों को हमें एकजुट होकर विफल करना होगा। जब तक आंतरिक जांच और न्याय व्यवस्था दूध का दूध और पानी का पानी न कर दे, तब तक हमें इन सनातन-विरोधियों के हर दुष्प्रचार का पुरजोर विरोध करना होगा और राष्ट्र की इस अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर की पवित्रता व मर्यादा को अक्षुण्ण रखना होगा। **-डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

# क्या देश में सर्व गुण सम्पन्न गुलाम तैयार किए जा रहे हैं?

### विवेकानंद

कुछ सवाल हैं जो आम भारतीय को सरकारों से नहीं, अपने आप से पूछने चाहिए। अगर इनका जवाब मिल सका तो शायद समझ पाएंगे कि बच्चों के भविष्य के साथ क्या हो रहा है? वह पढ़ा-लिखा, कोई सवाल न करने वाला मजदूर बनने वाला है या उसके भीतर रचनात्मकता के बीज बोए जा रहे हैं? शायद पता चल सकेगा कि देश किस दिशा में जा रहा है और जिस दिशा में जा रहा है, उसके लिए जिम्मेदार कौन है? भारत की तीन बड़ी कंपनियां टाटा, अंबानी और अडानी हैं। आईटी सेक्टर में झंडे गाड़ने वाली कई कंपनियां भी हैं। लेकिन अब तक हमारे पास गूगल जैसा कोई सर्च इंजन नहीं है। हालांकि तीन सर्च इंजन हैं 'आई भारत', 'क्यू-मामू' और 'जस्टडायल' लेकिन इनका इस्तेमाल न के बराबर है। एक 'कॉमेट' नाम के सर्च इंजन पर भी काम चल रहा है। गूगल एक भारतीय के हाथों संचालित हो रहा है, लेकिन इंटरनेट पर गूगल की बादशाहत के सामने कोई भारतीय चुनौती क्यों नहीं है? देश में सबसे ज्यादा बहस किस विषय पर होती है? शिक्षा पर, स्वास्थ्य पर, रोजगार पर या फिर धार्मिक विवादों पर? जिस पर सबसे ज्यादा बहस होती है वही हमारी रुचि का सूचक है। जैसी रुचि, वैसे विचार होंगे, यह मनोवैज्ञानिक तथ्य है। इन बहसों से हमें हासिल क्या हो रहा है? जो हासिल हो रहा है क्या वह देश के युवाओं की प्रगति का रास्ता खोल रहा है? यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की साल 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार बीते 10 साल में 89,441 सरकारी स्कूल बंद हो गए। इन 10 साल में 42,944 नए प्राइवेट स्कूल खोले गए हैं। यानी जहां सरकारी स्कूलों की संख्या में 8 प्रतिशत की कमी आई है, वहीं निजी स्कूलों की संख्या बढ़ी है। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2014-15 से 2023-24 तक प्राइवेट स्कूलों की संख्या 42,944 बढ़कर 2,88,164 से 3,31,108 हो गई है। जो सरकारी स्कूल बंद हुए उनमें पढ़ने वाले बच्चों का क्या हुआ? पढ़ाई छोड़ी, सरकारी स्कूलों में ही दाखिला लिया या निजी स्कूलों में गए? सरकारों के पास हर सवाल का तार्किक जवाब है। इसलिए आपको सोचना है कि निजी स्कूलों की लोकप्रियता क्यों बढ़ी? शिक्षा नीति के खूबसूरत उद्देश्य पर देश के बड़े नेता, उद्योगपति, ब्यूरोक्रेट्स और नव धनाढ्य वर्ग क्यों नहीं रीझ रहा है? वह क्यों अपने बच्चों को उन बड़े-बड़े स्कूलों में भेजता है जो देश की कथित उन्नत शिक्षा नीति अपनाने के लिए बाध्य नहीं हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि देश का विशाल मध्यमवर्ग किसी सुनियोजित कुचक्र में फंसा है? जिस पर उसकी खुद की भी स्वीकृति दिखती है। सरकारी स्कूलों में अव्यवस्था से लोग अपने बच्चों के लिए सस्ते निजी स्कूलों की तलाश करते हैं। इन स्कूलों में क्या सिखाया जा रहा है? विज्ञान और इतिहास में जो बदलाव किए जा रहे हैं, वे बच्चे को किस तरह प्रभावित कर रहे हैं? ध्यान रखिए कंपनियों को बैल की तरह काम करने वाले योग्य और सस्ते मजदूर चाहिए और सियासत को वोटर चाहिए। तो क्या बुनियाद ही ऐसी तैयार की जा रही है जिसमें अनुशासन और संस्कार के नाम पर मौन, अधिकारों की बात पर संतोष सिखाया जाता हो और आत्ममुग्ध रहने के लिए इतिहास पर गर्व का भाव हो? और जो इस दायरे से बाहर निकलने की कोशिश करे उस पर अपराधी की तरह कार्रवाई की जाए। हाल ही में बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस माधव जामदार ने कहा कि विरोध करने वालों पर मुकदमे हो रहे हैं, तड़ीपार किया जा रहा है। ये क्या हो रहा है? क्या सभी नागरिकों को गुलाम बनाया जा रहा है? न्यायाधीश ने कहा कि केवल सरकार की नीतियों का विरोध करने के कारण किसी नागरिक के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। वे न प्रदर्शन कर सकते हैं, न आंदोलन कर सकते हैं। आज इतने पेपर लीक हो रहे हैं। अगर लोग विरोध करेंगे तो उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर दिए जाएंगे। यह क्या तरीका है? कोर्ट ने यह भी कहा कि पुलिस मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री की नौकर नहीं है। पुलिस जनता की सेवक है। हल्के-फुल्के अंदाज में न्यायाधीश ने यह भी साफ कर दिया कि वे जानते हैं कि पूरे महाराष्ट्र में हॉर्स ट्रेडिंग चल रही है। एक वॉशिंग मशीन तो है। मामूली से बयानों पर हंगामा बरपा देने वालों ने हाईकोर्ट की इस टिप्पणी पर कोई बहस नहीं की। तो क्या यह हमें दिख नहीं रहा है या अनुशासन और संस्कार के नाम पर मौन हैं? अधिकारों को लेकर संतोष का भाव और इतिहास को लेकर आत्ममुग्धता आ गई है? इतनी आत्ममुग्धता कि अपने ही बच्चों के हक में सवाल उठाने वालों के खिलाफ खड़े हो जा रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# वायु प्रदूषण से बढ़ रहा है कई तरह के कैंसर और दिल की बीमारियों का खतरा

भारत में अन्य देशों की तुलना में श्वसन बीमारियों से सबसे अधिक लोगों की मौत होती है। वायु प्रदूषण दिल के लिए भी बहुत खतरनाक है। अगर आप अधिक समय तक प्रदूषण में अपना वक्त बिताते हैं तो आप अपने दिल को कमजोर बनाते हैं। वायु प्रदूषण मनुष्यों को ही नहीं वनस्पतियों, जीव जंतुओं, जलवायु और मौसम, ऐतिहासिक इमारतों व यहां तक कि ओजोन परत को भी नुकसान पहुंचाता है। वायु प्रदूषण के कारण ही पिछले कुछ सालों में जलवायु परिवर्तन हुआ है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो गयी है। सांस से संबंधित समस्याएंः वायु प्रदूषण के कारण मनुष्यों को दमा, गले में दर्द, निमोनिया, ब्रॉन्काइटिस आदि की समस्या पैदा हो जाती है। वायु प्रदूषण से लोगों में ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक के खतरे ज्यादा होते है। एक शोध की मानें तो वायु प्रदूषण से फ़ेफड़ों को नुकसान पहुंचने के साथ ही हृदय पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। शोध के मुताबिक हवा में मौजूद सूक्ष्म कण हृदय की कार्यप्रणाली पर बुरा असर डालते हैं। जिसके कारण उसकी इलेक्ट्रानिक सिग्नल देने की क्षमता प्रभावित हो जाती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में हृदय रोग से पीड़ित मरीजों के हृदय की क्रियाशीलता में प्रदूषण की वजह से आने वाले परिवर्तन की जांच की। पिछले कुछ सालों में बढ़े वायु प्रदुषण के भयावह स्तर के कारण इसके किडनी के रोगों का कारण बनने की संभावना है। इस नए शोध के दौरान शोधकर्ताओं ने देखा कि वायु प्रदूषण से झिल्लीदार नेफ्रोपैथी के होने की संभावना में बढ़ोतरी हुई है, जो किडनी की विफलता या यूं कहें कि किडनी के खराब होने का मुख्य कारण है। लंबे समय तक वायु प्रदुषण में मौजूद कणिका तत्व का आवरण झिल्लीदार नेफ्रोपैथी के जोखिम से जुड़ा होता है। कणिका तत्व वायु मंडल में मौजूद कण प्रदूषण है जो हवा में पाए जाने वाले ठोस कणों और तरल बूंदों के मिश्रण के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## धर्म मंत्र

# पंचकोशों की शुद्धि चाहते हैं तो जपे यह मंत्र, बन जायेंगे रिद्धी, सिद्धियों के स्वामी

योग की धारणा के अनुसार मानव का अस्तित्व पाँच भागों में बंटा है जिन्हें पंचकोश कहते हैं । परमात्म चेतना ईश्वर के प्रतिनिधि हमारे ऋषियों ने जीवात्मा के कायकलेवर को अपनी दिव्य दृष्टि से पाँच भागों में विभक्त माना है, और ये हैं- अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, मनोमय कोश, विज्ञानमय कोश, आनंदमय कोश, आदि पंचकोश अथाह शक्तियों के भंडार हैं । जब मनुष्य इनकों जगाने के लिए प्रयास करता है तो इनके भीतर की सोई हुई शक्तियां जागने पर जीवसत्ता का ''रसोवैसः'' वाला कारण शरीर प्रधान आनन्दमय कोश वाला स्वरूप सामने आता है । इसके हटते ही पंचकोश जागरण की पंचकोशी जागरण साधना संपन्न हो जाती है तथा व्यक्ति ब्रह्म से, परमसत्ता से आत्म साक्षात्कार कर लेता है।

दैवी भागवत में तो पंचकोशी साधना के बारे में लिखा हैं कि-

पंचप्राणाधिदेवी या पंचप्राण स्वरूपिणी ?

प्राणाधिक प्रियतमा सर्वाभ्यः सुन्दरीपरा ?

अर्थात्- ''पंच प्राण इसी पंचकोश सम्पदा के पाँच स्वरूप हैं, प्राणों की अधिष्ठात्री देवी वही हैं, वे सर्वांग-सुन्दरी हैं, पराशक्ति हैं, श्री भगवान को प्राणों से भी प्यारी हैं ।'' ऐसी साधना कितनी महात्म्य भरी होगी, उसकी कल्पना की जा सकती है । पंचकोशी साधना का विधान पूर्णतः विज्ञान सम्मत भी है ।

## पर्यटन



# स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ की इन जगहों पर घूमना न करें मिस

स्मार्ट सिटी की चर्चा के बीच बात करें, तो आजादी के बाद देश का पहला नियोजित शहर है चंडीगढ़। यह शहर ऊर्जा क्षेत्र में भी देश को नई राह दिखा रहा है। यह देश का ऐसा पहला शहर होगा जिसके इस साल के आखिर तक अक्षय ऊर्जा पर निर्भर हो जाने की उम्मीद है। आज वंदना वालिया बाली के साथ चलते हैं चंडीगढ़ के सफर पर..आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का सपना था कि देश में एक ऐसा आधुनिक शहर बसाया जाए जो नए गणतंत्र की रचनात्मक क्षमता को दर्शाए। इस सपने की नींव चंडीगढ़ के रूप में 1948 में रखी गई। इसके लिए मंजूर जमीन में 24 गांव आए जिनमें एक का नाम चंडीगढ़ था। शक्ति की प्रतीक मां चंडी के दुर्ग यानी गढ़ के रूप में चंडीगढ़ शहर बसा। आज हर घुमक्कड़ की सूची में इसका नाम अनिवार्य रूप से शुमार होता है। इस शहर के साथ हरियाणा का पंचकूला तथा पंजाब का मोहाली भी जुड़ गया है, इसलिए इसे 'ट्राइसिटी' भी कहा जाने लगा है। यह एकमात्र ऐसा केंद्रशासित प्रदेश है, दो प्रदेशों पंजाब तथा हरियाणा की राजधानी भी है। ली कार्बूजिए की वास्तु संरचना इस शहर के निर्माण की जिम्मेदारी फ्रांस के मशहूर वास्तुकार ली कार्बूजिए को सौंपी गई। उन्होंने मानव शरीर की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए इस शहर का ढांचा तैयार किया, जिससे कि एक स्वस्थ व संपूर्ण शहर का अक्स उभर कर आए। शहर के फ़ेफड़ों की संज्ञा दी गई लेजर वैली को, जो कई पार्कों की श्रृंखला है। सड़कों के जाल को उन्होंने संचार व्यवस्था कहा और इंडस्ट्रियल एरिया को विसरा। करीब 44 वर्ग मील में फैले इस शहर की खूबसूरती सभी को आकर्षित करती है। शहर के हर सेक्टर की बसावट कमोबेश एक जैसी है, इसके बावजूद उनकी अपनी अलग विशेषता और पहचान है। बर्फी की तरह आयताकार वर्ग में सेक्टर बंटे हैं जहां ग्रीन बेल्ट है। ली कार्बूजिए के निधन के बाद उनके कजिन पियेरे जेनरे तथा मैक्सवेल फ्राए ने उनके काम को आगे बढ़ाया।

# पीजी कॉलेज परिसर में हुआ वृहद वृक्षारोपण पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर। सात दिवसीय वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के तीसरे दिन रामनगर पीजी कॉलेज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र ने सभी से अपनी मां, पुत्र एवं पुत्री के नाम कम से कम एक-एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महादेवा अमित सिंह, अभियान प्रमुख एवं पर्यावरण प्रेमी मोनू भास्कर, वन दरोगा आलोक राय, शिक्षक शिव कैलाश गौतम, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विकास सिंह तथा वनकर्मी दुर्गेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पेड़ नहीं बनेंगे हादसे की वजह, मानसून से पहले प्रशासन ने तैयार की कार्ययोजना

## बारिश से पहले अलर्ट हुआ प्रशासन, नवागत एसडीएम ने दिए दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। आगामी मानसून और तेज आंधी बारिश के मौसम को देखते हुए प्रशासन ने जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हाईवे एवं प्रमुख मार्गों के किनारे खड़े जर्जर और दुर्घटना की आशंका वाले पेड़ों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। नवागत उपजिलाधिकारी मधुमिता सिंह तथा तहसीलदार प्रियंका शुक्ला ने इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर राजस्व विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

तहसील सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व कर्मियों, लेखपालों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वन विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय राजमार्गों, प्रमुख संपर्क मार्गों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क किनारे स्थित पेड़ों का तत्काल सर्वे कराया जाए। विशेष रूप से पोखरा, दहिला, कोठी, हरख, जैदपुर, असंद्रा, सुबेहा सहित अन्य क्षेत्रों में ऐसे पेड़ों की पहचान की जाएगी जो कमजोर, खोखले या झुकाव की स्थिति में हैं और जिनसे जनहानि अथवा दुर्घटना की आशंका है।

प्रशासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सड़क पर झुकी हुई या आवागमन में बाधा बनने वाली शाखाओं और टहनियों की समयबद्ध छंटाई कराई जाए, ताकि तेज बारिश और आंधी के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो सके। अभियान के दौरान चिन्हित खतरनाक पेड़ों को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

''मानसून के दौरान तेज हवाओं और बारिश के कारण कमजोर पेड़ों के गिरने की घटनाएं सामने आती हैं। प्रशासन की प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा है। सभी राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर खतरनाक पेड़ों की सूची तैयार करें और वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।''

**श्रीमती मधुमिता सिंह**
**उपजिलाधिकारी हैदरगढ़**

''सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। जहां भी पेड़ों की शाखाएं सड़क पर लटक रही हैं या दुर्घटना की संभावना है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी। आमजन से भी अपील है कि ऐसे स्थानों की सूचना प्रशासन को दें ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।''

**सुश्री प्रियंका शुक्ला**
**तहसीलदार हैदरगढ़**

# सेवा सप्ताह में पौधरोपण व स्वच्छता अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के सेवा सप्ताह के तहत गुरुवार को बाबा मस्तराम दास आश्रम और बनौगा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने बरगद, पीपल, आम, जामुन, अमरूद और नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण घ्का संदेश दिया। इस दौरान सेवा सप्ताह के आगामी कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई।

# बीईओ जैनेंद्र कुमार को भावभीनी विदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार के सुल्तानपुर डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता पद पर पदस्थापन होने पर शिक्षकों और कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने मसौली के शिक्षा परिवार के सहयोग की सराहना करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और सामूहिक प्रयासों से विकास खंड को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। समारोह में उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# 12 जुलाई से नगर में शुरू होगा एक पेड़ मां के नाम महाअभियान, लगाए जाएंगे 13,500 पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर में 12 जुलाई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान-2026 के तहत वृहद पौधरोपण अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत नगर क्षेत्र के 28 चिन्हित स्थलों पर लगभग 13,500 फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। इस संबंध में गुरुवार को नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभासदों, अधिशासी अधिकारी, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों, डिवाइडरों, पटरियों तथा विभिन्न वार्डों में रिक्त स्थलों का चिन्हांकन कर लिया गया है। पौधरोपण के लिए आवश्यक पौधे, ट्री-गार्ड सहित सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। अभियान में सामाजिक संस्थाओं एवं आम नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका वर्ष 2023 से अब तक करीब 16,500 पौधे लगा चुकी है। इन पौधों के संरक्षण एवं देखभाल के लिए 12 अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जिन्हें अभियान के दौरान आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जाएगा। पालिकाध्यक्ष ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश देने वाली प्रेरणादायक पहल है। प्रत्येक नागरिक कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाए और उसकी परिवार के सदस्य की तरह देखभाल करे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

# होटलों पर छापेमारी मिलावटी खाद्य सामग्री नष्ट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय कस्बे में एसडीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा, राजस्व और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान मिलावटी चटनी, सिरका, ठंडा पेय, गुथा हुआ आटा और मिठाई मौके पर ही नष्ट कराई गई। अधिकारियों ने संचालकों को साफ-सफाई, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने और शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के निर्देश दिए।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के नागेश्वरनाथ मंदिर के पास रेलवे क्रॉसिंग के निकट बुधवार देर रात रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला। सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके से मिले बैग, मोबाइल और डायरी के आधार पर मृतक की पहचान रमेश यादव (35) पुत्र त्रिवेदी यादव, निवासी थाना मालीपुर, जनपद अंबेडकरनगर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## एसआई अभय गुप्ता को सम्मानपूर्वक विदाई

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अभय गुप्ता के स्थानांतरण पर थाना मसौली में विदाई समारोह आयोजित किया गया। थाना प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी सहित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उनकी निष्पक्ष और जनहितैषी कार्यशैली को क्षेत्र हमेशा याद रखेगा।

## पर्चा काउंटर पर मरीज से मारपीट, जांच के आदेश

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सौ शय्या संयुक्त चिकित्सालय में गुरुवार को पर्चा बनवाने को लेकर मरीज और पर्चा काउंटर पर तैनात कर्मचारियों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जुट गए। सूचना पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर मामला शांत कराया। घटना से मरीजों में नाराजगी है। लोगों ने अस्पताल कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार की मांग की है। संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. अजय सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिल गई है। संबंधित कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मुआवजे की मांग, रुका अंतिम संस्कार, आश्वासन पश्चात दाह संस्कार

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के कटकिन गांव निवासी राम सिंह की सड़क हादसे में मौत के बाद गुरुवार को परिजनों ने मुआवजे और सरकारी सहायता की मांग को लेकर अंतिम संस्कार रोक दिया। सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। बुधवार शाम राम सिंह कार से घर लौट रहे थे। सरैया मोड़ के पास एक अन्य वाहन की टक्कर से उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई थी। गंभीर रूप से घायल राम सिंह की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। उन्होंने कृषक दुर्घटना बीमा का लाभ, पीड़ित परिवार को आवास व भूमि, बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था, मुकदमे में आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा मृतक की पत्नी को शैक्षिक योग्यता के आधार पर नौकरी देने की मांग रखी। सूचना पर नायब तहसीलदार अनु सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को पात्रता के अनुसार सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गए। एहतियात के तौर पर कुर्सी, घुंघटेर और बड्डूपुर थानों की पुलिस मौके पर तैनात रही।

## करोड़ों की लागत से बना रोडवेज बस अड्डा बना प्रतीक्षालय, विभागीय लापरवाही से भटक रहे यात्री बसें नदारद, डग्गामार वाहनों के भरोसे सफर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में यात्रियों को आधुनिक और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित रोडवेज बस अड्डा आज विभागीय उदासीनता का प्रतीक बनता जा रहा है बस अड्डे पर नियमित बसों का संचालन न होने, कर्मचारियों की कमी और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों के अनुसार, बस अड्डे पर पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती न होने से यात्रियों को बसों के आगमन, प्रस्थान और गंतव्य संबंधी सही जानकारी नहीं मिल पाती दूर-दराज से आने वाले लोग घंटों तक बसों की प्रतीक्षा करते हैं, लेकिन कई रोडवेज बसें परिसर में प्रवेश ही नहीं करतीं ऐसे में यात्रियों को मजबूरन डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे समय और धन की बर्बादी के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है स्थिति यह है कि अनेक लोग अब बस अड्डे का रुख करने से भी कतराने लगे हैं बस अड्डे के बाहर स्पष्ट संकेतक और साइन बोर्ड का अभाव है मुख्य सड़क से बस अड्डे का परिसर झाड़ियों और पेड़-पौधों से इस कदर ढका हुआ है कि अनजान यात्रियों को इसके अस्तित्व का पता तक नहीं चल पाता स्थानीय नागरिकों का कहना है कि करोड़ों की सार्वजनिक धनराशि से निर्मित इस बस अड्डे का समुचित संचालन सुनिश्चित न होना विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है लोगों ने परिवहन विभाग से नियमित बस संचालन, पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति, परिसर की साफ-सफाई, उचित संकेतक लगाने तथा यात्रियों के लिए पारदर्शी सूचना व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## फतेहपुर सर्किल मे बदमाशों का आतंक, एक रात में दो जगह चोरी से पुलिस पर सवाल

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फतेहपुर पुलिस सर्किल में चोरी और छिनैती जैसी वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में दहशत है, जबकि अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। बुधवार रात चोरों ने सर्किल के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वारदात को अंजाम देकर पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र के घुंघटेर गांव में अज्ञात चोर नकब लगाकर नादिर पुत्र गुलाम हुसैन के घर में घुस गए और नकदी व सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बक्सा उठा ले गए। वहीं बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुलराही मजरे कटुरी खुर्द में अजय कुमार के घर का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवर, करीब 10 लीटर मेंथा तेल तथा अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। दोनों परिवारों को घटना की जानकारी सुबह हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि फतेहपुर सर्किल में पिछले कुछ समय से चोरी, छिनैती और अन्य आपराधिक घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। रात में पुलिस गश्त के दावों के बावजूद चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा का माहौल है। घुंघटेर थाना प्रभारी निरीक्षक अभय मौर्य और बड्डूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज सोनकर ने बताया कि दोनों घटनाओं की जांच की जा रही है। घटनास्थलों का निरीक्षण किया गया है तथा सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## दरोगा के व्यवहार और अवैध वसूली के करने में भड़के अधिवक्ता कार्रवाई के लिए कोतवाल को सौंपा पत्र

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला में स्थित अस्थाई पुलिस चौकी पर तैनात दरोगा सागर कुमार के कथित व्यवहार और अवैध वसूली के आरोपों को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र सौंप कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि दरोगा रात के समय घरों में पहुंच कर महिलाओं और युवाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा गाली-गलौज कर क्षेत्र में भय का माहौल बना रहे हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है ।

# विश्व बैंक टीम ने मत्स्य परियोजनाओं का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विश्व बैंक, भारत सरकार, राष्ट्रीय मात्स्यिकी बोर्ड और उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग की संयुक्त टीम ने जनपद की तीन प्रमुख मत्स्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। टीम ने पल्हरी स्थित आधुनिक मत्स्य परियोजना, बेहटा के मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र और देवा स्थित फीड मिल का अवलोकन किया। अधिकारियों ने किसानों से संवाद कर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।

# भारत बना वैश्विक खेल आयोजनों का पसंदीदा केंद्र, दो वर्षों में की 36 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी : डॉ. मंडाविया

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत राष्ट्रमंडल खेल 2030 (कॉमनवेल्थ गेम्स) की मेजबानी की तैयारियों को तेज करने और ओलंपिक एवं पैरालंपिक 2036 की मेजबानी की अपनी दावेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के पसंदीदा केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। भारत ने जनवरी, 2025 से जून, 2026 के बीच देश के 15 से अधिक शहरों में 36 अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया। इन आयोजनों ने न केवल भारत के विश्वस्तरीय खेल बुनियादी ढांचे को प्रदर्शित किया, बल्कि विभिन्न ओलंपिक और गैर-ओलंपिक खेलों की मेजबानी में देश की बढ़ती संगठनात्मक क्षमता को भी साबित किया। इन प्रतियोगिताओं में विश्व चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व कप, अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट और महाद्वीपीय क्वालीफायर शामिल रहे। इनमें एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, निशानेबाजी, मुक्केबाजी, टेबल टेनिस, फुटबॉल, एक्वेटिक्स, पैरा स्पोर्ट्स, शतरंज, साइक्लिंग, फेंसिंग, वॉलीबॉल, रग्बी, सर्फिंग सहित कई खेल शामिल थे। इनमें से कई प्रतियोगिताएं भारत में पहली बार आयोजित हुईं और भारतीय खिलाड़ियों ने घरेलू मैदान पर कई ऐतिहासिक और रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन भी किए। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''भारत में अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी हमारे खेल पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुकी है। इससे न केवल देश की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ती है, बल्कि भारतीय खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रतिस्पर्धा का अवसर भी मिलता है। विदेशी दौरों पर होने वाला खर्च कम होता है, अधिकारियों और स्वयंसेवकों की तकनीकी दक्षता बढ़ती है तथा विभिन्न शहरों में खेल अवसंरचना और आयोजन क्षमता का स्थायी विकास



होता है। उन्होंने आगे कहा, ''हम 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं और 2036 ओलंपिक की दावेदारी पेश कर रहे हैं। ऐसे में 15 शहरों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी से मिला अनुभव हमारी क्षमताओं को और मजबूत करेगा। जुलाई से दिसंबर, 2026 के बीच भारत में 11 और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें प्रमुख रूप से-राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप, विश्व स्नूकर चैंपियनशिप,पैरा तीरंदाजी एशिया कप, वर्ल्ड सर्फ लीग प्रतियोगिताएं, एशियाई जूनियर शतरंज चैंपियनशिप अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन, फुटबॉल और रग्बी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। भारत ने 2027 और 2028 के दौरान आयोजित होने वाली 19 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के अधिकार भी हासिल कर लिए हैं।इनमें विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2028 (भुवनेश्वर), आईएसएसएफ विश्व कप, एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप, एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, एफआईएच प्रो लीग का घरेलू चरण, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिताएं, वर्ल्ड सर्फ लीग, टेबल टेनिस और पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके अलावा कई राष्ट्रीय खेल महासंघ भविष्य में और अधिक एशियाई तथा विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया में जुटे हुए हैं। नई दिल्ली, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, चेन्नई, गोवा, गुवाहाटी, राजगीर, पटना, हैदराबाद, पुणे, लखनऊ और महाबलीपुरम जैसे शहर लगातार अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं। भारत 2025 से 2028 के बीच 65 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की पुष्टि के साथ यह साबित कर रहा है कि वह 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह देश की क्षमता, दूरदृष्टि और वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत कदम माना जा रहा है।

# इंग्लैंड की स्टार बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से किया संन्यास का ऐलान

एजेंसी

नई दिल्ली। इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। 35 वर्षीय ब्यूमोंट भारत के खिलाफ शुक्रवार से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के बाद अपने 17 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत करेंगी। लॉर्ड्स में होने वाला यह पहला महिला टेस्ट मैच उनके करियर का विदाई मुकाबला भी होगा। साल 2009 में इंग्लैंड के लिए पदार्पण करने वाली ब्यूमोंट ने अपने करियर में 260 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह इंग्लैंड की ओर से वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 12 शतक लगाने वाली महिला बल्लेबाज हैं। वह इंग्लैंड की उन केवल दो महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा है। इसके अलावा 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में 208 रन की पारी खेलकर वह महिला टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की पहली दोहरा शतक लगाने वाली बल्लेबाज बनी थीं। संन्यास की घोषणा करते हुए टैमी ब्यूमोंट ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के हवाले से कहा, ''करीब 17 वर्षों तक इंग्लैंड के लिए खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। जब मैं छोटी बच्ची थी और क्रिकेट से प्यार हुआ था, तब मुझे यह भी नहीं पता था कि इंग्लैंड के लिए खेलना एक विकल्प हो सकता है। आज यह देखकर बेहद खुशी होती है कि खासकर इस गर्मी में कितनी लड़कियां और लड़के क्रिकेट से प्रेरित हुए हैं और हमारे देश में इस खेल ने कितनी लंबी यात्रा तय की है। उन्होंने आगे कहा,''हम हमेशा चाहते थे कि हम इंग्लैंड की कैप को अगली पीढ़ी तक सम्मान के साथ पहुंचाएं। अब समय आ गया है कि मैं यह जिम्मेदारी अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को सौंप दूं। लॉर्ड्स टेस्ट को लेकर उन्होंने कहा, ''लॉर्ड्स में होने वाला यह टेस्ट मैच, जो महिलाओं का यहां पहला टेस्ट होगा, मेरे करियर को अलविदा कहने के लिए बिल्कुल सही अवसर है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मेरा करियर इतना यादगार और खास होगा।

# विश्व कप की नाकामी को भुलाकर लाडर्स टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी

लंदन। टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय महिला टीम शुक्रवार से यहां पहले महिला टेस्ट में लाडर्स पर इंग्लैंड का सामना करेगी तो उसका इरादा इस नाकामी से उबरने का होगा। टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारत को टेस्ट मैच के लिये तैयारी का अधिक समय मिल गया। यह मैच 'क्रिकेट का घर' कहे जाने वाले लाडर्स पर पहले पुरूष टेस्ट के 142 साल बाद होगा। भारतीय टीम ने इससे पहले मार्च में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट खेला था। भारतीय टीम वोर्मस्ले क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास कर रही है। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि लॉडर्स पर पहली बार खेलने को लेकर टीम काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा ,'' यह लॉडर्स पर हमारा पहला टेस्ट है और मैं खुशकिस्मत हूं कि यह मौका मिला । मैं इस टेस्ट से जुड़े सभी लोगों को शुभकामना देता हूं। यह बड़ा मौका है और हम इसे लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा ,'' किसी भी भारतीय क्रिकेटर के लिये टेस्ट मैच खेलना सपने जैसा है। मुझे यकीन है कि कल सफ़ेद जर्सी पहनने वाली हर खिलाड़ी को गर्व होगा कि उन्हें लॉडर्स पर टेस्ट खेलने का मौका मिला। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने आस्ट्रेलिया में हुए टेस्ट में पारी की शुरूआत की थी और उन्हें ही यहां मौका मिलेगा। प्रिया पूनिया को चोटिल प्रतिका रावल की जगह दी गई है जिन्होंने आस्ट्रेलिया से दस विकेट से मिली हार में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले चार मैचों में से तीन जीते हैं और इंग्लैंड में अभी तक एक भी टेस्ट नहीं गंवाया है। भारत के लिये हरलीन देयोल, स्पिनर श्री चरणी और तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा को पदार्पण का मौका मिल सकता है ।

# भारतीय स्पिनर साई किशोर फिर खेलेंगे काउंटी क्रिकेट, ग्लॉस्टरशायर से किया करार

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के बाएं हाथ के स्पिनर आर. साई किशोर एक बार फिर इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। 29 वर्षीय साई किशोर ने ग्लॉस्टरशायर के साथ 2026 काउंटी चैंपियनशिप सीजन के अंतिम छह मुकाबलों के लिए अनुबंध किया है। वह 20 अगस्त से वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ चेल्टनहैम में होने वाले मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। इसके बाद वह डर्बीशायर और मिडिलसेक्स के खिलाफ ब्रिस्टल में तथा डरहम, लंकाशायर और केंट के खिलाफ होने वाले अवे मुकाबलों में भी ग्लॉस्टरशायर का प्रतिनिधित्व करेंगे। साई किशोर ने तमिलनाडु के लिए 54 प्रथम श्रेणी मैचों में 223 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 14 बार पांच विकेट और 11 बार चार विकेट लेने का कारनामा किया है। इससे पहले वह 2025 में सरे की ओर से काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं, जहां



उन्होंने डरहम के खिलाफ जीत के दौरान प्रतियोगिता में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया था। साई किशोर ने क्लब की ओर से जारी बयान में कहा, ''मैं जॉन और ग्लॉस्टरशायर के सभी लोगों का दिल से आभारी हूं जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। ग्लॉस्टरशायर एक समृद्ध इतिहास वाला क्लब है और यहां का शानदार माहौल मुझे बेहद उत्साहित करता है।'' उन्होंने आगे कहा, ''मैं हमेशा इंग्लैंड की परिस्थितियों में अपने खेल को परखना चाहता था। प्रबंधन से बातचीत के बाद मुझे लगा कि यही मेरे लिए सही जगह है। मैं ग्लॉस्टरशायर की जर्सी पहनने, ब्रिस्टल और चेल्टनहैम में प्रशंसकों से मिलने और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का इंतजार कर रहा हूं। ग्लॉस्टरशायर के मुख्य कोच जॉन लुईस ने कहा, ''हम साई किशोर का टीम में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। वह एक अनुभवी और साबित खिलाड़ी हैं, जो हमारी टीम को काफी मजबूती देंगे। क्लब अंतिम छह काउंटी चैंपियनशिप मैचों में बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह देखना दिलचस्प होगा कि इस चरण में एक विदेशी स्पिनर टीम पर कितना प्रभाव डालता है।'' उन्होंने आगे कहा, ''सीजन के इस समय इंग्लैंड की पिचें आमतौर पर स्पिन गेंदबाजी के लिए अनुकूल होती हैं। हमें उम्मीद है कि साई किशोर टीम के लिए अहम योगदान देंगे और सकारात्मक प्रभाव छोड़ेंगे।

# विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा, बीटीएस समेत जस्टिन बीबर शामिल होंगे

न्यूयॉर्क। जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, 'फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता। मैं इस हाफटाइम शो का हिस्सा बनकर आभारी हूं और यह जानकर और भी ज्यादा खुशी हो रही है कि इससे पहले से ही दुनिया भर के बच्चों को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।'

# एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.60 फीसदी किया

एजेंसी





नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बाद अब एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में संभावित बढ़ोतरी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.90 प्रतिशत से घटाकर 6.60 फीसदी कर दिया है। एडीबी ने गुरुवार को जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) जुलाई 2026 रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए घटाकर 6.6 फीसदी किया गया है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2027-28 के लिए इसे 7.3 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। हालांकि, आर्थिक वृद्धि दर में इस कमी के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट में कहा गया, ''चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान अप्रैल में लगाए गए 6.9 फीसदी से घटाया गया है क्योंकि ऊर्जा की ऊंची कीमतों से वास्तविक आय पर दबाव पड़ रहा है।'' इस रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2027-28 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को अप्रैल के स्तर पर ही रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और मौसम संबंधी कारणों से कृषि क्षेत्र में संभावित कमजोरी जैसे जोखिम बने हुए हैं। एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट में महंगाई (मुद्रास्फीति) के अनुमान को अप्रैल के 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 5.2 फीसदी कर दिया गया है। हालांकि, वित्त वर्ष 2027-28 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान चार फीसदी पर बरकरार रखा गया है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारतीय अर्थव्यवस्था 2026-27 में 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जो अप्रैल में लगाए गए 6.5 फीसदी के अनुमान से थोड़ा कम है। वहीं, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने भी 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान पिछले महीने 6.9 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया था, जबकि मुद्रास्फीति का अनुमान 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5.1 फीसदी किया था।

# केंद्र ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के प्रमुख कलपुर्जों पर मूल सीमा शुल्क माफ किया

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने स्मार्टफोन, लैपटॉप, वियरेबल्स (स्मार्टवॉच, फिटनेस बैंड) और स्मार्ट टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान से बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) हटा दी है। यह छूट 31 मार्च, 2029 तक लागू रहेगी, जो गुरुवार से प्रभावी हो गई है। वित्त मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले इन तीन प्रमुख कलपुर्जों के विनिर्माण में उपयोग होने वाले सामान पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) छूट लागू करने के लिए तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। अधिसूचना के मुताबिक सरकार ने देश में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को बढ़ावा देने और आयात निर्भरता कम करने के लिए डिस्प्ले असेंबली, लिथियम-आयन सेल और इंडक्टर कॉयल मॉड्यूल के निर्माण में उपयोग होने वाले सामान पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) माफ कर दिया है। मंत्रालय के मुताबिक सरकार ने यह कदम स्मार्टफोन, लैपटॉप, वियरेबल्स और स्मार्ट टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। यह छूट उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों के अनुरूप है। बीसीडी में शुल्क में ये छूट आयात पर निर्भरता कम करेगी और स्थानीय विनिर्माण के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक्स परिवेश को मजबूत करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### युवी पाजी, रिकी सर की वजह से यहां तक पहुंचा भारतीय टीम में चुने जाने पर प्रभसिमरन

**नयी दिल्ली।** प्रभसिमरन सिंह उस समय जिम में थे जब उन्हें इस महीने के आखिर में होने वाले जिम्बॉब्वे दौरे के लिये भारतीय टी20 टीम में अपने चयन के बारे में पता चला। पटियाला के 25 वर्ष के प्रभसिमरन ने बताया कि वह जिम सत्र अधूरा छोड़कर घर भागे ताकि अपने परिवार के साथ खुशी साझा कर सकें। पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज ने पिछले दो आईपीएल सत्र में 500 से ज्यादा रन बनाये थे। वह एशियाई खेल 2023 में भारतीय टीम में थे लेकिन खेलने का मौका नहीं मिला। उन्हें जिम्बॉब्वे दौरे के लिये ईशान किशन के बाद दूसरे विकेटकीपर के तौर पर चुना गया जबकि संजू सैमसन टीम में जगह नहीं बना सके। प्रभसिमरन ने कहा कि आप जब जीवन में लक्ष्य को हासिल करते हैं तो अच्छा लगता ही है। एशियाई खेलों का अनुभव अच्छा था लेकिन मुझे खेलने का मौका नहीं मिला था। मैं इसलिये यह नहीं बता सकता कि भारत के लिये पदार्पण करने पर कैसा लगता है। उन्होंने कहा ,'' अब जिम्बॉब्वे दौरे से मैं खेले बिना लौटना नहीं चाहता। मैने हमेशा से देश के लिये खेलने के बारे में सोचा है और मुझे टीम में बने रहना है। अगर मुझे मौका मिला तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा ताकि टीम से बाहर नहीं होना पड़े। पंजाब के अपने साथी खिलाड़ियों के साथ आयुवर्ग टूर्नामेंट खेल चुके प्रभसिमरन और अभिषेक शर्मा दोनों के मार्गदर्शक विश्व कप विजेता हरफनमौला युवराज सिंह रहे हैं। प्रभसिमरन ने कहा कि आईपीएल के बाद से युवी पाजी के साथ कोई सत्र नहीं हुआ लेकिन भारतीय टीम में चुने जाने के बाद मैने उन्हें फोन किया था। लंबी बात हुई। उन्होंने अपने अनुभव बताये। वह हमेशा कहते हैं कि गेंदबाज से एक कदम आगे निकलना है। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के योगदान के बारे में उन्होंने कहा ,'' दोनों अलग अलग शख्सियत हैं लेकिन सोच एक सी है। रिकी सर ने मेरी सफलता में काफी योगदान दिया। उन्होंने 2024 में मुझे बताया था कि मुझे टीम में बरकरार रखा जायेगा। उन्होंने मुझसे कहा था कि वह मुझे बेहतर खिलाड़ी बनायेंगे और उन्होंने बनाया। मैं युवी पाजी और रिकी सर दोनों का शुक्रगुजार हूं।

### मैक्सिको इंग्लैंड मैच ने दर्शक संख्या में अमेरिका में बनाया रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क।** फॉक्स नेटवर्क के अनुसार विश्व कप के राउंड 16 में इंग्लैंड और मैक्सिको के बीच मुकाबला अमेरिकी टीम के बिना खेला गया ऐसा विश्व कप मैच बन गया है, जिसे अमेरिका में अंग्रेजी प्रसारण के माध्यम से सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। नेटवर्क ने बुधवार को बताया कि रविवार रात मैक्सिको सिटी में औसतन 2.17 करोड़ (21.7 मिलियन) से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। इसने 2022 में अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए फाइनल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे 1.67 करोड़ (16.7 मिलियन) दर्शकों ने देखा था। फॉक्स ने बताया कि रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच दर्शकों की संख्या 2.57 करोड़ (25.7 मिलियन) से अधिक पहुंच गई। इसके बावजूद अगले दिन खेला गया अमेरिका-बेल्जियम मुकाबला अब भी तीन करोड़ (30 मिलियन) दर्शकों के साथ सबसे अधिक देखा गया विश्व कप मैच बना हुआ है।

### आईआरएफ का दिल्ली सरकार से ईवी प्रोत्साहन पर मूल्य सीमा हटाने का आग्रह

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति के तहत प्रोत्साहनों पर लागू मूल्य सीमा हटाने का बृहस्पतिवार को आग्रह किया है। महासंघ का कहना है कि कीमत चाहे जो भी हो, सभी ईवी प्रदूषण कम करने में समान भूमिका निभाते हैं। आईआरएफ ने बयान में कहा कि वर्तमान व्यवस्था के तहत 100 प्रतिशत पथ कर और पंजीकरण शुल्क में छूट का लाभ लेने के लिए वाहन की शोरूम कीमत 30 लाख रुपये या उससे कम होना आवश्यक है। इस सीमा से अधिक कीमत वाली इलेक्ट्रिक कार को कर में किसी तरह की छूट नहीं मिलती। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को लिखे पत्र में आईआरएफ के अध्यक्ष (मानद) के.के. कपिला ने इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार की पहल और चार्जिंग अवसंरचना के विस्तार की सराहना की। लेकिन कपिला ने आशंका जताई कि प्रोत्साहनों के एक निश्चित मूल्य सीमा निर्धारण का फैसला बाजार के कई वर्गों में ईवी अपनाने की मंशा को हतोत्साहित कर सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार बिना किसी मूल्य सीमा के ईवी प्रोत्साहन का विस्तार करे, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने वाले सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से लाभ मिल सके।

# मेटा के 'म्यूज' एआई टूल की कानूनी पहलुओं पर होगी जांच: आईटी सचिव

नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा के नए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित इमेज जनरेटर टूल 'म्यूज इमेज' का मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत आकलन करेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मंत्रालय को प्राप्त होने वाले सुझावों और अन्य प्रतिक्रियाओं की भी जांच की जाएगी। कृष्णन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब मेटा के सबसे उन्नत एआई चित्र निर्माण उपकरण और सुपरइंटेलिजेंस लैब्स द्वारा विकसित पहले मीडिया निर्माण मॉडल 'म्यूज इमेज' को लेकर डेटा गोपनीयता, इमेज स्क्रैपिंग और उपयोगकर्ताओं की सहमति जैसे मुद्दों पर आलोचना और चिंता जताई जा रही है। इमेज-स्क्रैपिंग का मतलब ऑनलाइन मंचों से तस्वीरों को उपयोगकर्ता की स्पष्ट अनुमति के बगैर स्वचालित रूप से इकट्ठा करने से है। 'सीआईआई जीसीसी बिजनेस समिट' से इतर कृष्णन ने कहा, 'हमें यह देखना होगा कि यह मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुरूप है या नहीं। इस मामले में हमें जो शिकायतें, सुझाव और अन्य प्रतिक्रियाएं मिलेंगी।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में मामूली तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है।

चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज सोना 1,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,130 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव 1,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,630 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए हैं। चांदी की बात करें, तो इस चमकीली धातु की कीमत में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक तेजी दर्ज की गई है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,120 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,190 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,43,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।


# कार्यालय नगर पंचायत देवां बाराबंकी

पत्राक ।।। / न0पं0देवां/ई-निविदा सूचना/2026 दिनांक- 4/7/2026

**द्वितीय ई-निविदा सूचना**

एतद्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत एंव वंदन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निविदा, ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से दिनांक 04.07.2026 से 18.07.2026 तक डाउनलोड/अपलोड की जायेगी। प्राप्त निविदाये दिनांक 20.07.2026 को अपराहून 1:00 बजे खोली जायेगी। यदि किन्ही कारणो से निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसकी अगली तिथि अर्थात अगले कार्य दिवस को मानी जायेगी। ई निविदा प्रपत्र www.etendar.up.nic.in पर उपलब्ध है जिसको डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत देवां बाराबंकी

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत देवां बाराबंकी

# अमेरिका की आजादी के 250वें जश्न में शामिल हुआ 'सुदर्शिनी', दिखाई समृद्ध समुद्री विरासत

## भारत और अमेरिका के बीच सामरिक और सांस्कृतिक साझेदारी और मजबूत हुई

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका की आजादी का जश्न मनाने के लिए 250वीं सालगिरह के मौके पर इंटरनेशनल नेवल रिव्यू में इंडियन नेवल सेल ट्रेनिंग शिप (एसटीएस) आईएनएस सुदर्शिनी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस एसटीएस ने महासागरीय पार अभियान के तहत न्यूयॉर्क का पोर्ट कॉल पूरा करके भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दिखाया है। साथ ही भारत और अमेरिका के बीच सामरिक और सांस्कृतिक साझेदारी को और मजबूत किया है।



भारत ने ट्रांसओशनिक तैनाती के हिस्से के तौर पर देश में बने तीन मस्तूल वाले इंडियन नेवल सेल ट्रेनिंग शिप (एसटीएस) आईएनएस सुदर्शिनी को 10 महीने के लिए तैनात किया है। इस 54 मीटर लंबे तीन मस्तूल (थ्री-मास्टेड) वाले जहाज का मुख्य उद्देश्य नौसेना के युवा कैडेट्स को समुद्र के वास्तविक हालात में पारंपरिक नाविक कौशल (सीमेनशिप) और नेविगेशन का प्रशिक्षण देना है। इसी जहाज ने 08 जुलाई को अमेरिका की आजादी के 250वें जश्न में हिस्सा लिया। सालगिरह के मौके पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय नौसेना समीक्षा में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरे का मुख्य आकर्षण आईएनएस सुदर्शिनी का शानदार परेड ऑफ सेल में हिस्सा लेना था, जिसके दौरान जहाज स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के पास से और हडसन नदी के किनारे-किनारे चला और इंटरनेशनल टॉल शिप और नेवल वेसल के शानदार फ्लीट के साथ गर्व से तिरंगा लहराया। ब्रुकलिन में ठहराव के दौरान आईएनएस सुदर्शिनी ने भारत के फ्लोटिंग एंबेसडर के तौर पर काम किया और 1,000 से ज्यादा आगंतुकों का स्वागत किया, जिनमें भारतीय समुदाय के सदस्य और समुद्री शौकीन लोग शामिल थे। आगंतुकों को भारतीय नौसेना की सेल ट्रेनिंग परंपराओं और भारतीय समुद्री विरासत के बारे में जानकारी दी गई। शिप ने कई जाने-माने आगंतुकों का स्वागत किया, जिनमें न्यूयॉर्क में भारत के वाणिज्य दूत जनरल बिनया श्रीकांत प्रधान, संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश शामिल थे। उन्होंने क्रू से बातचीत की और भारत की समुद्री विरासत को बढ़ावा देने, दोनों देशों के बीच समुद्री रिश्तों को मजबूत करने की तारीफ की।

# भारत, रूस ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और रूस ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान किया है।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि भारत-रूस संयुक्त कार्य समूह की आतंकवाद-रोधी मामलों पर बुधवार को यहां चौदहवीं बैठक हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और रूसी संघ के उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्युबिंस्की ने की। बैठक में दोनों पक्षों के संबंधित विभागों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। दोनों पक्षों ने सीमा-पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की। उन्होंने पिछले वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में और 10 नवंबर को लाल किला के पास हुई आतंकवादी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने उन आतंकवादियों और आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान किया, जिनमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1267 प्रतिबंध समिति की सूची में सम्मिलित समूह और उनके परोक्ष समूह तथा सहयोगी संगठन भी शामिल हैं।

दोनों पक्षों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के अपने अनुभव साझा किये और हिंसक उग्रवाद, कट्टरपंथ, आतंकवादी वित्तपोषण तथा आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नयी और उभरती प्रौद्योगिकियों और डिजिटल वित्तीय प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर मौजूद और उभरते आतंकवादी खतरों पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर आतंकवाद-रोधी सहयोग को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी।

# मानसून का प्रसार पूरे देश में

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून गुरुवार को राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के बचे हुए हिस्सों में आगे बढ़ते हुए पूरे देश में फैल गया है।



मौसम विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश और उसके आसपास के इलाकों में एक स्पष्ट कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और आज एवं कल उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने के आसार हैं। इसके विपरीत, आज से देश के मध्य हिस्सों (महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश) में और कल से दक्षिण भारत में बारिश की गतिविधियों में काफी कमी आने के आसार हैं। विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र और मेघालय में अत्यधिक बारिश दर्ज की गयी है। वहीं पश्चिम बंगाल के पहाड़ी इलाकों, तमिलनाडु, कोंकण, केरल और त्रिपुरा में अत्यधिक बारिश हुई है। केरल, मराठवाड़ा, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान भी देखा गया। विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 15 जुलाई तक व्यापक बारिश जारी रह सकती है। दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में शुक्रवार को भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने उत्तराखंड तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज और कल अत्यधिक बारिश के कारण भूस्खलन, कीचड़ के बहाव और निचले इलाकों में जलभराव की चेतावनी जारी करते हुए अचानक बाढ़ का खतरा जताया है। विभाग ने पहाड़ी क्षेत्रों जैसे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के किसानों के लिए जारी परामर्श में मक्का, राजमा और सब्जियों के खेतों से अतिरिक्त पानी निकालने तथा मौसम साफ होने तक राजमा की बुवाई रोकने की सलाह दी है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के किसानों को भी जलभराव से फसलों को बचाने के लिए जल निकासी की उचित व्यवस्था करने को कहा है। इसके अलावा, मछुआरों को 14 जुलाई तक अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के अशांत क्षेत्रों में न जाने की चेतावनी दी है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 6-8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है और अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

## चढ़ावा चोरी प्रकरण में मोदी दें देश को जवाब : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि राम मंदिर में जमीन अधिग्रहण से लेकर चढ़ावे तक हर जगह चोरी हुई है और इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का विषय है, इसलिए चढ़ावा चोरी के मामले में सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने ही राम मंदिर ट्रस्ट के गठन और उसके सदस्यों के चयन में भूमिका निभाई थी, इसलिए उन्हें इस मामले पर अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। राम मंदिर ट्रस्ट को सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के दायरे से बाहर क्यों रखा गया और यदि यह पूरी तरह धार्मिक ट्रस्ट है तो इसमें भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों को ही क्यों शामिल किया गया। इस ट्रस्ट में शंकराचार्य का भद्राचार्य आदि को क्यों नहीं रखा गया।

# पूरे देश में हाइवे, सड़कों का मजबूत नेटवर्क हो रहा तैयार : बिरला

एजेंसी

कोटा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश में हाइवे और सड़कों का एक ऐसा मजबूत नेटवर्क तैयार किया है, जिससे भारत की समृद्धि, खुशहाली और तरक्की तेजी से आगे बढ़ी है।



श्री बिरला बुधवार देर शाम कोटा के गोपालपुरा मण्डाना में आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से क्षेत्र के लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी और यह आने वाले समय में देश के विकास के लिए लाइफलाइन साबित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते और राम जल सेतु जैसी परियोजनाएं विकसित, आत्मनिर्भर और जल सुरक्षित राजस्थान के निर्माण की मजबूत आधारशिला सिद्ध होंगी। इससे पहले श्री बिरला ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेसवे के विभिन्न खण्डों का निरीक्षण किया।

## एनटीए को भंग करें, धर्मेंद्र प्रधान दें इस्तीफा : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने एजेंसी को जानबूझकर कमजोर और अक्षम बनाया है, जिससे कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं में भी पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि गत मई में नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक होने के कुछ ही दिनों बाद शिक्षा मंत्री ने घोषणा की थी कि अगले वर्ष से नीट परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इससे संदेश देने का प्रयास किया गया कि पेन-पेपर आधारित परीक्षा के विपरीत सीबीटी में पेपर लीक नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अब खबरें हैं कि यूजीसी-नेट समाजशास्त्र परीक्षा का पेपर, सीबीटी होने के बावजूद, लीक हुआ हो सकता है। इससे पहले यूजीसी-नेट अंग्रेजी परीक्षा में भी बिना किसी बदलाव के लगभग पूरे प्रश्न पुराने प्रश्न पत्रों से पूछे जाने के आरोप सामने आए थे। श्री रमेश ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि परीक्षा का प्रारूप चाहे पेन-पेपर हो या सीबीटी, पेपर लीक और अन्य अनियमितताएं इसलिए हो रही हैं क्योंकि मोदी सरकार का शिक्षा मंत्रालय 'कॉम्प्रोमाइज' हो चुका है और एनटीए को जानबूझकर कमजोर तथा अक्षम बनाया गया है। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफ़े और एनटीए को भंग करने की मांग दोहराई।

## कृपाण को सिख समुदाय की आस्था की एक पवित्र वस्तु, प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव को खारिज करे ब्रिटिश सरकार: आरपी सिंह

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (वार्ता) ने कृपाण को सिख समुदाय की आस्था की एक पवित्र वस्तु बताते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने के किसी भी प्रस्ताव को खारिज करने और सिख संगठनों के साथ रचनात्मक रूप से बातचीत जारी रखने का आग्रह किया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सार्वजनिक सुरक्षा बनी रहे और आस्था का पालन करने के संवैधानिक और मानवाधिकारों का पूरा सम्मान भी हो सके। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कृपाण हमला करने का हथियार नहीं है। यह उन पाँच 'ककारों' (पंच ककार) में से एक है, जो 1699 में गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा को दिए थे। यह आस्था की एक पवित्र वस्तु है जो न्याय, साहस, आत्म-रक्षा, कमज़ोरों की सुरक्षा और ज़ुल्म के ख़िलाफ़ खड़े होने के कर्तव्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति के काम के आधार पर पूरे धर्म को अपराधी नहीं ठहराया जा सकता और न ही दुनिया भर में कानून का पालन करने वाले लाखों सिखों की धार्मिक आज़ादी को कमज़ोर किया जा सकता है। अगर कोई व्यक्ति अपराध करता है, तो उसे कानून का पूरा सामना करना चाहिए। हालाँकि, किसी व्यक्ति के काम की वजह से सिख धर्म और उसकी पवित्र परंपराओं को कभी भी कठघरे में खड़ा नहीं किया जाना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ''कृपाण पर प्रतिबंध लगाने का कोई भी कदम दुनिया भर के सिख समुदाय की भावनाओं को गहरी चोट पहुँचाएगा और एक लोकतांत्रिक समाज में धार्मिक आज़ादी के बारे में गलत संदेश देगा, जिसने लंबे समय से विविधता, समावेश और धर्म की आज़ादी के मूल्यों को बनाए रखा है। मैं सम्मानपूर्वक ब्रिटेन की सरकार से आग्रह करता हूँ कि वह कृपाण पर प्रतिबंध लगाने के किसी भी प्रस्ताव को खारिज करे और सिख संगठनों के साथ रचनात्मक रूप से बातचीत जारी रखे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सार्वजनिक सुरक्षा बनी रहे और साथ ही अपनी आस्था का पालन करने के संवैधानिक और मानवाधिकारों का पूरा सम्मान हो।

# पेज एक का शेष

### ऑपरेशन सिंदूर...

के भारत की गवर्नेंस का मूल मंत्र बन गया है। श्री मोदी ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि नागरिक देवो भव का एक उदाहरण देश की स्वास्थ्य प्रणाली है। उन्होंने कहा ,'' आज करोड़ों भारतीयों के पास, एक सिक्योर डिजिटल हेल्थ आईडी है। इसमें हेल्थ रिकॉर्ड की पूरी हिस्ट्री डिजिटली स्टोर होती है। इससे भारत में, निदान और बेहतर हो रहा है। और इससे उपचार की व्यवस्था और सुधर रही है। आपदाओं और मुसीबत के समय भारत द्वारा अनेक देशों की मदद किये जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत जब मदद करता है तो पासपोर्ट नहीं देखता और इसलिए दुनिया भारत पर इतना विश्वास करती है। उन्होंने कहा , '' मैं अक्सर एक बात कहता हूं, भारत का सामर्थ्य जितना बढ़ता है, उसका फायदा, पूरी मानवता को होता है। हमारे संस्कार हैं- सर्वे भवन्तु सुखिनः यानि सब सुखी रहें। यही शाश्वत संस्कार आज भी भारत की नीतियों और कार्यों को प्रेरित करते हैं। भारतीय समुदाय के लोगों की मेहनत और योगदान की सराहना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी का नया अध्याय शुरू होने से उनकी जिम्मेदारी और बढ गयी है। उन्होंने कहा,'' आप सभी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों को मजबूत बनाने में बहुत मेहनत की है, बहुत योगदान दिया है। लेकिन आपका काम यहां खत्म नहीं हुआ है, बल्कि यहां से आपकी ज़िम्मेदारियां और बढ़ गयी हैं। अब भारत और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी का एक अलग ही चरण शुरु हो रहा है। इसलिए आप, ऐसे ही भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को जोश से भरते रहिए, चौके-छक्के मारते रहिए, आपकी सफलता में ही, भारत और ऑस्ट्रेलिया की सफलता है। इस कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों से भारतीय मूल के लोग शामिल हुए, जिनमें छात्र, पेशेवर, उद्यमी, शोधकर्ता, समुदायों और सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि भी थे। यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच लोगों के आपसी संबंधों की गहराई को दर्शाता है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के लगभग दस लाख लोग रहते हैं।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया...

भारतीय सैन्य प्रशिक्षक की तैनाती की घोषणा की तथा खनन कौशल, व्यावसायिक शिक्षा, भू-विज्ञान, पारंपरिक ज्ञान, वैज्ञानिक अनुसंधान, फिल्म शिक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों से जुड़े समझौतों को भी अंतिम रूप दिया। ऑस्ट्रेलिया ने फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय को बेंगलुरु में परिसर स्थापित करने के लिए आशय पत्र तथा विक्टोरिया विश्वविद्यालय को गुरुग्राम में परिसर स्थापित करने के लिए स्वीकृति पत्र सौंपा। इसके अलावा तीन अन्य समझौतों में भारतीय प्राचीन कलाकृतियों की स्वदेश वापसी, पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय, गांधीनगर में रूफटॉप सोलर ट्रेनिंग अकादमी का संचालन शुरू करना तथा ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-भारत प्रौद्योगिकी एवं नवाचार साझेदारी के तहत एक समझौता ज्ञापन भी शामिल है।

### विजिलेंस रिपोर्ट पर...

70 हजार रुपये प्रति माह रोकी या निलंबित की जा सकती है। परिवहन विभाग के उच्चाधिकारी की मानें तो परिवहन आयुक्त सेवा नियमावली के मुताबिक विभाग का अधिकारी हो या कर्मचारी। अगर किसी के ऊपर कोई विभागीय जांच या अन्य किसी एजेंसी की जांच चल रही है और इस दौरान सेवानिवृत हो जाता है तो चार वर्ष तक विभागीय कार्रवाई के जद में रहेगा। ऐसे में एआरटीओ ललित कुमार 31 अक्तूबर 2025 को सेवानिवृत हुए है। इस मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है। रिटायर एआरटीओ के विरुद्ध पहले भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने आय से अधिक संपत्ति की जांच की थी। जांच में उनकी आय से 68.66 लाख रुपये कमाई अधिक पाई गई थी। जांच अवधि के दौरान ललित कुमार की कुल आय 93.26 लाख रुपये थी और उन्होंने भरण-पोषण व संपत्तियां जुटाने में 1.61 करोड़ रुपये खर्च किए थे। 68.66 लाख रुपये की अधिक कमाई सामने आई थी, जो आय से 73.26 प्रतिशत अधिक थी। इसके बाद ही जांच एजेंसियों का संदेह गहराया गया था। बाद में जांच विजिलेंस के पाले में पहुंची और अब ललित के घर से 20 करोड़ रुपये की संपत्ति की बरामदगी ने उनके भ्रष्टाचार की कलई खोल दी है। अब उन्हें अपनी हर संपत्ति को जुटाने के लिए अपनी आय के श्रोत का पूरा हिसाब-किताब देना होगा। विभागीय जानकारी के मुताबिक ललित कुमार अक्तूबर 2020 में आगरा में एआरटीओ प्रवर्तन (द्वितीय) के पद पर तैनात हुए थे। उसी दौरान इनके खिलाफ आय से अधिक संम्पत्ति की जांच कराने की शिकायत तत्कालीन परिवहन आयुक्त धीरज साहू से की गई थी। तब मामले को मुख्यालय स्तर से दबा दिया गया था। इसके बाद वर्ष 2023 में एक बार फिर मामले की शिकायत विजिलेंस के पहुंची। विजिलेंट टीम की यह जांच दो साल से चल रही थी। जोकि आठ जुलाई 2026 को विजिलेंस टीम की छापेमारी में आय से अधिक संम्पत्ति को खुलासा हुआ।

### ईरान के 90 ठिकानों...

के अनुसार बुशेहर, चाबहार, कोनारक, बंदर अब्बास और सीरिक समेत कई स्थानों पर विस्फोट हुए। दक्षिण-पश्चिमी खुजेस्तान प्रांत में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि इरानशहर में एक हवाई अड्डे पर हुए हमले में एक दमकलकर्मी की जान गई। इससे पहले बुधवार के हमलों में ईरानी सशस्त्र बलों के नौ जवान मारे गए थे। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दो दिनों के अमेरिकी हमलों में अब तक 14 लोगों की मौत और 78 लोग घायल हुए हैं। ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद बहरीन, कुवैत और कतर में अलर्ट जारी कर दिया गया। बहरीन में जहां अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े का मुख्यालय है, दो बार सायरन बजे। हालांकि तीनों देशों में तत्काल किसी बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि संघर्ष विराम अब खत्म हो चुका है। हालांकि उन्होंने बातचीत जारी रखने की बात भी कही। उनके इस बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि युद्ध फिर तेज हुआ तो पूरे पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ सकती है और होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति दोबारा प्रभावित हो सकती है। तुर्किये में नाटो शिखर सम्मेलन से लौटते समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ईरान में हुए विस्फोटों के वीडियो साझा करते हुए चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि ईरान ने फिर पोतों पर हमला किया तो जवाब और भी कठोर होगा। ट्रंप ने लिखा कि यह ईरान द्वारा पोतों पर किए गए हमले का जवाब है। अगर ऐसा फिर हुआ तो स्थिति और भी बदतर होगी।

### हमला करोगे तो...

करेंगे, तो आपको भी जवाबी हमला झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अब तक यह नहीं सीखा है कि धौंस और वादाखिलाफी की अब कीमत चुकानी पड़ती है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने गुरुवार को चेतावनी दी कि अमेरिका को हमलों के लिए अपने क्षेत्र, सैन्य अड्डों या अवसंरचना के इस्तेमाल की अनुमति देने वाला कोई भी नाटो देश ईरान के खिलाफ कथित अकारण आक्रमण और उसके परिणामों के लिए जिम्मेदार माना जाएगा। इससे एक दिन पहले नाटो महासचिव मार्क रूटे ने अमेरिकी हमलों को 'पूरी तरह आवश्यक' करार दिया था। श्री बघाई ने उनकी टिप्पणी को खारिज करते हुए उन पर युद्ध में जानबूझकर मिलीभगत करने का आरोप लगाया। युद्धविराम टूटने के श्री ट्रंप के एलान बाद अमेरिका ने पहली बार ईरान के दक्षिण-पूर्वी रणनीतिक बंदरगाह शहर चाबहार को निशाना बनाया। ओमान की खाड़ी के तट पर होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर स्थित चाबहार ईरान का एकमात्र गहरे पानी वाला समुद्री बंदरगाह है। यह हिंद महासागर का महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार होने के साथ भारत के बड़े निवेश का केंद्र भी है, जो दक्षिण एशिया को अफगानिस्तान और मध्य एशिया से जोड़ता है। हमलों के बाद चाबहार के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। ईरानी मीडिया के अनुसार प्रभावित तीन विद्युत लाइनों में से दो को बहाल कर दिया गया है और तीसरी को भी जल्द चालू किये जाने की उम्मीद है। कोनारक, बंदर अब्बास, सिरिक और जास्क में भी विस्फोटों की खबरें हैं। सरकारी टेलीविजन के मुताबिक बंदर अब्बास में आठ विस्फोट हुए, जबकि सिरिक और जास्क पर मिसाइल हमले किये गये। अबू मूसा द्वीप पर भी दो मिसाइल गिरने की सूचना है। इस बीच, बुशहर में आईआरजीसी के एक बैरक में आग लग गयी। दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने गुरुवार तड़के लगभग 90 ठिकानों पर हमले किये, जबकि इससे पिछली रात करीब 80 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। अधिकांश हमले ईरान के दक्षिणी तट पर केंद्रित रहे, हालांकि कुछ हमले देश के अंदरूनी और उत्तरी क्षेत्रों तक भी पहुंचे। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, दो रातों के अमेरिकी हमलों में अब तक 14 लोगों की मौत हुई है और 78 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केरमानपुर ने कहा कि घायलों में 47 अभी अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि अन्य को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी है। ईरान ने यह भी कहा कि अमेरिका ने तेहरान के उत्तर-पूर्व में अक्काला स्थित एक रेलवे पुल को निशाना बनाया।

### बैंकों का विलय...

जब ब्रिटिश मोटर कार कंपनी लिमिटेड ने प्रताप भवन, कनॉट सर्कस स्थित एक प्रमुख वाणिज्यिक परिसर हिंदुस्तान कमर्शियल बैंक (एचसीबी) को किराये पर दिया था। इसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समर्थित योजना के तहत दिसंबर, 1986 में एचसीबी का पीएनबी में विलय हो गया, जिसके बाद परिसर का कब्जा पीएनबी के पास चला गया। मकान मालिक ने यह कहते हुए बेदखली की कार्यवाही शुरू की कि बिना उसकी लिखित सहमति के परिसर का कब्जा पीएनबी को हस्तांतरित करना दिल्ली किराया नियंत्रण अधिनियम की धारा 14 (1) (ख) के तहत 'कब्जा हस्तांतरण' माना जाएगा।

### पीएम आवास...

दिव्यांगजन वर्ग के परिवार, जेई/एईएस (जापानी इंसे.फ़ेलाइटिस/ एक्यूट इंसे.फ़ेलाइ?टिस सिंड्रोम) से प्रभावित, और कुष्ठ रोग से पीड़ित परिवार। पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाएं (जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो) तथा एसिड अटैक से पीड़ित लोग शामिल हैं।

### 22 जुलाई के...

रहा है। उन्होंने कहा कि संतों की ओर से दिए गए सुझावों के आधार पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा, ताकि राम मंदिर देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आदर्श, अनुशासित और पारदर्शी व्यवस्था का उदाहरण बन सके। राम मंदिर की पूजा-पद्धति को रामानंदीय परंपरा के अनुरूप व्यवस्थित करने की कवायद भी तेज हो गई है। विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र ने निर्मोही अखाड़ा के महंत व राम मंदिर के ट्रस्टी दिनेंद्र दास से मुलाकात कर पूजा-पद्धति के संबंध में विस्तृत सुझाव लिए। दिनेंद्र दास ने रामानंदीय परंपरा के अनुसार निर्मोही अखाड़ा में होने वाली पूजा-विधि की जानकारी देते हुए कहा कि राम मंदिर में भी शास्त्रीय विधि-विधान और परंपरा का पूरी तरह पालन होना चाहिए। हाल के दिनों में उन्होंने पूजा-पद्धति को लेकर कुछ सुझाव दिए थे, जिसके बाद विहिप नेतृत्व ने उनसे विस्तार से चर्चा कर उनकी राय ली।

### बुंदेलखंड के युवा...

प्राथमिकता है। जो लोग उनकी सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास करेंगे, उनके लिए कानून ने कठोर रास्ता तय कर रखा है। सभा के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे जनप्रतिनिधि ही विकास की गारंटी होते हैं। आज बुंदेलखंड में मेडिकल कॉलेज, कृषि विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज सहित अनेक विकास परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि ईमानदार और विकासवादी होंगे तो क्षेत्र आगे बढ़ेगा, लेकिन यदि डकैत और अपराधी प्रवृत्ति के लोग जीतेंगे तो वे योजनाओं में भी डकैती डालेंगे और गरीबों की जमीनों पर कब्जा करेंगे। इसलिए प्रदेश और बुंदेलखंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए सही जनप्रतिनिधियों का चयन बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, पीडब्ल्यूडी राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, सदर विधायक बांदा प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक श्रीमती ओम मणि वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी व जितेंद्र सिंह सेंगर, पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ,पार्टी के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका बांदा अध्यक्ष श्रीमती मालती बासु पूर्व, सांसद आरके सिंह पटेल पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय सिंह पटेल उपस्थित रहे।

# पुरानी दिल्ली को संरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करेगा आईवीपीएन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने पुरानी दिल्ली के संरक्षण व पुनर्विकास के उद्देश्य से गठित शाहजहानाबाद रिडेवलपमेंट कॉरपोरेशन का नाम बदलकर अब इंद्रप्रस्थ विरासत पुनर्विकास निगम (आईवीपीएन) कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि निगम के माध्यम से पुरानी दिल्ली की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाने की व्यापक और पहल प्रारंभ हो चुकी है।

इसी क्रम में इंद्रप्रस्थ विरासत पुनर्विकास निगम की चेयरपर्सन व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में निगम की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की गई। बैठक में शहरी विकास मंत्री एवं निगम के उपाध्यक्ष आशीष सूद, प्रबंध निदेशक संदीप कुमार सहित



संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में पुरानी दिल्ली के समग्र पुनर्विकास, विरासत संरक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और पर्यटन को बढ़ावा देने से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में ऐतिहासिक चांदनी चौक के पुनर्विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार का डिजाइन इस प्रकार विकसित किया जाए जिससे उसकी ऐतिहासिक पहचान, पारंपरिक स्वरूप और सांस्कृतिक गरिमा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लाखों लोगों की आवाजाही को देखते हुए क्षेत्र में आधुनिक एवं उपयोगी सार्वजनिक शौचालय (टॉयलेट ब्लॉक) विकसित किए जाएं और नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जाए। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक टाउन हॉल के पुनर्विकास की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इसका एक प्रमुख प्रवेश एवं निकास चांदनी चौक की ओर से भी विकसित किया जाए ताकि यह ऐतिहासिक इमारत एक प्रमुख विरासत एवं पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सके। बैठक में स्थानीय व्यापारियों व दुकानदारों के हितों का भी पूरा ध्यान रखने पर बल दिया गया ताकि विरासत संरक्षण और व्यापारिक गतिविधियों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके। मुख्यमंत्री का कहना था कि जब से चांदनी चौक का विकास हुआ है, तभी से यहां बाजार विकसित हुआ था, इसलिए इस बाजार का गौरव वापस लौटाने में यहां के बाजार, व्यापारियों व दुकानदारों का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि चादंनी चौक का विकास यहां के बाजारों, पर्यटकों, खरीदारों और स्थानीय निवासियों के हितों के ध्यान में रखकर किया जाना आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री ने शिक्षा और तकनीक से जुड़ी कई पहलों का किया शुभारंभ

**■ पांच विद्यार्थियों को दिए अमेरिका के एअर टिकट**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को सक्षम योजना के अंतर्गत शिक्षा और तकनीक से जुड़ी कई पहलों का शुभारंभ किया। उन्होंने शालीमार बाग विधानसभा स्थित राजकीय विद्यालय में देश के प्रथम एआई -इंटीग्रेटेड स्मार्ट स्कूल टॉयलेट का लोकार्पण किया। दिल्ली के सभी सरकारी विद्यालयों में स्टेम इनोवेशन लैब्स की शुरुआत और आधुनिक कंप्यूटर लैब और स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम का शुभारंभ किया।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज छात्राओं के लिए मेडिकल चेक-अप, आंखों की जांच, चश्मा वितरण, पेट के कीड़े निकालने की दवा (डीवॉर्मिंग) और मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत प्रतिभा को संसाधनों की सीमाओं से निकालकर अवसरों से जोड़ रहा है। इसी संकल्प के साथ सरकारी विद्यालयों के बच्चों तक विश्वस्तरीय शिक्षा, आधुनिक तकनीक और नवाचार के नए अवसर पहुंचाए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्टेम इनोवेशन लैब में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप पांच विद्यार्थियों को यूएसएसआरसी (यूनाइटेड स्टेट्स स्पेस एंड रॉकेट सेंटर) के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम के लिए अमेरिका यात्रा के एअर टिकट प्रदान किए गए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी।

**बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव**

# भाजपा के उम्मीदवार अभिषेक कुमार ने किया नामांकन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक कुमार सिन्हा बंटी ने समाहरणालय पहुंच गुरुवार को नामांकन किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अभिषेक कुमार ने बांकीपुर विधानसभा के कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि आपके अपार समर्थन और सहयोग से आपके मान-सम्मान को अक्षुण्ण रखते हुए, पूर्ण समर्पण के साथ बांकीपुर के प्रत्येक मतदाता की सेवा में स्वयं को समर्पित रखूंगा। नामांकन दाखिल करने से पूर्व अभिषेक कुमार सिन्हा ने अपने माता पिता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद कृष्णानगर (मंदिरी) स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं सिद्धिदात्री ज्वाला मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, हम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, लोजपा (रामविलास) से समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी सहित एनडीए के घटक दलों के अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऋण-जमा अनुपात सुधारने को लेकर मुख्यमंत्री ने बैंकर्स को दिए कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ राज्य का ऋण-जमा अनुपात राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए: धामी**




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में ऋण-जमा (सीडी) अनुपात बढ़ाने के लिए कम प्रदर्शन वाले जिलों में नियमित शिविर आयोजित करने और पात्र लोगों को समयबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने गुरुवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 97वीं बैठक में बैंकिंग सेवाओं, ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन और विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य के आर्थिक विकास में बैंकिंग क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बैंकों से किसानों, युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों और आम लोगों तक ऋण की पहुंच आसान बनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने बागेश्वर, पौड़ी, अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और टिहरी जिलों में कम ऋण-जमा अनुपात पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन, लीड बैंक और संबंधित विभागों के समन्वय से नियमित शिविर लगाने तथा पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य का ऋण-जमा अनुपात राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। यदि आवेदन में कोई कमी हो तो उसे तकनीकी आधार पर निरस्त करने के बजाय संबंधित व्यक्ति का मार्गदर्शन कर कमियां दूर कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में वार्षिक ऋण योजना के तहत लगभग 96 प्रतिशत और एमएसएमई क्षेत्र में 111 प्रतिशत उपलब्धि राज्य की आर्थिक प्रगति का संकेत है। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना-2.0, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना, होम-स्टे योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, पर्यटन और स्थानीय उत्पादों पर आधारित उद्यमों के लिए बैंकिंग सहयोग बढ़ाने तथा डिजिटल बैंकिंग और डिजिटल भुगतान को गांव-गांव तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने साइबर ठगी की रोकथाम के लिए हेल्पलाइन 1930 से भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों को जोड़ने का सुझाव दिया, ताकि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई हो सके। उन्होंने एसएलबीसी की बैठक से पहले उप समिति की नियमित बैठक आयोजित करने तथा स्वरोजगार, लघु उद्योग और एमएसएमई क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने पर भी बल दिया। इस अवसर पर डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव दिलीप जावलकर, नितेश झा, डॉ बी.वी. आर. सी पुरुषोत्तम, विनय शंकर पाण्डेय, एस.एन. पाण्डेय, श्रीधर बाबू अदांकी, धीराज गर्ब्याल, क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक अरविन्द कुमार, मुख्य महाप्रबंधक हर्ष कुमार गौतम, महा प्रबंधक नाबार्ड पंकज यादव, अध्यक्ष इन्डस्ट्रीज एसोसियेशन ऑफ उत्तराखंड पंकज गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक नई दिल्ली प्रभास बोस, महाप्रबंधक शैलेश कुमार, उप महाप्रबन्धक एसबीआई देहरादून राजीव रंजन, उप महाप्रबन्धक एसबीआई हल्द्वानी राजीव रंजन रतन, सहायक महाप्रबन्धक, एस.एल.बी.सी. उत्तराखंड शैलेन्द्र कुमार उनियाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## फाजिल्का में थाने का मुंशी नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार, चौकी प्रभारी व मुंशी निलंबित

चंडीगढ़। पंजाब के सीमावर्ती जिला फाजिल्का के पुलिस थाने में तैनात एक मुंशी को हेरोइन तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। फाजिल्का जिला के जलालाबाद क्षेत्र में इस कार्रवाई को मुक्तसर साहिब पुलिस ने अंजाम दिया है। इस गंभीर मामले पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सीनियर पुलिस अधिकारियों ने चौकी इंचार्ज और मुंशी दोनों को सस्पेंड कर दिया है। डीएसपी जलालाबाद गुरसेवक सिंह बराड़ ने बताया कि बीते दिन श्री मुक्तसर साहिब पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाया गया। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर उसमें सवार कुछ लोगों को हिरासत में लिया। जब कार की तलाशी ली गई, तो पुलिस टीम के होश उड़ गए। कार सवारों के कब्जे से 280 ग्राम हेरोइन और एक लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद की गई। पुलिस की इस कार्रवाई में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब पकड़े गए आरोपियों की पहचान हुई।

# पटियाला में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने जहर निगला, दो की मौत

चंडीगढ़। पंजाब के पटियाला में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य का इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार शहर की ऑफिसर कॉलोनी में रहने वाले विकास बातिश, उनकी पत्नी तमन्ना बातिश, बेटी खुशी बातिश और बेटा कनव बातिश ने बीती रात जहर निगल लिया। इसके बाद अचानक उनकी तबियत बिगडऩे लगी। इसके बाद लोगों ने उन्हें राजिंदरा अस्पताल पहुंचाया। यहां पर इलाज के बाद भी विकास बातिश और बेटी खुशी की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और दोनों की मौत हो गई। हालांकि, पत्नी तमन्ना और बेटा कनव का अभी इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है, डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। डीएसपी सिटी-1 संजीव सिंगला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घरेलू लेन-देन को लेकर विवाद की बात सामने आई है। घटना की सूचना बुधवार रात को अस्पताल से मिली। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और पूरे जांच की। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के सटीक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। सिंगला ने कहा कि अन्य साक्ष्यों भी पुलिस जुटा रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि घटना किन हालात में हुई।

# आगामी 13 जुलाई को डीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगी आशा कार्यकर्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बक्सर। बक्सर जिला आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ की आवश्यक बैठक पुरानी सदर अस्पताल परिसर में गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता आशा फैसिलिटेटर प्रमिला कुमारी ने की, जबकि संचालन जिला संयोजक सह राज्य उपाध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आवंटन उपलब्ध रहने के बावजूद जिले की कई आशा कार्यकर्ताओं और आशा फैसिलिटेटरों को प्रोत्साहन एवं पारितोषिक की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिमरी प्रखंड में अब तक एक भी भुगतान नहीं हुआ है, जबकि



अन्य प्रखंडों में भी आंशिक भुगतान किया गया है। साथ ही राज्य सरकार से मिलने वाली राशि तथा डिलीवरी एवं ऑपरेशन से जुड़े लाभार्थियों के भुगतान भी लंबे समय से लंबित हैं। बैठक में लंबित सभी मांगों का शीघ्र समाधान, लाभार्थियों को समय पर भुगतान, प्रोत्साहन राशि में हो रही देरी की जांच तथा दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। इन मांगों के समर्थन में संघ ने 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन करने और मांगपत्र सौंपने का निर्णय लिया। संघ ने जिले की सभी आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा फैसिलिटेटरों से अधिक से अधिक संख्या में नगर भवन, बक्सर के समीप पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में बिंदु देवी, अनु देवी, सरस्वती देवी, जामवंती देवी, प्रमिला देवी, विमला देवी, संजू देवी, पूनम देवी और उर्मिला देवी सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं।

# मुख्यमंत्री की खेल योजनाओं के तहत पिथौरागढ़ में 500 खिलाड़ियों का होगा चयन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन कार्यक्रम के प्रभावी संचालन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों योजनाओं के तहत कुल 500 खिलाड़ियों के चयन और ट्रायल कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 300 खिलाड़ियों (150 बालक एवं 150 बालिकाएं) का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को प्रतिमाह 1,500 रुपये की खेल छात्रवृत्ति मिलेगी। वर्ष 2022-23 से संचालित इस योजना से अब तक 1,198 खिलाड़ी लाभान्वित हो चुके हैं। इसी प्रकार मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत 14 से 23 वर्ष आयु वर्ग के कुल 200 खिलाड़ियों (100 बालक एवं 100 बालिकाएं) का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को प्रतिमाह 2 हजार छात्रवृत्ति तथा खेल उपकरण हेतु प्रतिवर्ष 10 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वर्ष 2023-24 से संचालित इस योजना के तहत अब तक 579 खिलाड़ियों को लाभान्वित किया जा चुका है। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के चयन ट्रायल विद्यालय स्तर पर 14 एवं 15 जुलाई, न्याय पंचायत स्तर पर 20 एवं 21 जुलाई, नगर पालिका, नगर निगम एवं विकास खंड स्तर पर 23 से 25 जुलाई तथा जिला स्तर पर 27 से 29 जुलाई 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन कार्यक्रम के चयन ट्रायल 03 अगस्त 2026 से नगर पालिका, नगर निगम एवं विकास खंड स्तर पर प्रारंभ होंगे। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने कहा कि दोनों योजनाएं प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध हो। जिला स्तर पर आयोजित प्रत्येक चयन ट्रायल की वीडियोग्राफी कराई जाएगी तथा किसी भी आपत्ति के निस्तारण के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक स्तर पर गठित चयन समितियों के सदस्यों को परिचय पत्र जारी किए जाएं। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी पात्र खिलाड़ी समय पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण khelouk.in पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराएं। इसके लिए क्यूआर कोड युक्त फ्लेक्सी जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों, तहसीलों, विकास खंड कार्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे।

# सुपौल नगर वासियों को मुख्य पार्षद की बड़ी सौगात, आधुनिक मुक्तिधाम में निशुल्क विद्युत शवदाह की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। सुपौल नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव की पहल से शहर वासियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मुक्तिधाम की सौगात मिली है।

यहां अत्याधुनिक विद्युत शवदाह गृह का संचालन शुरू कर दिया गया है, जहां निशुल्क दाह संस्कार की व्यवस्था की गई है। यह सुविधा विशेष रूप से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जिससे अंतिम संस्कार का आर्थिक बोझ काफी हद तक कम होगा। मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा ने बताया कि नगरवासियों को सम्मानजनक अंतिम विदाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना नगर परिषद की प्राथमिकता रही है। इसी उद्देश्य से मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय, पूजा-पाठ के लिए अलग स्थान, सुंदर एवं स्वच्छ पोखर, बैठने की समुचित




व्यवस्था तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूरे परिसर को इस तरह विकसित किया गया है कि यहां आने वाले लोगों को स्वच्छ और शांत वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि पहले शहर के कई लोग मुक्तिधाम के आसपास दिन में भी आने से कतराते थे, लेकिन अब परिसर पूरी तरह बदल चुका है। साफ-सफाई, हरियाली और बेहतर प्रकाश व्यवस्था के कारण अब लोग रात के समय भी यहां बैठकर बातचीत करते दिखाई देते हैं। यह बदलाव नगर परिषद के विकास कार्यों का प्रत्यक्ष उदाहरण बन गया है। मुख्य पार्षद ने जानकारी दी कि नगरवासियों की सुविधा के लिए निशुल्क शव वाहन की भी व्यवस्था की गई है। पहले लोगों को शव को काफी दूर तक कंधे पर ले जाना पड़ता था, लेकिन अब शव वाहन की सुविधा मिलने से अंतिम यात्रा अधिक सम्मानजनक और सुविधाजनक हो गई है। नगर परिषद द्वारा संचालित यह आधुनिक मुक्तिधाम आज सुपौल शहर के लिए एक नई पहचान बनता जा रहा है। आधुनिक विद्युत शवदाह गृह, निशुल्क दाह संस्कार, स्वच्छ परिसर, पूजा-पाठ की व्यवस्था और शव वाहन जैसी सुविधाओं के साथ यह मुक्तिधाम नगरवासियों को सम्मानजनक एवं सुगम अंतिम संस्कार की नई व्यवस्था प्रदान कर रहा है।

## तरनतारन में सब इंस्पेक्टर नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अपने ही विभाग के एक सब-इंस्पेक्टर को नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। राज्य के सीमावर्ती जिला तरनतारन में तैनात एसआई साहिब सिंह के पास से तीन सौ ग्राम हेरोइन तथा ड्रग मनी बरामद की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि उक्त सब इंस्पेक्टर कथित तौर पर अपनी वर्दी का दुरुपयोग करते हुए नशा तस्करी से जुड़ी गतिविधियों में शामिल है। इसी सूचना के आधार पर एसपी (इन्वेस्टिगेशन) रिपुतापन सिंह की अगुआई में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने जांच की कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान करीब 300 ग्राम हेरोइन और कथित ड्रग मनी की बरामदगी तरनतारन जिले के गांव मजूपुर के निवासी साहिब सिंह से जुड़े झबाल के पास स्थित एक अहाते से हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने साहिब सिंह को गिरफ्तार कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063